# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : शनिवार, 20 जून, 2026 | वर्ष -01 | अंक-124 | पृष्ठ-14 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


# दिल्ली से पटना की यात्रा मात्र साढ़े चार घंटे में : अश्विनी

## बिहार के रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए 10 हजार करोड़ दिये गए, तीसरी व चौथी रेल लाइन पर भी हो रहा काम

## छपरा-आनंद विहार सुपरफास्ट एक्सप्रेस को रेल मंत्री ने दिखाई हरी झंडी, बिहार में बुलेट ट्रेन लाने की घोषणा

### छपरा को मिली बड़ी रेल सौगात



**सारण (एनएसबी)।** सारण जिले के लोगों के लिए शुक्रवार का दिन तब ऐतिहासिक बन गया, जब केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने छपरा जंक्शन से आनंद विहार साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नई ट्रेन सेवा की शुरूआत से क्षेत्र में खुशी और उत्साह का माहौल देखा गया। लोगों ने इसे दिल्ली-एनसीआर से बेहतर रेल संपर्क की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इससे पहले पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव विशेष ट्रेन से छपरा पहुंचे और स्टेशन परिसर में आयोजित जनसभा को संबोधित किया।

रेल मंत्री ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, सांसद राजीव प्रताप रूडी, सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल तथा अन्य जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बिहार में रेलवे विकास को अभूतपूर्व गति मिली है। उन्होंने कहा कि पहले बिहार को रेलवे परियोजनाओं के लिए सीमित बजट मिलता था, लेकिन अब रेल बजट को बढ़ाकर 10 हजार करोड़ रुपये कर दिया गया है। रेल मंत्री ने कहा कि इस बढ़े हुए बजट का परिणाम पूरे बिहार में दिखाई दे रहा है। राज्य में नई रेल लाइनों का निर्माण, तीसरी और चौथी लाइन बिछाने का कार्य, रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) निर्माण तथा स्टेशनों के आधुनिकीकरण का काम तेजी से चल रहा है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बिहार के 98 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि वर्तमान में बिहार में 11 अमृत भारत एक्सप्रेस और 14 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का सफल संचालन हो रहा है। आने वाले वर्षों में बिहार को बुलेट ट्रेन परियोजना का भी लाभ मिलेगा। प्रस्तावित बुलेट ट्रेन कॉरिडोर लखनऊ-वाराणसी-पटना-सिलीगुड़ी मार्ग पर विकसित किया जाएगा। इसके पूरा होने के बाद दिल्ली से पटना की यात्रा मात्र चार घंटे 41 मिनट में पूरी हो सकेगी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से बिहार में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की रेलवे परियोजनाओं पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। राज्य को प्रतिवर्ष लगभग आठ से दस हजार करोड़ रुपये रेलवे विकास के लिए आवंटित किए जा रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप बिहार के 38 में से 36 जिले प्रभावी रूप से रेलवे नेटवर्क से जुड़ चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि रेलवे परियोजनाओं से राज्य में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और लोगों को बेहतर यातायात सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेल मंत्रालय का आभार जताते हुए कहा कि बिहार के समग्र विकास में रेलवे की महत्वपूर्ण भूमिका है। दोपहर लगभग 2:25 बजे केंद्रीय रेल मंत्री और मुख्यमंत्री ने संयुक्त रूप से नई ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नियमित परिचालन के तहत गाड़ी संख्या 12527 छपरा-आनंद विहार एक्सप्रेस प्रत्येक रविवार को रात 8:50 बजे छपरा से प्रस्थान कर अगले दिन दोपहर 2:00 बजे आनंद विहार टर्मिनस पहुंचेगी। वहीं गाड़ी संख्या 12528 आनंद विहार-छपरा एक्सप्रेस प्रत्येक सोमवार को शाम 4:25 बजे आनंद विहार से रवाना होकर अगले दिन सुबह 9:40 बजे छपरा पहुंचेगी। यह सुपरफास्ट ट्रेन बलिया, मऊ, आजमगढ़, शाहगंज, जौनपुर, सुल्तानपुर, लखनऊ, कानपुर सेंट्रल, अलीगढ़ और गाजियाबाद स्टेशनों पर ठहरेगी। नई रेल सेवा से छात्रों, किसानों, व्यापारियों, नौकरीपेशा लोगों और पर्यटकों को विशेष सुविधा मिलेगी तथा सारण क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास को नई गति मिलेगी। कार्यक्रम में सांसद राजीव प्रताप रूडी, सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, विधान परिषद सदस्य वीरेंद्र नारायण यादव, सच्चिदानंद राय, विधायक जनक सिंह, विनय सिंह, मनोरंजन सिंह उर्फ धुमल, छोटी कुमारी सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसके अलावा पूर्वोत्तर रेलवे एवं पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक, जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव, वरीय पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार तथा मंडल रेल प्रबंधक वाराणसी भी समारोह में मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), जीआरपी और जिला पुलिस के जवानों की व्यापक तैनाती की गई थी।

**दिल्ली के लिए नई ट्रेन सेवा से बढ़ी कनेक्टिविटी : अश्विनी**

### केंद्रीय रेल मंत्री ने 51 रेल इंजन को किया रवाना मढ़ौरा

**छपरा (एनएसबी)।** मढ़ौरा रेल इंजन फैक्ट्री में 51 वे रेल इंजन को हरी झंडी दिखाकर रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ,सांसद राजीव प्रताप रूडी,जनार्दन सिंह सीग्रीवाल आदि ने गिनी के लिए संयुक्त रूप से रवाना किया। इसके बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मढ़ौरा रेल फैक्ट्री से अब तक बिहार को जीएसटी राजस्व के रूप में करीब 1000 करोड रुपए प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में करीब 1 लाख 15 हजार करोड़ का काम चल रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### गोपालगंज में डांसर की गोली मारकर हत्या

गोपालगंज/पटना। गोपालगंज से हैरान कर देने वाली खबर सामने आई है। जिले में एक शादी समारोह में 32 साल के डांसर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। आरोप है कि कुछ लोगों ने उसे जबरदस्ती स्टेज से ले जाने की कोशिश की थी और उसने इसका विरोध किया था। कटैया पुलिस स्टेशन इलाके के पटोहवा गांव में गुरुवार देर रात वारदात को अंजाम दिया गया। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के महुआ पाटन गांव के रहने वाले सोनू गौड़ के तौर पर हुई है।

### वैशाली में ठनका गिरने से महिला समेत 3 की मौत

**हाजीपुर।** राघोपुर प्रखंड के जुड़ावनपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को ठनका गिरने से बड़ा हादसा हो गया।अलग-अलग स्थानों पर हुई घटनाओं में एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं एक युवक गंभीर रूप से झुलस गया, जिसका इलाज चल रहा है। घटना के बाद पूरे इलाके में मातम का माहौल है। मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भारी भीड़ घटनास्थल पर जुट गई।

### 56 साल के हुए राहुल मनाया गया जन्मदिन

**नई दिल्ली ।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी आज 56 साल के हो गए। वह प्रियंका गांधी के साथ दिल्ली



स्थित कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन पहुंचे। यहां उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका, कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में केक काटकर जन्मदिन मनाया। उनका जन्म 19 जून 1970 को दिल्ली में हुआ था। राहुल के जन्मदिन पर पीएम नरेंद्र मोदी, कांग्रेस नेता शशि थरूर, मल्लिकार्जुन खड़गे और इंडिया ब्लॉक के कई नेताओं ने शुभकामनाएं दीं। दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय के बाहर बर्थ-डे के पोस्टर लगाए गए।

# टेलीग्राम पर नीट का फर्जी पेपर बेचने वाला गिरफ्तार

## राजस्थान में अमेरिकी नेटवर्क यूज कर रहा था



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टेलीग्राम पर रोक के बाद भी राजस्थान के भीलवाड़ा से ठएएळ का फर्जी पेपर बेचने की कोशिश की गई है। इस मामले में पुलिस एक स्टूडेंट को हिरासत में लिया है। आरोपी टेलीग्राम का इस्तेमाल अमेरिका के वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क (VPN) के जरिए कर रहा था। उसके टेलीग्राम चैनल का नाम पेपर माफिया है। उधर, टेलीग्राम पर नीट री-एग्जाम तक रोक जारी रहेगी। दिल्ली हाईकोर्ट ने टेलीग्राम की केंद्र सरकार के फैसले के खिलाफ लगाई याचिका खारिज कर दी। केंद्र ने 16 जून को टेलीग्राम पर 22 जून तक रोक लगाने का आदेश दिया था। वहीं, नीट री-एग्जाम को ध्यान में रखते हुए वेस्टर्न रेलवे ने परीक्षा केंद्रों पर जाने वाले स्टूडेंट्स के लिए तीन स्पेशल ट्रेनें चलाने की घोषणा की है। ये स्पेशल ट्रेनें गुजरात और महाराष्ट्र के मुख्य रूटों पर चलेंगी, जिनमें स्लीपर और जनरल कोच होंगे। नीट परीक्षा को सुरक्षित बनाने के लिए शनिवार सुबह 9 बजे से लेकर रात तक मॉक ड्रिल चलाई जाएगी। NTA ने सभी एग्जाम सेंटर्स को पहले ही अपने हैंडओवर में ले लिया है।

**टेलीग्राम पर रोक जारी रहेगी : दिल्ली हाईकोर्ट**

# पाटलिपुत्र नाम से आधुनिक टाउनशिप का सपना होगा साकार : मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री ने 286 करोड़ की 157 विकास योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास



**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में रिमोट के माध्यम से नगर विकास एवं आवास विभाग की 286 करोड़ रुपए की लागत से 157 महत्वपूर्ण विकास योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इसके अन्तर्गत 239 करोड़ रुपए लागत की 114 योजनाओं का उद्घाटन तथा 47 करोड़ रुपए की 43 योजनाओं का शिलान्यास कार्य शामिल है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार को और सुंदर बनायेंगे, इसके लिये सरकार लगातार कार्य कर रही है। पटना नगर निगम, पटना स्मार्ट सिटी लिमिटेड एवं बुडको द्वारा कार्यान्वित कई योजनाओं का आज उद्घाटन एवं शिलान्यास किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पटना देश के सबसे प्राचीन और गौरवशाली शहरों में से एक है तथा इसकी ऐतिहासिक पहचान को आधुनिक विकास के साथ जोड़ने के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। अमृत 2.0 के तहत 11.44 करोड़ रुपए की वेस्ट टू वन्डर थीम पर आधारित लोकनायक जय प्रकाश नारायण पार्क का शिलान्यास किया गया है, जिसमें लोकनायक जय प्रकाश नारायण की जीवनी भी चित्रित की जाएगी। उन्होंने कहा कि नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत पटना के अधिकाधिक घरों को सीवरेज नेटवर्क से जोड़ने का कार्य तेजी से किया जा रहा है, जिससे गंगा नदी की स्वच्छता के साथ-साथ शहरी स्वच्छता को भी बढ़ावा मिलेगा। शहरी सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से पूरे शहर में स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप सब्जी हाट योजना लागू की जाएगी, जिससे नागरिकों को बेहतर बाजार सुविधाएं उपलब्ध होंगी और यातायात व्यवस्था भी सुगम बनेगी।

**पटना स्मार्ट सिटी के लिए मुख्यमंत्री ने दी करोड़ों की योजनाओं की सौगात**

### स्टार्टअप व उद्योग के लिये होगा बिहार टेक पोर्टल का निर्माण

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव शुक्रवार को राजीवनगर स्थित सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क ऑफ इंडिया (एसटीपीआई) में आईटी इंडस्ट्री स्टार्टअप संगठनों के लोगों के साथ आयोजित संवाद कार्यक्रम में शामिल हुये। कार्यक्रम के दौरान आईएमजेड कॉरपोरेट के अस्मित सिंह, टाइगर कंपनी के प्रशांत कुमार, नीरो जीआईएफ के अस्मित राज, आईटी एसोसिएशन फेडरेशन के नवीन गुप्ता, हाईप्रोटेक के अभिषेक कुमार आदि ने अपने-अपने अनुभव और सुझाव रखे। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं सीएम सम्राट चौधरी ने उन्हें सुना और उनके सुझावों को उचित प्लेटफॉर्म प्रदान करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुये सीएम ने कहा कि स्टार्टअप और उद्योग के लिये बिहार टेक पोर्टल का निर्माण किया जायेगा, इससे बिहार के विकास और गति मिलेगी।

**आईटी इंडस्ट्री स्टार्टअप संगठनों के साथ संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम और रेल मंत्री**

### पटना के बाहर बनेगा आधुनिक कोंचिंग हब

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बड़ा फैसला लिया है। मुख्यमंत्री ने ऐलान किया है कि पटना से सभी कोचिंग सेंटर्स को बाहर किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने नगर विकास विभाग के एक शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान ऐलान किया कि छात्रों की सुरक्षा और सुविधा के लिए शहर के बाहर एक नया अत्याधुनिक कोचिंग हबह्ल विकसित किया जाएगा। सरकार इस योजना पर तेजी से काम कर रही है ताकि शिक्षा का माहौल शांत रहे और राजधानी को अतिक्रमण से मुक्ति मिले।

# बीपीएससी दारोगा मेन्स परीक्षा का रिजल्ट जारी

**पटना (एनएसबी)।** बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग ने दरोगा (सब-इंस्पेक्टर) भर्ती मुख्य लिखित परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया है।27 मई 2026 को हुई इस परीक्षा के आधार पर कुल 1,799 पदों पर भर्ती की जानी है। मुख्य परीक्षा में सफल 10,759 अभ्यर्थियों को अब शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए चयनित किया गया है। दरोगा भर्ती की मुख्य लिखित परीक्षा 27 मई 2026 को दो पालियों में आयोजित की गई थी। परीक्षा में सामान्य हिन्दी और सामान्य अध्ययन के दो पेपर शामिल थे। सामान्य हिन्दी में न्यूनतम 30 प्रतिशत अंक लाना अनिवार्य था। सामान्य हिन्दी पेपर में 34,302 अभ्यर्थी शामिल हुए थे, जिनमें से 414 अभ्यर्थियों को विभिन्न कारणों से अयोग्य घोषित किया गया। वहीं 33,726 अभ्यर्थी न्यूनतम अर्हता प्राप्त करने में सफल रहे। सामान्य अध्ययन पेपर में 34,298 अभ्यर्थी शामिल हुए, जिनमें 998 अभ्यर्थी अयोग्य पाए गए। बिहार पुलिस में दरोगा के कुल 1,799 पदों पर भर्ती की जाएगी। इनमें 850 पद अनारक्षित, 273 अत्यंत पिछड़ा वर्ग, 222 पिछड़ा वर्ग, 210 अनुसूचित जाति, 180 आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, 42 पिछड़ा वर्ग महिला, 15 अनुसूचित जनजाति और 7 पद ट्रांसजेंडर अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित हैं। महिलाओं के लिए 614 पद क्षैतिज रूप से आरक्षित हैं।

**10,759 अभ्यर्थी पीईटी के लिए चयनित**

# पीएम ने 15 लाख युवाओं को 2400 करोड़ रुपए दिए

## दुनिया आज भारत की युवा शक्ति की चर्चा कर रही है : प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम-विकसित भारत रोजगार योजना के तहत 2,400 करोड़ रुपए का इंसेंटिव वितरण किया। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने युवाओं से संवाद भी किया। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज यहां इस कार्यक्रम से जुड़े युवा साथियों में मुझे भारत के उज्ज्वल भविष्य की तस्वीर दिखाई दे रही है।



उन्होंने कहा कि मैं अभी कुछ ही घंटे पहले फ्रांस और स्लोवाकिया की यात्रा से लौटा हूं। जी-7 में विकसित देशों के दिग्गज नेताओं से मिला हूं। दुनिया आज भारत की युवा शक्ति की चर्चा कर रही है। भारत के टैलेंट, स्किल और पोटेंशियल की चर्चा सुदूर तक हो रही है। दुनिया भारत के युवाओं की क्षमता को भलीभांति पहचानने लगी है। ऐसे समय में हमारी कोशिश है कि भारत का हर युवा अपनी क्षमता को अवसर में बदल सके, और इसी सोच के साथ 'पीएम विकसित भारत रोजगार योजना' का आरंभ हुआ। पीएम मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना, यह इससे कहीं आगे बढ़कर पहली नौकरी पाने वाले युवा के सपनों को शक्ति देने वाली योजना है। यह युवा और उद्योगों के बीच एक मजबूत सेतु बनाने वाली योजना है। प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के तहत अब तक लगभग 70 लाख नौकरियां सृजित की जा चुकी हैं। पहली बार कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा का सहारा भी दिया गया है। लगभग 20 लाख युवा अपनी नई नौकरियों में छह महीने पूरे कर चुके हैं, और इनमें से 10 लाख को योजना के लाभार्थी के रूप में प्रोत्साहन राशि प्राप्त हुई है। लगभग 2,000 करोड़ रुपए सीधे उनके खातों में जमा किए गए हैं। यह राशि केवल वित्तीय सहायता नहीं है, बल्कि उनके परिश्रम की पहचान और सराहना है। उन्होंने कहा कि ये आंकड़े और अनुभव बताते हैं कि जब सरकार, युवा और उद्योग एक साथ आगे बढ़ते हैं, तो रोजगार निर्माण की गति कई गुना बढ़ जाती है। पीएम विकसित भारत रोजगार मेला योजना, इसी नए भारत की पहचान है। एक ऐसा भारत, जहां युवा को अवसर मिले, उद्योग को प्रोत्साहन मिले और रोजगार निर्माण एक राष्ट्रीय अभियान बन जाए। विकसित भारत का रास्ता युवाओं के सपनों, उनके कौशल और उनके सामर्थ्य से होकर जाता है। भारत जैसे युवा देश में अवसरों के स्रोत जितने अधिक होंगे, युवाओं के सपनों को उतनी ही अधिक उड़ान मिलेगी।

# IAS योगेश सागर व अभिलाषा के घर पर छापा



**पटना (एनएसबी)।** टेंडर घोटाला मामले में जांच एजेंसियां तेजी से एक्शन ले रही हैं। मामले में विभागीय कार्रवाई का सामना कर रहे आईएएस योगेश सागर और अभिलाषा शर्मा के ठिकानों पर शुक्रवार को स्पेशल विजिलेंस यूनिट ने रेड की है।

ये छापेमारी पटना के अलग-अलग ठिकानों पर हो रही है। योगेश सागर के गर्दनीबाग स्थित आईएएस कॉलोनी के मकान नंबर ई-2/10 पर एसवीयू की टीम सुबह से ही जांच में जुटी हुई है। इसके अलावा अभिलाषा कुमारी शर्मा के नेहरू पथ स्थित आवास पर भी जांच एजेंसी ने दबिश दी है।अभिलाषा शर्मा की आवास पर ताला लगा था। स्टॉफ के रूम से होते हुए एसयूवी की टीम अंदर गई है। छापेमारी के दौरान अभिलाषा शर्मा और योगेश सागर घर पर नहीं मिले। इसके अलावा मातृसवा इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक पवन कुमार के एसके विहार कॉलोनी, बेउर स्थित आवास पर भी एसवीयू की टीम पहुंची। यहां भी तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। कंपनी और सरकारी टेंडरों से जुड़े दस्तावेजों की जांच की जा रही है। आरोप है कि दोनों अधिकारियों ने रिशु श्री की कंपनियों को टेंडर देने में काफी मदद की है। इसके एवज में मोटी कमीशन मिली। ईडी की रिपोर्ट और एसवीयू में प्राथमिकी के बाद ही बिहार सरकार ने दोनों आईएएस अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया था।फिलहाल रिशु श्री पिछले 3 दिनों से पुलिस रिमांड पर है। टेंडर घोटाला को लेकर उससे पूछताछ चल रही है। सूत्रों की मानें तो उसने कई राज उगले हैं। इसी आधार पर आज छापेमारी चल रही है।

# भरत तिवारी एनकाउंटर की न्यायिक जांच हो और जिम्मेदार अधिकारियों पर हत्या का मामला चलाया जाए : राजद

**पटना/ एनएसबी ।** राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने भोजपुर जिले के बिलौटी गांव में हुए भरत तिवारी एनकाउंटर मामले को लेकर बिहार सरकार और पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। गगन ने बताया कि उपलब्ध साक्ष्य से स्पष्ट है कि यह कोई वास्तविक पुलिस मुठभेड़ नहीं, बल्कि सुनियोजित हत्या का मामला है। उन्होंने कहा कि घटना की उच्चस्तरीय न्यायिक जांच कराई जाए ताकि सच्चाई सामने आ सके और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई हो। राजद प्रवक्ता आरोप लगाया कि पुलिस अपनी कार्रवाई को सही ठहराने के लिए एनकाउंटर की कहानी पेश कर रही है। लाइव वीडियो में स्पष्ट दिखाई पड़ रहा है कि भरत तिवारी ने अपने हाथ का पिस्टल पुलिस के सामने फेंक कर निहत्थे आत्मसमर्पण कर दिया है। जिसे पुलिस खुद मानसिक रूप से अस्वस्थ करार देता है फिर उसके एनकाउंटर का क्या औचित्य है। भरत तिवारी का कोई अपराधिक रेकार्ड भी नहीं है। वह तो आमलोगों की समस्याओं को लेकर आवाज उठाते रहा हैघ । पिछले दो साल से जवनिया गांव जो पूरा गंगा नदी में चला गया था उसके निदान के लिए वह अधिकारीयों से मिल मिल कर ऊब चुका था। अधिकारीयों के झूठे वादों के कारण उसका सिस्टम से विश्वास उठ चुका था। जिसकी प्रतिक्रिया ने उसे गैरकानूनी तरीके अपनाने को मजबूर कर दिया। अपनी मांगों पर ध्यान आष्ट कराने के लिए उसके द्वारा जो तरीके अपनाए गए उसे किसी भी रूप में सही नहीं कहा जाएगा। पर जिस प्रकार से उसकी हत्या की गई है इसे कतई स्वीकार नहीं किया जा सकता।



चित्तरंजन गगन ।

# टोकियो हासेगावा का व्याख्यान एवं स्टोन म्यूजिक की अनूठी प्रस्तुति

**जापान के प्रख्यात कला संरक्षक टोकियो हासेगावा का पटना संग्रहालय में हुआ सम्मान**

**मिथिला चित्रकला के संरक्षण, संवर्धन एवं वैश्विक पहचान पर साझा किए विचार**

**स्टोन म्यूजिक की अनूठी प्रस्तुति ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध**

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार सरकार के अंतर्गत पटना संग्रहालय में जापान के प्रख्यात कला संरक्षक एवं मिथिला चित्रकला के वैश्विक संवाहक टोकियो हासेगावा के सम्मान में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मंत्री, कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार सरकार डा. प्रमोद कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर बिहार संग्रहालय के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह, कला एवं संस्कृति विभाग के सचिव प्रणव कुमार, पटना संग्रहालय के अपर निदेशक अशोक कुमार सिन्हा सहित अनेक गणमान्य अतिथि, कलाकार, शोधार्थी एवं कला प्रेमी उपस्थित रहे।

अपने संबोधन में मंत्री डा प्रमोद कुमार ने कहा कि मिथिला चित्रकला को वैश्विक पहचान दिलाने में टोकियो हासेगावा का योगदान ऐतिहासिक और अविस्मरणीय है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1980 में मिथिला चित्रकला से प्रभावित होकर वे जापान से मधुबनी पहुंचे और वहां के कलाकारों के साथ मिलकर इस कला को विश्व पटल पर स्थापित करने का संकल्प लिया। उनके अथक प्रयासों के कारण मिथिला चित्रकला को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली और बिहार की इस लोककला का गौरव विश्वभर में बढ़ा।



कार्यक्रम का उद्घाटन मंत्री, कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार सरकार डा. प्रमोद कुमार द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कला एवं संस्कृति विभाग के सचिव प्रणव कुमार ने भी टोकियो हासेगावा के योगदान की सराहना की और मिथिला चित्रकला को वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित करने में उनकी भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

इससे पहले स्वागत भाषण में पटना संग्रहालय के अपर निदेशक अशोक कुमार सिन्हा ने टोकियो हासेगावा के जीवन, संघर्ष और मिथिला चित्रकला के संरक्षण एवं संवर्धन में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि श्री हासेगावा का जीवन समर्पण और सांस्कृतिक प्रतिबद्धता का अद्भुत उदाहरण है। मिथिला चित्रकला को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने में उनकी भूमिका सदैव स्मरणीय रहेगी।

अपने वक्तव्य में टोकियो हासेगावा ने मिथिला चित्रकला से जुड़े अपने दशकों पुराने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि मिथिला चित्रकला केवल एक कला शैली नहीं, बल्कि बिहार की संस्कृति, लोकजीवन और परंपराओं का जीवंत दस्तावेज है। उन्होंने भारत और जापान के बीच सांस्कृतिक संबंधों को और अधिक सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण टोकियो हासेगावा एवं उनकी टीम द्वारा प्रस्तुत 'स्टोन म्यूजिक' रहा। पत्थरों से उत्पन्न ध्वनियों पर आधारित इस अनूठी संगीत प्रस्तुति ने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रस्तुति के माध्यम से प्रति, संगीत और मानव जीवन के बीच अद्भुत सामंजस्य का संदेश दिया गया, जिसकी दर्शकों ने मुक्त कंठ से सराहना की।

## खबरें खास-खास

# भरत तिवारी प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच एवं दोषियों पर कार्रवाई की मांग

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** भोजपुर जिले के शाहपुर प्रखंड अंतर्गत बिलौटी गांव निवासी नवयुवक स्वर्गीय भरत भूषण तिवारी की मृत्यु की घटना अत्यंत दुःखद, हृदयविदारक एवं लोकतांत्रिक मूल्यों को शर्मसार करने वाली है। इस घटना से पूर्व मंत्री अश्विनी चौबे अत्यंत व्यथित एवं मर्माहत है। प्राप्त जानकारी एवं सार्वजनिक रूप से



पूर्व मंत्री अश्विनी चौबे अत्यंत व्यथित एवं मर्माहत है।

उपलब्ध वीडियो के आधार पर यह गंभीर प्रश्न उठता है कि यदि भरत तिवारी ने आत्मसमर्पण कर दिया था, तो उसके साथ कानून सम्मत प्रक्रिया का पालन क्यों नहीं किया गया। लोकतंत्र में हिंसा एवं कानून को हाथ में लेने की किसी भी परिस्थिति में अनुमति नहीं दी जा सकती। प्रत्येक नागरिक को न्यायपूर्ण सुनवाई एवं विधिसम्मत कार्रवाई का अधिकार प्राप्त है। पूर्व मंत्री अश्विनी चौबे ने कहा- मैं देश के गृह मंत्री अमित शाह से आग्रह करता हूं कि इस मामले का संज्ञान लेते हुए निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच का आदेश दें तथा यदि किसी स्तर पर पुलिस प्रशासन की भूमिका संदिग्ध पाई जाती है तो दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही मैं बिहार सरकार से भी मांग करता हूं कि इस पूरे प्रकरण की पारदर्शी जांच कराई जाए, ताकि सत्य जनता के समक्ष आ सके और समाज में किसी प्रकार का गलत संदेश न जाए। कानून का राज तभी स्थापित होगा जब दोषी चाहे किसी भी पद पर हों, उनके विरुद्ध निष्पक्ष कार्रवाई की जाए। युवाओं को अपराध के मार्ग से दूर रखना तथा उन्हें न्यायपूर्ण व्यवस्था पर विश्वास दिलाना सरकार एवं समाज दोनों की जिम्मेदारी है। किसी भी व्यक्ति के साथ न्यायिक प्रक्रिया से इतर व्यवहार न केवल कानून के शासन पर प्रश्नचि खड़ा करता है, बल्कि आम जनमानस के विश्वास को भी कमजोर करता है। बाहर रहने के कारण मैं दिनांक 22 जून 2026 को स्वर्गीय भरत भूषण तिवारी के गांव पहुंचकर शोकाकुल परिजनों से भेंट करूंगा तथा अपनी संवेदनाएं व्यक्त करूंगा। मैं दिवंगत भरत तिवारी की आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिवार को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना करता हूं।

## खबरें : एक नजर में

### सम्राट सरकार में हुए सभी एनकाउंटर की निष्पक्ष न्यायिक जांच हो : अरुण यादव

**पटना/ एनएसबी।** राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव ने कहा एनडीए सरकार अपनी सरकार की ध्वस्त कानून व्यवस्था पर पर्दा डालने के लिए एनकाउंटर और हाफ एनकाउंटर करने की पूरी छूट पुलिस प्रशासन को दे रखी है। बिहार में कानून का राज स्थापित करने की बात करने वाली सरकार गोली का राज स्थापित करने में लगी हुई है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि अपराध और अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन संविधान और कानून की सीमाओं के अंदर। अपराध नियंत्रण के नाम पर एनकाउंटर पूरी तरह गैरकानूनी है। यदि कोई व्यक्ति अपराधी है तो उसे गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाए और कानून के अनुसार कठोर से कठोर सजा दिलाए सरकार। लोकतंत्र में सजा अदालत तय करती है, न कि सरकार की गोली। राजद प्रवक्ता ने कहा कि सम्राट सरकार में हुए सभी एनकाउंटर और हाफ एनकाउंटर की निष्पक्ष न्यायिक जांच हो और दोषी अधिकारियों पर कठोर से कठोर कार्रवाई हो।



अरुण कुमार यादव।

### पूर्व विधायक को लारेंस बिश्नोई के नाम पर मिली जान से मारने की धमकी

**पटना/ एनएसबी।** आरजेडी के पूर्व विधायक डा. मुकेश रौशन को कुख्यात लारेंस बिश्नोई गैंग के नाम पर जान से मारने की धमकी दी गई है। अज्ञात नंबर से लगातार व्हाट्सएप और रेगुलर कल कर उन्हें टारगेट किया जा रहा है। पूर्व विधायक ने अगमकुंआ थाना में मामला दर्ज कराया है। एसएसपी को मामले से अवगत कराया गया है। पूर्व विधायक को धमकी देने वाला अज्ञात शख्स खुद को लरेंस बिश्नोई गैंग का सक्रिय सदस्य बता रहा है। अपराधी द्वारा ड़ा मुकेश रौशन के मोबाइल पर लगातार व्हाट्सएप काल और रेगुलर वायस काल किए जा रहे हैं। काल करने वाला व्यक्ति बेहद आक्रामक लहजे में बात कर रहा है और बिश्नोई गैंग का खौफ दिखाकर पूर्व विधायक को गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दे रहा है। पुलिस धमकी वाले नंबर के काल डिटेल्स रिकार्ड और टावर लोकेशन को खंगालने में जुट गई है। यह पता लगाया जा रहा है कि यह नंबर किसके नाम पर रजिस्टर्ड है और कल कहाँ से आपरेट की जा रही है।

# पैक्सों के माध्यम से धान बीज उत्पादन का पायलट प्रोजेक्ट शुरू, छह जिलों में होगी शुरुआत

दैनिक नवसंदेश

**पटना।** राज्य में गुणवत्तापूर्ण बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा किसानों को कम लागत पर बेहतर बीज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सहकारिता विभाग ने खरीफ वर्ष 2026-27 में पैक्सों के माध्यम से धान बीज उत्पादन का कार्य पायलट प्रोजेक्ट के रूप में प्रारंभ करने का निर्णय लिया है। इस योजना की शुरुआत राज्य के छह जिलों - रोहतास, कैमूर, औरंगाबाद, गया, भोजपुर एवं सिवान में की जाएगी।

सहकारिता विभाग द्वारा जारी निर्देश के अनुसार, राष्ट्रीय सहकारी बीज समिति (बीबीएसएसएल) की सदस्यता प्राप्त पैक्सों को इस योजना से जोड़ा जाएगा। योजना का मुख्य उद्देश्य किसानों को गुणवत्तापूर्ण प्रमाणित बीज उपलब्ध कराना तथा बीज उत्पादन के क्षेत्र में सहकारी संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है।

कृषि विभाग द्वारा पूर्व से संचालित बिहार राज्य बीज निगम (बीआरबीएन) एवं बिहार स्टेट सीड ऑर्गेनिक सर्टिफिकेशन एजेंसी (बसोका) के सहयोग से बीज उत्पादन की प्रक्रिया संचालित की जाएगी। इसके लिए बसोका में निबंधित किसानों की सूची संबंधित जिलों को उपलब्ध कराई गई है, जिसके आधार पर चयनित प्रखंडों में पैक्सों के माध्यम से बीज उत्पादन का कार्य कराया जाएगा।

सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा कि बिहार में सहकारिता के माध्यम से षि क्षेत्र को नई दिशा देने की दिशा में यह सहकारिता विभाग की एक महत्वपूर्ण पहल है। पैक्सों को केवल धान अधिप्राप्ति तक सीमित न रखकर उन्हें किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण का केंद्र बनाया जा रहा है। बीज उत्पादन के क्षेत्र में पैक्सों की भागीदारी से किसानों को स्थानीय स्तर पर प्रमाणित एवं गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध होंगे, जिससे उत्पादन लागत घटेगी और उपज में वृद्धि होगी।



सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव।

सहकारिता विभाग ने संबंधित जिलों के जिला सहकारिता पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे जिला षि पदाधिकारियों तथा भारतीय बीज सहकारी समिति के साथ समन्वय स्थापित कर निर्धारित कार्ययोजना के अनुरूप समयबद्ध ढंग से बीज उत्पादन कार्य संपादित कराना सुनिश्चित करें। सहकारिता विभाग की इस पहल से राज्य में बीज उत्पादन के क्षेत्र में सहकारी संस्थाओं की भूमिका सुढ़ होगी तथा किसानों को स्थानीय स्तर पर उच्च गुणवत्ता वाले धान बीज उपलब्ध हो सकेंगे। भविष्य में योजना के सफल परिणामों के आधार पर इसे राज्य के अन्य जिलों में भी विस्तारित किया जा सकेगा।

**सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा है कि बीज उत्पादन के क्षेत्र में पैक्सों की भागीदारी से किसानों को होगी सहूलियत**

**पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर खरीफ वर्ष 2026-27 में पैक्सों के माध्यम से धान बीज उत्पादन का कार्य शुरू होगा**

**राज्य के छह जिलों रोहतास, कैमूर, औरंगाबाद, गया, भोजपुर एवं सिवान के लिए है यह योजना**

**बिहार राज्य बीज निगम और बसोका के सहयोग से बीज उत्पादन की प्रक्रिया संचालित होगी**

# संकल्प से सिद्धि की ओर बढ़ता बिहार, हर क्षेत्र में विकास की रफ्तार हुई तेज : जद (यू)

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** जद (यू) प्रदेश प्रवक्ता हिमराज राम एवं प्रदेश प्रवक्ता परिमल कुमार ने जारी बयान में कहा कि नीतीश कुमार ने अपने शासनकाल के दौरान विकसित बिहार बनाने का जो संकल्प लिया था आज राज्य की मौजूदा एनडीए सरकार उन संकल्पों को पूरा करने का काम कर रही है। बिहार आज नीतीश कुमार के विकासोन्मुख सोच के साथ प्रगति, सुशासन और जनकल्याण के नए मानक स्थापित कर रहा है। राज्य की वर्तमान एनडीए सरकार की नीतियों और योजनाओं का केंद्रबिंदु समाज के हर वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ते हुए बिहार को शिक्षा, रोजगार और आत्मनिर्भरता की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना है।



हिमराज राम।

बिहार में विकास की यह यात्रा केवल आधारभूत संरचनाओं के निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि युवाओं के भविष्य को सशक्त बनाने, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने और रोजगार के नए अवसर सृजित करने की व्यापक सोच का परिणाम है। इसी दृष्टि से सात निश्चय-3 के तहत राज्य में नए डिग्री कालेजों की स्थापना, मॉडल स्कूलों का निर्माण, कौशल प्रशिक्षण केंद्रों का विस्तार, आधुनिक ग्रीनफील्ड टाउनशिप के विकास तथा एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस जैसे महत्वाकांक्षी कदम उठाए जा रहे हैं। राज्य सरकार का उद्देश्य बिहार के युवाओं को बदलती वैश्विक अर्थव्यवस्था और तकनीकी युग की चुनौतियों के अनुरूप तैयार करना है। शिक्षा और कौशल विकास के क्षेत्र में किए जा रहे निवेश से नई पीढ़ी को बेहतर अवसर प्राप्त होंगे, वहीं उद्योगों को प्रोत्साहन देने वाली नीतियां राज्य में निवेश और रोजगार के नए रास्ते खोल रही हैं। पर्यटन क्षेत्र के विकास, हरित पहल और आधारभूत सुविधाओं के विस्तार से बिहार की अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा मिल रही है तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकास का वास्तविक अर्थ तभी सार्थक होता है जब उसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। इसी सोच के साथ सरकार गांवों से लेकर शहरों तक विकास की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू कर रही है।

# बिहार पर्यटन बंगाल टूरिज्म फेस्ट में कर रहा सहभागिता

**पटना / एनएसबी ।** बिहार पर्यटन विभाग कोलकाता स्थित खुदीराम अनुशीलन केंद्र में 19 से 21 जून तक आयोजित बंगाल टूरिज्म फेस्ट में सहभागिता कर रहा है। यह आयोजन 'एसोसिएशन ऑफ टूरिज्म सर्विस प्रोवाइडर्स ऑफ बंगाल' द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक राजेश रोशन के नेतृत्व में बिहार पर्यटन विभाग द्वारा राज्य के प्रमुख धार्मिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं विरासत पर्यटन स्थलों का समुचित प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। विभाग के प्रदर्शनी स्टॉल पर बिहार की पर्यटन संभावनाओं, पर्यटन परिपथों, बौद्ध, जैन, सिख तथा रामायण सर्किट सहित राज्य की विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान से संबंधित प्रचार सामग्री आगंतुकों के लिए उपलब्ध कराई जा रही है।



बिहार पर्यटन बंगाल टूरिज्म फेस्ट में कर रहा है सहभागिता।

इस सहभागिता का उद्देश्य बिहार को एक प्रमुख राष्ट्रीय पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करना, संभावित पर्यटकों, टूर ऑपरेटरों तथा यात्रा व्यवसाय से जुड़े हितधारकों के बीच राज्य की पर्यटन संपदा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा अंतर्राज्यीय पर्यटन सहयोग को सुदृढ़ करना है। कोलकाता जैसे महत्वपूर्ण महानगर में आयोजित इस प्रकार के पर्यटन आयोजन बिहार की पर्यटन छवि को व्यापक स्तर पर प्रस्तुत करने के लिए उपयोगी मंच प्रदान करते हैं।

बिहार पर्यटन विभाग का मानना है कि ऐसे आयोजनों में सहभागिता से राज्य में धार्मिक पर्यटन, विरासत पर्यटन, सांस्तिक पर्यटन तथा अवकाश पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, इससे पश्चिम बंगाल सहित पूर्वी भारत के पर्यटकों के बीच बिहार के विविध पर्यटन स्थलों के प्रति आकर्षण और अधिक सुदृढ़ होगा। विभाग ने आमजन, पर्यटन व्यवसाय से जुड़े प्रतिनिधियों तथा यात्रा प्रेमियों से बिहार पर्यटन स्टल का अवलोकन करने और राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत एवं पर्यटन संभावनाओं की जानकारी प्राप्त करने का आग्रह किया है।

# पदभार ग्रहण करने के बाद सिटी एसपी ममता कल्याणी ने पुलिस बंदोबस्ती का जायजा लिया

**पटना / एनएसबी।** वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय शर्मा के निर्देशानुसार जिले में अपराध नियंत्रण तथा विधि-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पटना पुलिस द्वारा सभी थाना क्षेत्रों में सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार की संध्या में ममता कल्याणी, नगर पुलिस अधीक्षक (मध्य), पटना द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्रों के चिन्हित महत्वपूर्ण स्थलों पर संचालित वाहन जांच अभियान का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को वाहन जांच की प्रभावशीलता बढ़ाने तथा विधि-व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



# नीट परीक्षा के मद्देनजर रविवार को कुम्हरार बापू परीक्षा केंद्र के क्षेत्र की बदली रहेगी यातायात व्यवस्था

**पटना / एनएसबी।** रविवार को नीट परीक्षा के मद्देनजर यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। ट्रैफिक एसपी सागर कुमार के मुताबिक धनुकी मोड़ से पटना शहर की ओर आने वाले सभी अटो और ई-रिक्शा अब जीरो माइल, न्यू बाईपास, भूतनाथ रोड होते हुए ओल्ड बाईपास की ओर संचालित किए जाएंगे।

भारी एवं मालवाहक वाहनों (बस, पिकअप आदि) के लिए मार्गः धनकी मोड़ से आने वाले वाहनः धनकी मोड़ से पटना शहर की ओर आने वाले सभी बड़े वाहन, मालवाहक वाहन, बस और पिकअप आदि न्यू बाईपास मीठापुर मार्ग से होकर अपने गंतव्य की ओर जा सकेंगे।

करबिगहिया की ओर से आने वाले वाहनः करबिगहिया की तरफ से आने वाले भारी एवं मालवाहक वाहन मीठापुर न्यू बाईपास होते हुए अपने गंतव्य स्थल की ओर प्रस्थान करेंगे।

मोईनुल हक स्टेडियम की ओर से बस और मालवाहक वाहनों को बहादुरपुर आरओबी की ओर जाने की अनुमति नहीं होगी।

ये सभी वाहन वैकल्पिक मार्ग के रूप में वैशाली गोलंबर, राजेंद्र नगर पुल से 90 फीट रोड होते हुए अपने निर्धारित गंतव्य स्थल की ओर जा सकेंगे। ट्रैफिक एसपी ने सभी परीक्षार्थियों से कहा है कि वे परीक्षा केंद्र पर समय से पहुँचने के लिए बदले हुए रूट प्लान को ध्यान में रखकर ही घर से निकलें। आम नागरिकों और वाहन चालकों से अनुरोध है कि वे यातायात सुचारू रूप से चलाने में पटना पुलिस का सहयोग करें।

जीपीओ से चिरैयाटांड़ पुल की ओर भी भारी वाहनों (बस और पिकअप) के परिचालन की अनुमति नहीं होगी। इस मार्ग से जाने वाले सभी भारी वाहनों को वैकल्पिक मार्ग प्रदान किया गया है। ये सभी वाहन अब मीठापुर न्यू बाईपास होते हुए अपने गंतव्य की ओर जा सकेंगे

# श्रावणी मेला के दौरान श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करायेगा विभाग : निशांत

**कांवरिया पथ पर स्थापित होंगे स्वास्थ्य शिविर, एम्बुलेंस सेवाएं रहेंगी उपलब्ध**

**पटना / एनएसबी।** श्रावणी मेला के सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। श्रद्धालुओं को मेले के दौरान गुणवत्तापूर्ण, सुलभ एवं त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभाग द्वारा सभी संबंधित जिलों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इसके तहत स्वास्थ्य सुविधाओं को सुढ़ करने, अस्थायी स्वास्थ्य शिविरों की स्थापना, चिकित्सकीय मानव संसाधन की उपलब्धता तथा आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया है। स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने कहा कि 30 जुलाई से प्रारंभ होने वाले श्रावणी मेला के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं की व्यापक व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की तैनाती, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता, एम्बुलेंस सेवाओं तथा आपदा प्रबंधन संबंधी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

स्वास्थ्य विभाग ने बांका, भागलपुर, जमुई, मुंगेर, मुजफ्फरपुर, सारण, वैशाली, दरभंगा, पूर्वी चम्पारण, जहानाबाद, लखीसराय, मधुबनी, समस्तीपुर एवं सिवान सहित श्रावणी मेला से जुड़े सभी जिलों के सिविल सर्जनों को निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में की जा रही तैयारियों का विस्तृत प्रतिवेदन विभाग को उपलब्ध कराएं। साथ ही सुल्तानगंज-देवघर कांवरिया पथ एवं राज्य के अन्य प्रमुख मेला क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है।

विभागीय निर्देशों के अनुसार कांवरिया मार्ग एवं प्रमुख मेला क्षेत्रों में प्रत्येक दो से तीन किलोमीटर की दूरी पर अस्थायी स्वास्थ्य शिविर स्थापित किए जाएंगे, ताकि श्रद्धालुओं को आवश्यकता पड़ने पर तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध हो सके। इन शिविरों में चिकित्सक, एएनएम, पारा मेडिकल कर्मी एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी तैनात रहेंगे। साथ ही प्राथमिक उपचार, आवश्यक दवाओं एवं चिकित्सा उपकरणों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।

आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के लिए एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस एवं बेसिक लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस की पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी। सभी जिलों को अस्थायी स्वास्थ्य शिविरों की संख्या, चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों की उपलब्धता, दवाओं के भंडारण तथा एम्बुलेंस सेवाओं से संबंधित अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराने एवं विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया गया है।

# पटना का नाम पाटलिपुत्र करने की मुख्यमंत्री की घोषणा का हो रहा स्वागत

**इस आंदोलन के पुरोधा रहे डा अनिल सुलभ ने बधाई दी और शीघ्र कार्यान्वयन के लिए किया आग्रह**

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** विगत जून को फुलवारी शरीफ के एक आयोजन में बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा पटना का नाम पाटलिपुत्र करने की हुई घोषणा से नगरवासी ही नहीं बिहार के सभी सुबुद्ध नागरिक हर्षित हैं। इस सदी के आरम्भ में ही, पाटलिपुत्र जागरण अभियान समिति के तत्वावधान में, पटना का नाम परिवर्तन कर, पाटलिपुत्र करने हेतु चलाए गए जन-आंदोलन के अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए, मुख्यमंत्री को बधाई देते हुए, अभियान समिति और पटना के नागरिकों की ओर से कृतज्ञता ज्ञापित की है तथा इसके शीघ्र कार्यान्वयन का आग्रह किया है।

मुख्य मंत्री को लिखे बधाई और स्वागत पत्र में डा सुलभ ने स्मरण दिलाया है कि पूरे संसार में पहली बार किसी नगर के नाम-परिवर्तन का आंदोलन इसी नगर में, हमसे पूर्व, पिछली सदी के वें दशक में सेना से अवकाश प्राप्त सेनाध्यक्ष मेजर जनरल एस के सिन्हा ने आरम्भ किया था। उस समय भी नगर का व्यापक समर्थन मिला, किंतु इसकी परिणति नहीं हो पायी। जेनरल सिन्हा राज्यपाल बना दिए गए और वह आंदोलन वहीं समाप्त हो गया। पटना का नाम परिवर्तित कर पाटलिपुत्र करने के आंदोलन आरम्भ होने के पश्चात देश और दुनिया के अनेक नगरों, यहाँ तक कि देशों के नाम बदले गए, किंतु संसार का सबसे प्राचीन जन-अभिलाषा की पूर्ति आज तक नही हो पायी है। अपने प्रदेश में भी गया, गयाजी हुआ, पर पटना, अबतक पाटलिपुत्र नहीं हो सका, जबकि यह सर्वाधिक पात्रता रखने वाला नगर है। वास्तव में एक हजार वर्षों का पाटलिपुत्र का गौरवशाली इतिहास ही भारत का स्वर्णिम इतिहास है। डा सुलभ ने उन्हीं दिनों लिखे गए अपने आलेख कब आजाद होगा पाटलिपुत्र की प्रति भी पत्र के साथ संलग्न की है।

स्मरणीय है कि डा सुलभ की अध्यक्षता में इस अभियान समिति ने पटना के विभिन्न सभागारों में ही नहीं, अपितु नुक्कड़-नुक्कड़ पर जन-सभाएँ की थी, जिसे सभी वर्गों, संप्रदायों और विचारों के लोगों का अभूतपूर्व समर्थन प्राप्त हुआ था। नगर के सभी महवपूर्ण स्थलों पर बड़े-बड़े होर्डिंग लगाकार इस मांग के समर्थन में सहयोग और सरकार से निर्णय के लिए अनुरोध किया गया था। इस जन-आंदोलन से नगर के हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, सभी धर्मो के लोग, प्रबुद्ध जन, शिक्षाविद, साहित्यकार और सभी दलों के राजनेता जुड़े हुए थे। त्रिपुरा के पूर्व राज्यपाल प्रो सिद्धेश्वर प्रसाद, बिहार विधान परिषद के तत्कालीन सभापति प्रो अरुण कुमार, पटना विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डा एस एन पी सिन्हा, मगधविश्वविद्यालय के कुलपति मेजर बलबीर सिंह भसीन, बिहार अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष जनाब हारुन रशीद, कैथोलिक ऐसोशिएशन ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष अनिल सेसिल साह आदि बड़ी संख्या में विभिन्न समुदाय के लोग सम्मिलित थे। इस आंदोलन का समर्थन आगे चलकर बिहार के तत्कालीन राज्यपाल महामहिम आर एस गवई ने भी की थी और इस हेतु मुख्यमंत्री जी को पत्र भी लिखा था।



डा अनिल सुलभ।

बिहार विधान परिषद में इस हेतु सदन के सदस्य आजाद गाँधी ने एक संकल्प भी लाया था, जिस पर सदन में उपस्थित अनेक मंत्रियों ने एक साथ खड़े होकर यह आश्वासन दिया था कि पटना का विस्तार कर एक महानगर बनाया जा रहा है, जिसका नाम पाटलिपुत्र रखा जाएगा, जिसके आलोक में सरकार के आग्रह पर संकल्प वापस लिया गया था। सरकार की ओर से आश्वासन देने वालों में तत्कालीन मंत्री नन्द किशोर यादव (नागालैंड के वर्तमान राज्यपाल), प्रेम कुमार ( बिहार विधान सभा के वर्तमान अध्यक्ष), अश्विनी चौबे (पूर्व केंद्रीय मंत्री), जनार्दन सिंह सिग्रिवाल (वर्तमान सांसद) सम्मिलित थे।

इस आश्वासन से आश्वस्त होकर पाटलिपुत्र जागरण समिति इतनी प्रसन्न और निश्चिन्त हुई कि अपने आगे के सारे कार्यक्रम स्थगित कर सरकार के आश्वासन के पूरे होने की प्रतीक्षा करने लगी। आजतक प्रतीक्षारत है।

इस बीच में इस जागृति-आंदोलन का एक लाभ अवश्य मिला कि नूतन परिसीमन में लोकसभा क्षेत्र का नाम अवश्य बदला और पाटलिपुत्र लोक सभा क्षेत्र अस्तित्व में आया। एक नव-निर्मित रेलवे स्टेशन का नाम पाटलिपुत्र हुआ।

## संक्षिप्त खबरें

### पत्नी को गोली मारकर हत्या करनेवाले पति समेत तीन गिरफ्तार

**जाले (एनएसबी)।** कमतौल थाना क्षेत्र के ब्रह्मपुर गांव में ग्यारह जुन को ससुराल पक्ष द्वारा बहु को गोली मार देने का एक मामला प्रकाश में आया था जिसको लेकर कमतौल थाना में दहेज प्रताड़ना , उत्पीड़न और गोली मारकर हत्या करदेने का आरोप लड़की पक्ष द्वारा लगाया गया। जिसके ,आलोक में कमतौल क्षेत्र के पदाधिकारी सघन छापामारी कर रहे थे और ससुराल पक्ष के लोग फरार चल रहे थे। जबकि घटनास्थल से पांच खोखा बरामद हुई थी। लड़की के सर में तीन गोली लगी थी। डीएसपी एस के सुमन ने बताया की इस क्रम में अबतक तीन लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। जिसमें पति शिशिर भरद्वाज के अलावा सुमन भरद्वाज और एन ठाकुर शामिल है। शिशिर अपराधी प्रवृति का है उसपर पूर्व में भी कुछ मामला दर्ज है। पति शिशिर ने स्वयं अपराध कबुल लिया है और विवाद में गोली चल जाने की बात कही है। उसके निशानदेही पर पटना से घटना में प्रयुक्त पेस्तौल बरामद किया जा चुका है। पति समेत तीनों अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। मालुम हो की लड़की पक्ष के अनुसार मृतिका साक्षी और शिशिर प्रेम विवाह किया था जो शिशिर के परिवार के लोगों को स्वीकार नहीं था। वह बार बार दहेज की मांग कर रहे थे और साक्षी का शारीरिक मानसिक उत्पीड़न कर रहा था। इसी क्रम में दहेज की रकम नहीं देने पर हत्या कर दिया। यद्यपि शिशिर भरद्वाज स्वयं गोली चलाने की बात कबुल कर ली है फिर भी नामजदों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है।

### दो व्यक्ति को ट्रक ने कुचला एक कि घटना स्थल पर मौत

**कुशेश्वरस्थान/एनएसबी।** प्रखंड अंतर्गत कछुआ गांव में सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति कि घटना स्थल पर मौत हो गई दुसरे व्यक्ति को निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार संध्या करीब 6 बजे बेरि चौक से आ रही ट्रक ने कछुआ गांव में अन्यन्त्रीत होकर कई व्यक्ति को कुचलते हुए भाग रहा था। ग्रामीणों ने खदेड़ कर ट्रक को पकड़ लिया। वहीं ड्राइवर खलासी को पकड़ कर घर में बंद कर दिया गया है। खबर मिलते ही कुशेश्वरस्थान पुलिस मौके पर पहुंच गई है। कुचले हुए व्यक्ति कछुआ निवासी बहादुर राय को घटना स्थल पर मौत हो गई। वहीं दुसरा व्यक्ति एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। समाचार लिखे जाने तक लाश को सड़क पर रखकर जाम कर दिया गया। ग्रामीणों का कहना था कि जब तक वरिय पदाधिकारी नही आएंगे तब तक लाश को नही उठाने देंगे।

### जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाने वाले जननायक हैं राहुल गांधीः मो. असलम

**दरभंगा (एनएसबी)।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी के 56वें जन्मदिवस पर बिहार प्रदेश कांग्रेस के डेलीगेट मो. असलम ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं दीं। मो. असलम ने कहा कि राहुल गांधी देश में लोकतंत्र, सामाजिक न्याय, संविधान और जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाने वाले जननायक हैं। उन्होंने उनके स्वस्थ, दीर्घायु एवं सफल जीवन की कामना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में देश में भाईचारा, समानता और लोकतांत्रिक मूल्यों को और मजबूती मिलेगी।

### शिक्षा शास्त्री प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित, अब पंजीयन की प्रक्रिया करनी होगी पूरी

**दरभंगा (एनएसबी)।** बीआर अंबेडकर विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर ने शिक्षाशास्त्री संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2026 का परिणाम घोषित कर दिया है। इसमें करीब 95 फीसदी बच्चे सफल हुए हैं। अब जल्द ही च्वाइस फिलिंग एवं आनलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए शीघ्र तिथि घोषित की जाएगी। नामांकन पूर्व चयनित बच्चों की काउंसिलिंग भी होगी। उक्त जानकारी देते हुए पीआरओ डॉ निशिकांत ने बताया कि पूरे प्रदेश में कामेश्वर सिंग दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय में ही शिक्षा शास्त्र विभाग संचालित है और इसके लिए बच्चों को यहीं नामांकन लेने के लिए प्रक्रिया परिपूर्ण करनी होगी। वहीं, विश्वविद्यालय के नोडल पदाधिकारी डॉ.रामसेवक झा ने बताया कि शिक्षाशास्त्री प्रवेश परीक्षा -2026 में लदनियां, मधुबनी के रामदेव कुमार स्कोर -104 के साथ टॉपर बना है। वहीं, अंकित कुमार, अभिलाषा कुमारी, किशलय आनंद, साहेब कुमार, अमित कुमार रौशन, अनन्या प्रीतम, मृत्युंजय कुमार, अनिकेत कुमार, मो. फिरोज ने टॉप टेन में अपना स्थान बनाया है।

### राहुल गांधी के जन्मदिन पर बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण

**दरभंगा(एनएसबी)।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी पंचायती राज विभाग के तत्वधान में कटहलवाड़ी में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सांसद व विपक्ष के नेता राहुल गांधी का 56वा जन्मदिवस मनाया गया इस अवसर पर बच्चों के बीच कॉपी पेंसिल व बिस्कुट का वितरण किया। मौके पर प्रदेश कांग्रेस पंचायती राज विभाग के पूर्व महासचिव अमरेंद्र कुमार अमर ने कहा की 2029 के आम चुनाव में राहुल गांधी के नेतृत्व मे भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, महँगाई, पेपर लीक, महिला सुरक्षा व राम मंदिर में चढ़ावा चोरी मामले पर नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए गठबंधन को सत्ता से बेदखल करेंगे। मौके पर सुशील कुमार सिंह,विजय कुमार महासेठ,डॉक्टर महेश कुमार पासवान,वकील अहमद,संजय कुमार पासवान(मुनचुन),राकेश महतो,सुरेंद्र लाल कर्ण,ऋषभ कुमार,चंदन कुमार,मोहम्मद इलियास,मोहम्मद नासिर, राजकुमार, विवेकानंद झा, आनन्द कुमार प्रमुख थे।

### घनश्यामपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

**मुहर्रम पर्व को लेकर प्रशासन ने दिए सख्त निर्देश**

**घनश्यामपुर (एनएसबी)।** थाना परिसर में शुक्रवार को आगामी मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने की, जिसमें शांति समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि और विभिन्न गांवों के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।बैठक में मुहर्रम के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने और सामाजिक सौहार्द कायम रखने पर विशेष चर्चा हुई।



थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने स्पष्ट निर्देश दिए कि मुहर्रम जुलूस में डीजे के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। किसी भी धारदार हथियार का प्रयोग नहीं किया जाएगा। बैठक में धीरेन्द्र झा, चंदन ठाकुर, शंकर झा, फेकन कामती, हसन जाहिद मिठू, नौशाद आलम, मो जहांगीर, मोहम्मद शहादत अल्ली, मोहम्मद ताज, यूसुफ, मोहम्मद परवेज, गौपाल कुमार, राहुल झा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

### जदयू के जिला सचिव अरुण महतो के निधन पर माधव झा ने किया शोक व्यक्त

**दरभंगा (एनएसबी)।** दरभंगा महानगर जनता दल यूनाइटेड के अध्यक्ष माधव झा ने जद यू के वरिष्ठ नेता जनता दल यूनाईटेड दरभंगा नगर के जिला सचिव अरुण कुमार महतो के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। माधव झा ने कहा कि उनके निधन से राजनीतिक और समाजिक क्षेत्रों में अपूरणीय क्षति हुई है। साथ मे मेरी व्यक्तिगत क्षति भी हुई है। सामाजिक कार्यों और संगठन के प्रति उनका समर्पण सदैव अनुकरणीय रहेगा। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोकाकुल परिजनों को संबल दें। उन्होंने उनके अंतिम दर्शन कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की!

### 12 सितंबर को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर हुई बैठक

**दरभंगा/एनएसबी।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार दरभंगा अजय कुमार शर्मा के निर्देश पर 12 सितंबर को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव आरती कुमारी ने प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक ग्राम कचहरी में लंबित सुलह योग्य मामलों के निपटारे को लेकर तैयारी करें। मुकदमों का चयन कर पक्षकारों को नोटिस जारी करें। उन्हें संबंधित ग्राम कचहरी के प्रतिनिधियों के जरिए लोक अदालत के फायदों से अवगत करायें। ग्रामीण स्तर पर प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी भी संबंधित ग्राम कचहरी को दें। उन्होंने कहा कि ग्राम कचहरी के साथ साथ न्यायालयों में लंबित शमनीय मुकदमों, बैंक ऋण, क्लेम केस, बिजली, माप तौल आदि विभागों के मामलों को भी सुलझाये जाने की जानकारी लोगों को दिलायें।

# दरभंगा एयरपोर्ट से नाइट लैंडिंग सिस्टम की शीघ्र होगी शुरूआत : डा गोपाल जी ठाकुर

**रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ से मिले सांसद, कहा जल्द होगी समस्या दूर**

**दरभंगा (एनएसबी)।** नई दिल्ली में केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से दरभंगा के सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने भेंट की तथा दरभंगा एयरपोर्ट से यात्री विमानों के नाइट लैंडिंग परिचालन शीघ्र प्रारंभ किए जाने पर विस्तार से चर्चा की। सांसद ने कहा दरभंगा एयरपोर्ट स्टेशन पर एमएएफआई माफी योजना -2 योजना से लगे कैट -2 का उपयोग यात्री विमान परिचालन हेतु भी हो सके इस हेतु दरभंगा एयरफोर्स स्टेशन अविलंब अनापत्ति प्रमाण पत्र तथा अन्य औपचारिकता को पूरा कर किया जाना



केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से मिलते सांसद डॉक्टर गोपाल जी ठाकुर।

आवश्यक है। जहाँ देश के अन्य सभी एयरबेस पर वॉच आवर सुबह 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक है जबकि दरभंगा एयरबेस पर वॉच समय कम होने से दरभंगा एयरपोर्ट पर यात्री विमान का नाइट लैंडिंग प्रारंभ नहीं हो सका तथा वॉच आवर बढ़ाने के बाद नाइट लैंडिंग की सुविधा शुरू करने में कोई भी तकनीकी परेशानी नहीं होगी।

सांसद ने कहा 24 एकड़ में चल रहे नाइट लैंडिंग एवं 912 करोड़ की लागत से बन रहे सिविल इंक्लेव का काम चल रहा है जिसमें तेजी लाने की आवश्यकता है ताकि समय पर एयरपोर्ट के निमार्णाधीन नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन तथा लोकार्पण किया जा सके। इस एयरपोर्ट पर नाइट लैंडिंग के लिए नौ सौ मीटर में बने इंफ्राक्कर, छह सौ मीटर में मिट्टी भराई का काम तीन तरफ से दिवाल, बगल में पक्की सड़क,, लेवलिंग ग्रेडिंग आदि सभी निमार्णाधीन कार्यों को लगभग पूरा कर लिया गया है तथा अब लाइट लैंडिंग की शुरूआत किए जाने में किसी भी प्रकार की तकनीकी रूप से दिक्कते नहीं है। दरभंगा एयरपोर्ट पर नाइट लैंडिंग की सुविधा के उपलब्ध नहीं होने के कारण यात्रियों को सर्दियों के मौसम कोहरे की स्थिति और कम दृश्यता के कारण कभी विमानों के परिचालन को रद्द करना पड़ता है तो कभी बीच रास्ते से ही उसे डायवर्ट करना पड़ता है। सांसद डा ठाकुर ने बताया कि केंद्रीय राज्य मंत्री ने आश्वस्त किया है कि शीघ्र ही उनके द्वारा दरभंगा आकर इस एयरपोर्ट से नाइट लैंडिंग की सुविधा की शुरूआत की जाएगी।

# जिलाधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान ऑन स्पॉट करवाया कई समस्याओं का समाधान



लोगों की समस्याओं को सुनते जिलाधिकारी कौशल कुमार।

**दरभंगा (एनएसबी)।** बिहार सरकार के निश्चय पार्टझ्र3 सबका सम्मान जीवन आसान कार्यक्रम के अंतर्गत जिलाधिकारी कौशल कुमार की अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष मे जन सुनवाई हुई। जिलाधिकारी परिवादियों को सम्मान के साथ बैठाकर बड़े धैर्य से उनके समस्याओं को सुना और समाधान का प्रयास किए। उन्होंने स्वयं अपने मोबाइल के माध्यम से समाधान के लिए अधिकारी को महत्वपूर्ण निर्देश दिए । यहां तक की उन्होंने परिवादियों का मोबाइल नंबर लेते हैं और समाधान के संबंध में उन्हें घर बैठे जानकारी दी जाती है। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट कहा है कि परिवादियों को बार-बार ऑफिस का चक्कर नहीं लगवायें । उनकी समस्याओं का समाधान ससमय करना सुनिश्चित करें। यह सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। आज आयोजित जनसुनवाई में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए 39 नागरिकों ने समस्याएँ जिलाधिकारी के समक्ष रखें। जिलाधिकारी ने सभी आवेदनों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा उनके समाधान के लिए संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस दौरान जनप्रतिनिधियों से भी मुलाकात कर उनसे प्राप्त सुझावों पर चर्चा की गई।जनसुनवाई के दौरान कई आवेदनों पर विस्तृत सुनवाई की गई। इनमें से आधे से अधिक मामलों को मौके पर ही समाधान कर दिया गया और शेष आवेदनों के संबंध में संबंधित अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई करने का निर्देश दिया और कहा कि मोबाइल के माध्यम से परिवादियों को समाधान के संबंध में बताना सुनिश्चित करें।

# हो सती मैया जय हो दुखिया बाबा के नाम मंत्र से परारी में शुरू हुआ नवाह

**बिरौल प्रखंड के परारी सतीस्थान में नौ दिनों नाम संकीर्तन नवाहयज्ञ हुआ आरम्भ**

**दरभंगा(एनएसबी)।** जीवन मे धर्म का का अहम स्थान है। लोगों में बढ़ रही ईर्ष्या द्वेष लोभ मोह हिंसा की बढ़ रही प्रवृति को रोकने के लिए कलियुग में नाम संकीर्तन का जाप ही सबसे बड़ा माध्यम है। गौराबौराम विधानसभा के परारी सतीस्थान में नौ दिनों तक चलने वाले नाम संकीर्तन नवाहयज्ञ की विधिवत शुरूआत करते हुए स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने उपर्युक्त विचार व्यक्त किए। सांसद डा ठाकुर ने अपने पैतृक गांव परारी सतीस्थान में स्थानीय विधायक सुजीत कुमार सिंह केवटी विधायक डा मुरारी मोहन झा स्थानीय जिलाध्यक्ष विनय पासवान सहित हजारों श्रद्धालुओं तथा जनप्रतिनिधियों के बीच नवाह यज्ञ की महत्ता तथा सती मैया के प्रभावों पर चर्चा करते हुए कहा कि वर्षो से प्रत्येक वर्ष नौ दिनों तक इस तरह का आयोजन किया जाता है ताकि समाज में सद्विचार का प्रचार प्रसार हो सके।



नवाह यज्ञ में भाग लेते सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर, विधायक डॉ मुरारी मोहन झा, विधायक सुजीत कुमार सिंह एवं अन्य।

विधायक डा मुरारी मोहन झा तथा सुजीत कुमार सिंह ने इस तरह के धार्मिक अनुष्ठान के लिए आयोजनकताओं की सोच की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की भावना मजबूत होती है।मौके पर स्थानीय मंडल अध्यक्ष हीरा ठाकुर, घनश्याम राय मनीष ठाकुर मनीष झा प्रभाकर ठाकुर माधव झा वत्स रंजीत झा प्रदीप प्रधान सहित अन्य श्रद्धालु मौजूद थे।

# मुहर्रम को लेकर अलीनगर थाना में शांति समिति की बैठक, सौहार्द बनाए रखने की अपील

**अलीनगर/एनएसबी।** मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को अलीनगर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस इंस्पेक्टर मुरलीधर साह ने की। इस दौरान उन्होंने अखाड़ा समितियों एवं गणमान्य लोगों से पर्व के दौरान संभावित समस्याओं और आवश्यक व्यवस्थाओं पर चर्चा की।

बैठक में उपस्थित लोगों ने बताया कि क्षेत्र में किसी प्रकार की विशेष समस्या नहीं है। हालांकि, सभी ने डीजे पर प्रतिबंध का सख्ती से पालन कराने तथा नशीले पदार्थों के अड्डों पर पुलिस की विशेष निगरानी रखने की मांग की, ताकि कोई भी असामाजिक तत्व माहौल खराब न कर सके। प्रतिनिधियों ने बताया कि अलीनगर के पांचों अखाड़ों की ताजियों का मिलान विभिन्न गांवों की कुल 12 ताजियों के साथ हाट मैदान में होता है, जहां स्थानीय स्तर पर निगरानी और व्यवस्था की जाती है। साथ ही पकड़ी, मनहर, हरियठ एवं मिजार्पुर सहित अन्य संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की आवश्यकता बताई गई। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार शर्मा ने सभी अखाड़ा समितियों से निर्धारित एवं पारंपरिक मार्गों से ही जुलूस निकालने की अपील की तथा प्रशासन का सहयोग करने का आग्रह किया।

बैठक में राजद नेता तारिक सफी, प्रमुख प्रतिनिधि राजीव कुमार यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष चौधरी यादव, सरपंच कमरुद्दीन आजाद, पूर्व मुखिया मोकीत नवाज, डॉ. अरुण कुमार यादव, प्रभू पासवान, शाहिद हाशमी, कमरे आलम नैयर, रोहित सदा, मो. दस्तगीर, जमीरउद्दीन, अरशे आजम, छेदी मुखिया, मो. कमाल, मो. मुराद, प्रमोद कुमार मुखिया, इम्तियाज आलम, शंभू पंडित सहित कई जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे।

# कथा- साहित्य के प्रति रुचि जागृत कराने में देवकीनंदन बाबू का विशेष योगदान : प्रो उमेश कुमार

**दरभंगा (एनएसबी)।** विश्वविद्यालय हिन्दी विभाग के तत्वावधान में बाबू देवकीनन्दन खत्री की जयंती के अवसर पर दो- दिवसीय परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो उमेश कुमार ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रो कुमार ने कहा कि आधुनिक समय में हिन्दी साहित्य के अंतर्गत विविध विधाओं के विकास के क्रम में कथा-साहित्य के प्रति रुचि जागृत कराने में देवकी नंदन बाबू का विशेष योगदान रहा है। उन्होंने हिन्दी भाषा को जिस सहजता से प्रस्तुत किया कि वह आम आदमी की भाषा बनी। यही कारण है कि तत्कालीन समय से आज तक हिन्दी लोकप्रिय भाषा बनी रही है। यह दूसरी बात है कि जासूसी और ऐय्यारी उपन्यासों अथवा कथा-साहित्य की जगह यथार्थवादी साहित्य को अधिक महत्व दिया जाता है, परंतु उसकी नींव में देवकी बाबू का ही साहित्य है जिसके प्रभाव में लाखों पाठक शामिल रहे हैं। रोमांचकारी और मनोरंजक कथाकार देवकी बाबू की लेखन शक्ति काफी प्रभावशाली रही है।कार्यक्रम का प्रारंभ उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि से हुआ। परिचर्चा कार्यक्रम का संचालन शोधार्थी बेबी कुमारी एवं कंचन ने किया।उन्होंने कहा कि चंद्रकांता और चंद्रकांता संतति उपन्यासों के माध्यम से रोमांच जगाने का कार्य भी उन्हीं के द्वारा प्रारंभ हुआ था। शोधार्थी अपर्णा, शोधार्थी सूफिया खातून, मलय नीरव आदि ने उनकी रचनाओं पर प्रकाश डाला। शोधार्थी सुभद्रा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।



देवकी बाबू के चित्र पर माल्यार्पण करते प्रो उमेश कुमार एवं शोधार्थीगण।

# चुन्नी डीहवार में सामुदायिक भवन का उद्घाटन, राज्यसभा सांसद धर्मशीला गुप्ता ने दी विकास की सौगात

**दरभंगा (एनएसबी)।** सांसद क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत चुन्नी डीहवार स्थान पर निर्मित सामुदायिक भवन का उद्घाटन राज्यसभा सांसद डॉ. धर्मशीला गुप्ता द्वारा किया गया। वित्तीय वर्ष 2025-26 में लगभग 13.99 लाख रुपये की लागत से निर्मित इस भवन का निर्माण ग्रामीणों की सामाजिक एवं सांस्कृतिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कराया गया है।

उद्घाटन के अवसर पर प्रदेश भाजपा मुख्यालय प्रभारी दिलीप मिश्रा, मंदिर के पुजारी, स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सांसद डॉ. धर्मशीला गुप्ता ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार और जनसुविधाओं का विकास उनकी प्राथमिकता है। सामुदायिक भवन के निर्माण से क्षेत्र में सामाजिक, धार्मिक एवं सार्वजनिक कार्यक्रमों के आयोजन में लोगों को बेहतर सुविधा मिलेगी।



उद्घाटन करते सांसद डॉ. धर्मशीला गुप्ता।

स्थानीय लोगों ने सांसद के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह भवन क्षेत्र के विकास और सामाजिक गतिविधियों को नई गति प्रदान करेगा। उद्घाटन समारोह उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# सफाई कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल 11वें दिन भी रही जारी

**बेनीपुर (एनएसबी)।** बेनीपुर नगर परिषद में चल रही सफाई कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल गुरुवार को 11वें दिन भी जारी रही। हड़ताल समाप्त कराने के लिए स्थानीय प्रशासन की कोशिशें जारी रहीं, पर सफाई कर्मी किसी भी अधिकारी से बात करने को तैयार नहीं हुए।नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी प्रथम पुष्पांकर व एसडीओ मनीष कुमार झा ने बुधवार और गुरुवार को प्रयास किए, पर वार्ता सफल नहीं हो सकी। सफाई कर्मी संघ के अध्यक्ष मार्शल राम ने कहा कि उनकी मांगे पूरी किए बिना हड़ताल समाप्त नहीं होगी। उन्होंने बताया कि कर्मचारी अपने मसलों के समाधान के बिना काम पर लौटेंगे नहीं।कार्यपालक पदाधिकारी प्रथम पुष्पांकर ने कहा कि नगर परिषद को अभी तक सफाई कर्मियों द्वारा हड़ताल पर जाने या उनकी मांगों का कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। इसके बावजूद प्रशासन ने हड़ताल समाप्त करने का आवाहन किया और वार्ता के लिए बुलाने की पेशकश की, लेकिन कर्मचारी किसी भी प्रस्ताव को स्वीकार नहीं कर रहे हैं। हड़ताल के कारण नगर परिषद के मुख्य बाजार और कई वार्डों में कचरे के ढेर लगे हुए हैं और उससे उठ रही बदबू से स्थानीय जनता परेशान है। व्यापारियों और रहवासी हैंड-सैनिटेशन व सार्वजनिक स्वच्छता की स्थिति के बिगड़ने को लेकर चिंता जताते हुए प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि खुले में पड़े कूड़े से बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है, इसलिए शीघ्र समाधान आवश्यक है।

नगर परिषद की ओर से फिलहाल सफाई व्यवस्था को सामान्य करने के वैकल्पिक इंतजामों, निजी ठेकेदारों या अस्थायी कर्मचारियों की शुरूआत जैसी संभावनाओं पर भी विचार किया जा रहा है, परंतु किसी आधिकारिक निर्णय की जानकारी अभी सामने नहीं आई है। हड़ताल और वार्ता की आगामी स्थिति पर नगर परिषद व कर्मचारी संघ के बीच होने वाले अगले संवाद पर निर्भर करेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### नौकरी के झांसे में बंधक बने 105 युवक-युवतियों को पुलिस ने कराया मुक्त



**समस्तीपुर (एनएसबी)।** समस्तीपुर पुलिस ने नेटवर्क मार्केटिंग की आड़ में कथित तौर पर बंधक बनाकर काम कराने वाले रैकेट का पदार्फाश किया है। इस क्रम में पुलिस ने मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दुधपुरा और मुसापुर में छापेमारी कर 105 युवक-युवतियों को मुक्त कराया, जिन्हें सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाया गया था और जबरन नेटवर्क मार्केटिंग में काम कराया जा रहा था। इस बाबत जानकारी देते हुए एसपी अरविन्द प्रताप सिंह ने बताया कि, पिछले कुछ दिनों से सूचना मिल रही थी कि जिले में नेटवर्क मार्केटिंग के नाम पर युवाओं को जबरन काम कराया जा रहा है। सूचना के सत्यापन के लिए साइबर थाना और नगर थाना की टीम ने मामले की जांच की, जिसमें प्रथम दृष्टया शिकायत सही पाया गया। 17 जून 2026 को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग से निर्देश मिलने के बाद आरक्षी अधीक्षक श्री सिंह के आदेश पर डीएसपी साइबर क्राइम दुर्गेश दीपक के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। जिसने दुधपुरा और मुसापुर में घेराबंदी कर छापेमारी की। जांच में सामने आया कि लीड विजन ट्रेडिंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड (गैलवे के रूप में कार्यरत) के नाम पर युवाओं को सरकारी नौकरी का प्रलोभन देकर यहां लाया जाता है और उन्हें कथित रूप से कैद जैसी स्थिति में रखकर नेटवर्क मार्केटिंग करने के लिए मजबूर किया जाता था। पुलिस कप्तान ने बताया कि, पुलिस ने छापेमारी के दौरान कुल 105 लोगों को मुक्त कराया। जिनमें बिहार के विभिन्न जिलों के अलावा असम और पश्चिम बंगाल के 29 नाबालिग लड़के 10 नाबालिग लड़कियां सहित 67 युवक, 38 युवतियां शामिल हैं।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से दो युवकों की मौत



**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत गढ़सिसई-घटहो मुख्य पथ पर गढ़सिसई चिमनी के समीप गुरुवार की देर रात्रि अज्ञात वाहन व बाइक की टक्कर में दो युवकों की मौत घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी लोगों को अहले सुबह तब हुई, जब कतिपय ग्रामीण व राहगीर उक्त सड़क से गुजर रहे थे और इसी क्रम में दो शव सड़क किनारे पड़ा देखा। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। पहचान होने के बाद मृतकों के स्वजनों को सूचना दी गई, जिसके बाद परिवार में कोहराम मच गया। मृतकों की पहचान विद्यापतिनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत गढ़सिसई वार्ड संख्या - 13 निवासी कैलाश राम के पुत्र राजू कुमार राम (20) तथा बनघारा गांव निवासी अरुण दास के पुत्र अमित कुमार दास (22) के रूप में हुई है। बताया गया है कि दोनों युवक एक ही टेंट हाउस में कार्य करते थे और गुरुवार की देर रात काम समाप्त कर मनियारपुर की ओर से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान उक्त घटना हुई। सूचना मिलने पर विद्यापतिनगर थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई। थानाध्यक्ष सूरज कुमार ने बताया कि दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। अज्ञात वाहन की पहचान एवं घटना के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस जांच कर रही है। उधर दो युवकों की असामयिक मौत से गढ़सिसई एवं बंगराहा गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। ग्रामीण नरेश महतो, अविनाश भारद्वाज, बिपिन सिंह आदि ने प्रशासन से दुर्घटना में शामिल वाहन की जल्द पहचान कर कार्रवाई की मांग की है।

### स्कूल फॉर स्कॉलर्स में चार दिवसीय समर एजुकेशनल सेशन का सफल आयोजन



**दलसिंहसराय नगर (एनएसबी)।** थाना रोड स्थित स्कूल फॉर स्कॉलर्स इंस्टीट्यूट परिसर में चार दिवसीय समर एजुकेशनल सेशन सफलता पूर्वक संपन्न हो गया। इस कार्यक्रम में नगर के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सेशन के प्रथम दिन डॉ. गोपाल गुप्ता एवं हेमंत सिंह ने बच्चों को स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वस्थ जीवनशैली के बारे में जानकारी दी। द्वितीय दिन श्वेता श्री ने संगीत, चित्रकला, निधि जायसवाल ने जुम्बा तथा सुनीता बरनवाल ने योग प्रशिक्षण के माध्यम से बच्चों को नई गतिविधियों से परिचित कराया। तृतीय दिन दलसिंहसराय थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बच्चों को भारतीय संविधान, नागरिक कर्तव्यों एवं यातायात नियमों की महत्वपूर्ण जानकारी दी। जबकि चौथे और अंतिम दिन समापन सत्र के दौरान संस्थान के केमिस्ट्री फैकल्टी अविनाश कुमार ने रोचक विज्ञान प्रयोगों का प्रदर्शन किया, वहीं खुशबू रंजन ने एबेकस के माध्यम से फास्ट कैलकुलेशन तकनीक का प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर अपने संबोधन में संस्थान के निदेशक अमित कुमार सिंह ने कहा कि, बच्चों के सर्वांगीण एवं आंतरिक विकास के लिए ऐसे ज्ञानवर्धक कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किए जाने चाहिए तथा विद्यार्थियों को इनमें बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। वहीं संस्थान के एचओडी पंकज गुप्ता ने बताया कि, ऐसे आयोजन बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ाते हैं और खेल-खेल में सीखने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया कि, अब से संस्थान द्वारा प्रत्येक माह के अंतिम सप्ताह में इस प्रकार के ज्ञानवर्धक सत्र आयोजित किए जाएंगे।

### आर एल महतो बीएड कॉलेज में योग दिवस से पूर्व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित,



**दलसिंहसराय (एनएसबी)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारी के तहत दलसिंहसराय स्थित आर एल महतो इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन में योग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के बीच योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को रेखांकित करना था। कार्यक्रम की शुरूआत परिचय सत्र के साथ हुई, जिसके बाद प्रतिभागियों ने योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में विभिन्न सरल योगासन, व्यायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। योगाभ्यास के दौरान पूरे परिसर में सकारात्मक ऊर्जा, उत्साह और शांति का वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को नियमित योग अपनाने तथा स्वस्थ जीवनशैली विकसित करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि योग व्यक्ति के जीवन में ऊर्जा, स्फूर्ति और सकारात्मकता का संचार करता है। उन्होंने कहा कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। नियमित योगाभ्यास से तनाव कम होता है, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है तथा व्यक्ति का आत्मविश्वास मजबूत होता है। उन्होंने योग को भारत की ओर से विश्व को दिया गया एक अनमोल उपहार बताया। वहीं, कार्यालय अधीक्षक पल्लव कुमार पारस ने कहा कि योग हमारे शरीर को स्वस्थ, सुंदर और निरोग बनाए रखने का प्रभावी माध्यम है। नियमित योगाभ्यास से शरीर के सभी अंगों का संतुलित विकास होता है तथा व्यक्ति स्वयं को अधिक सक्रिय, ऊर्जावान और तरोताजा महसूस करता है। योग ध्यान केंद्रित करने, मानसिक शांति बनाए रखने और स्पष्ट सोच विकसित करने में भी सहायक है। महाविद्यालय प्रशासन ने जानकारी दी कि आगामी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कॉलेज परिसर में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षक एवं अन्य लोग भाग लेंगे। कार्यक्रम में रूपक कौशल, दिनेश मिश्रा, रश्मि रोजी, अजय शर्मा, प्रदीप कुमार, मो. इरशाद, संतोष सुमन, श्वेता कर्ण, किरण चौधरी, प्रशांत स्वराज, शेफाली दीक्षिता, आदित्य राज, सुनील कुमार सहित महाविद्यालय के कई छात्र-छात्राएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 15 दिनों में पांच बड़ी वारदातें, कई पुराने कांड अनसुलझे, सवालों के घेरे में पुलिसिया कार्यशैली

***गोलीबारी, हत्या और दो युवकों की गुमशुदगी से सहमा विद्यापतिनगर, * कई चर्चित मामलों में भी पुलिस अब भी खाली हाथ**

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** एक के बाद एक हो रही आपराधिक घटनाओं और चर्चित मामलों में अधूरी पड़ती पुलिसिया कार्रवाई ने विद्यापतिनगर के लोगों की चिंता बढ़ा दी है। हालात ऐसे हैं कि बीते 15 दिनों में पांच बड़ी आपराधिक घटनाओं ने क्षेत्र में भय का माहौल बना दिया है, जबकि कई पुराने चर्चित मामलों में भी पुलिस अब तक निर्णायक सफलता हासिल नहीं कर सकी है।अपराधियों की बढ़ती सक्रियता और लंबित पड़ती जांचों के बीच लोगों का सवाल है कि आखिर कानून का खौफ किसके लिए है?





थाना भवन।

सबसे पहले 5 जून को मऊ बाजार गोलियों की आवाज से दहल उठा। दुकान खाली कराने के विवाद में मारपीट, रोड़ेबाजी और फायरिंग हुई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया, लेकिन घटना का मुख्य किरदार अब भी पुलिस की पकड़ से बाहर बताया जा रहा है। घटना में इस्तेमाल हथियार भी बरामद नहीं हो सका है। घटना की गूंज अभी थमी भी नहीं थी कि 10 जून को बंगराहा गांव से दो युवकों इशांत कुमार व रंजीत कुमार सिंह रहस्यमय ढंग से लापता हो गया। दोनों के परिजनों का आरोप है कि दोस्तों के बुलाने पर घर से निकला युवक अब तक वापस नहीं लौटा। कई दिनों तक कोई सुराग नहीं मिलने पर ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा और सड़क जाम कर पुलिस प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया गया था। गुरुवार को एसपी अरविंद प्रताप सिंह ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए घटनास्थल पर पहुँचे थे। उधर 12 जून को साहिट गांव में रामप्रीत महतो उर्फ टिल-टिल महतो की संदिग्ध मौत ने क्षेत्र को झकझोर दिया। स्वजनों ने जहरीली शराब पिलाकर और मारपीट कर हत्या किए जाने का आरोप लगाया। हालांकि पोस्टमार्टम नहीं होने के कारण मामला अब भी रहस्य बना हुआ है। 14 जून को बाजिदपुर बाजार में जमीन विवाद को लेकर जानलेवा हमला हुआ, जबकि 16 जून की रात सिमरी गांव में उपेंद्र राय के घर पर अज्ञात अपराधियों ने फायरिंग कर दहशत फैला दी। पुलिस ने दो खोखा बरामद किए, लेकिन हमलावरों की पहचान अब तक नहीं हो सकी है।

**पुराने मामलों में भी नहीं मिली मंजिल**

वर्तमान घटनाओं के साथ-साथ पुराने चर्चित मामलों की फाइलें भी पुलिस के लिए चुनौती बनी हुई हैं। मऊ धनेशपुर उत्तर पंचायत के छात्र निलेश कुमार झा हत्याकांड में तीन महीने बाद भी मुख्य आरोपित फरार है। हत्या में प्रयुक्त हथियार, मोबाइल फोन और हत्या के स्पष्ट कारणों का भी अब तक पता नहीं चल सका है। इसी तरह हरपुर बोचहा में इंटीरियर डिजाइनर सुमित कुमार शर्मा के घर हुई करीब 25 लाख रुपये की चोरी और मलकलीपुर में हुई लाखों रुपये की चोरी का भी पुलिस अब तक पदार्फाश नहीं कर सकी है। दोनों मामलों में अनुसंधान आगे बढ़ता नहीं दिख रहा है।

**बढ़ रहा असुरक्षा का एहसास**

लगातार सामने आ रही घटनाओं ने लोगों के मन में असुरक्षा की भावना गहरा दी है। ग्रामीणों का कहना है कि अपराधी लगातार चुनौती दे रहे हैं, जबकि पुलिस के दावे धरातल पर पूरी तरह उतरते नहीं दिख रहे। पीड़ित परिवार न्याय की प्रतीक्षा में हैं और आम लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

**क्या कहते हैं अधिकारी**

डीएसपी विवेक कुमार शर्मा ने बताया कि मऊ बाजार गोलीकांड में पांच आरोपितों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। युवकों के लापता मामले, बाजिदपुर हमले और अन्य घटनाओं की जांच जारी है। सभी मामलों में थानाध्यक्ष को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक ने भी क्षेत्र का दौरा कर लंबित मामलों की समीक्षा की है।

## नीट (यूजी) परीक्षा 2026 के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन हेतु प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा बैठक

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित नीट (यूजी) परीक्षा 2026 के सफल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा एवं आरक्षी अधीक्षक अरविंद प्रताप सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में विधि-व्यवस्था एवं प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।





बैठक में शामिल पदाधिकारी।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी श्री कुशवाहा ने बताया कि, परीक्षा की पारदर्शिता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए परीक्षार्थियों की गेट पर फ्रिस्किंग एवं बायोमेट्रिक जांच के उपरांत ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। इसी क्रम में सभी केंद्राधीक्षकों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरा एवं जैमर लगाने वाली एजेंसी द्वारा दिनांक 20 जून 2026 तक सभी उपकरणों की स्थापना सुनिश्चित कराई जाए तथा उनका रिहर्सल भी कर लिया जाए। यदि किसी उपकरण में तकनीकी खराबी पाई जाती है तो इसकी सूचना अविलंब संबंधित एजेंसी एवं एनटीए के स्टेट कोऑर्डिनेटर को उपलब्ध कराई जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान मौसम एवं अत्यधिक गर्मी को देखते हुए परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त शेड की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जहां पहले से शेड उपलब्ध हैं, उनका समुचित उपयोग किया जाए ताकि अभ्यर्थियों को धूप एवं गर्मी से राहत मिल सके। पुलिस कप्तान श्री सिंह ने सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं केंद्राधीक्षकों को निर्देशित करते हुए कहा कि, परीक्षा की प्रत्येक गतिविधि के लिए जवाबदेही निर्धारित की जाएगी। उन्होंने परीक्षा संचालन में पूर्ण सतर्कता एवं सावधानी बरतने पर बल देते हुए कहा कि परीक्षा के अंतिम समय में किसी भी प्रकार का रिप्लेसमेंट या अनधिकृत गतिविधि नहीं होनी चाहिए। परीक्षा केंद्रों पर आने-जाने वाले अभ्यर्थियों पर विशेष निगरानी रखी जाए। परीक्षा अवधि के दौरान कौन अभ्यर्थी बाहर गया, पुनः प्रवेश किया अथवा उसके पहनावे में किसी प्रकार का परिवर्तन हुआ है या नहीं, इस संबंध में भी सतर्क दृष्टि रखी जाए, ताकि परीक्षा की शुचिता एवं निष्पक्षता बनी रहे। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त वातावरण में परीक्षा संपन्न कराने का आह्वान किया। बैठक में अपर समाहर्ता ब्रजेश कुमार, जिला बंदोबस्त पदाधिकारी विजय कुमार, अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन) राजेश सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी सदर दिलीप कुमार, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (शिक्षा) प्रेम झा सहित सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं केंद्राधीक्षक उपस्थित रहे। वहीं सभी क्षेत्रीय पदाधिकारी अपने-अपने कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

## वृक्षारोपण के साथ विकसित भारत संकल्प सम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न



**ताजपुर (एनएसबी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकास का विश्वास 12 साल बेमिसाल' कार्यक्रम के क्रम में ताजपुर में "विकसित भारत संकल्प सम्मेलन" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष दक्षिणी शशिधर झा ने तथा संचालन जेडीयू प्रखंड अध्यक्ष कुमार समर्पण ने किया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद सह केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर ने सेवा, सुशासन एवं जनकल्याण योजनाओं की जानकारी साझा करते हुए कहा कि, प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत ने वैश्विक स्तर पर अपनी अमिट छाप छोड़ी है। आज पूरी दुनिया भारत की प्रगति को स्वीकार कर रही है और प्रधानमंत्री के साथ समन्वय स्थापित कर विकास में भागीदार बन रही है। श्री ठाकुर ने कहा कि, हम सभी कार्यकताओं का दायित्व है कि प्रधानमंत्री के दीघार्यु के लिए यज्ञ, पूजा-पाठ आदि के माध्यम से ईश्वर से प्रार्थना करें। उन्होंने केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के कार्यों की भी सराहना की और कहा कि अब गांवों की सड़कें भी शहरों जैसी बन रही हैं और आगे भी बनती रहेंगी। कार्यक्रम के दौरान श्री ठाकुर ने कोठिया महाविद्यालय परिसर में एक फलदार आम का वृक्ष लगाया। स्वच्छता अभियान के अंतर्गत पंचायत सरसौना ददरी दुर्गा स्थान परिसर में साफ-सफाई की गई। इसके उपरांत सरवरगंज के समीप मोहल्लेवासियों से घर-घर जाकर मुलाकात की, उनका सुख-दुख जाना एवं हाल-चाल लिया। इस दौरान वृद्धजनों से मिलकर संवाद किया। अंत में भाजपा मंडल महामंत्री अमरेश चौरसिया के आवास पर सभी ग्रामीणों के साथ बैठक की। इस अवसर पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सभी जिला अध्यक्ष क्रमशः दुर्गेश राय, निशांत कुमार कुशवाहा, धीरज ठाकुर, वरिष्ठ नेता रामचंद्र सिंह कुशवाहा, बालकृष्ण साह, मुखिया धर्मेंद्र कुमार चौरसिया, मुखिया विश्वनाथ सिंह राकेश, जदयू प्रखंड अध्यक्ष कुमार समर्पण, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिलीप सिंह कुशवाहा, समस्तीपुर सांसद प्रतिनिधि ताजपुर सुशील चौबे, विवेक साहू ,अमरेश साहू, सत्यनारायण चौधरी, उपेंद्रनाथ झा, सुरेश साह , प्रकाश अनुपम सहित अन्य प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने जनता दरबार में सुनी आमजनों की समस्याएं, त्वरित निष्पादन के दिए निर्देश



**समस्तीपुर कार्यालय (एनएसबी)।** जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए नागरिकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित पदाधिकारियों को मामलों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन का निर्देश दिया। जनता दरबार में भूमि विवाद, राजस्व, अतिक्रमण, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, आवास योजना, विद्युत आपूर्ति, पेयजल, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा अन्य जनहित से जुड़े मामलों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक आवेदन का अवलोकन करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त आवेदनों का संवेदनशीलता एवं पारदर्शिता के साथ निष्पादन सुनिश्चित करें तथा आवेदकों को की गई कार्रवाई से अवगत कराएं। जनता दरबार में उपस्थित फरियादियों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को सीधे जिलाधिकारी के समक्ष रखा, जिन पर आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया। जनता दरबार के दौरान विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे तथा प्राप्त आवेदनों के निष्पादन हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई।

## छात्रों के सुविधा की चिंता का खामियाजा : छात्रों ने जम कर मचाया उत्पात, करोड़ों की क्षति



**समस्तीपुर (एनएसबी)।** सिपाही भर्ती परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों के सुविधा की चिंता का खामियाजा रेलवे को करोड़ों रुपए की क्षति के रूप में भुगतना पड़ा। क्योंकि, उक्त परीक्षा को लेकर रेलवे मंडल प्रशासन द्वारा चलाई गई परीक्षा स्पेशल गाड़ियों में छात्रों जम कर उत्पात मचाया। इस क्रम में उन्होंने न सिर्फ बोगियों में सीट कवर और खिड़की को नुकसान पहुंचाया बल्कि टॉयलेट को भी पत्थर, बोतल आदि से जाम कर दिया। परीक्षा स्पेशल ट्रेन जब वापस यार्ड में गुरुवार को पहुंची, तो बोगी की स्थिति देख रेलवे अधिकारी दंग रह गये। ट्रेन की अधिकतर बागियों में सीटों को फाड़ कर तहस नहस कर दिया गया था। यहां तक की महिला बोगी की सीट भी सुरक्षित नहीं रही। इस बोगी में तो ज्यादा बबार्दी हुई है। इस बाबत समस्तीपुर मंडल रेल प्रशासन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि, सिपाही भर्ती परीक्षा को लेकर भीड़ नियंत्रण एवं छात्रों की सुविधा केलिए रेलवे मंडल प्रशासन की ओर से मंडल के अलग-अलग स्टेशनों से 12 परीक्षा स्पेशल गाड़ियां चलाई गई थी। जिसमें से महिलाओं के लिए आरक्षित बोगी संख्या 084358 के लगभग सभी सीटों को तोड़ दिया गया है। साथ ही सीट कवर को फाड़ दिया गया। इमरजेंसी खिड़की को भी नुकसान पहुंचाया गया है।

## छात्र नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में एसएफआई ने किया मुख्यमंत्री का पुतला दहन

**दी व्यापक आंदोलन की चेतावनी**

**विभूतिपुर (एनएसबी)।** भारत का छात्र फेडरेशन बिहार राज्य कमिटी के आह्वान पर डीबीकेएन कॉलेज नरहन के मुख्य द्वार पर नालंदा जिला के नगरनौसा में डिग्री कॉलेज की मांग को लेकर आंदोलनरत छात्र छात्राओं की गिरफ्तारी के विरोध में बिहार सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन तथा मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया गया। प्रदर्शन में सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने सरकार की छात्र विरोधी नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। गौरतलब है कि, नालंदा जिला के नगरनौसा प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र में डिग्री कॉलेज की स्थापना की मांग को लेकर आंदोलनरत एसएफआई राज्याध्यक्ष कांति कुमारी, जिला सचिव सावित्री कुमारी सहित दर्जनों आंदोलनकारी छात्र-छात्राओं एवं आम नागरिक को घर से खींच कर पुलिस-प्रशासन द्वारा मारपीट व पत्थरबाजी कर गिरफ्तार कर लिया गया। इस कार्रवाई के विरोध में एसएफआई बिहार राज्य कमिटी द्वारा पूरे बिहार में विरोध कार्यक्रम आयोजित करने का आह्वान किया था।





प्रदर्शन करते छात्र।।

इसी क्रम में डीबीकेएन कॉलेज नरहन में आयोजित विरोध प्रदर्शन कॉलेज गेट पर प्रतिरोध सभा में तब्दील हो गया। सभा की अध्यक्षता केशव झा ने जबकि संचालन सोनू कुमार ने किया। इस दौरान केशव झा एवं प्रिंस कुमार ने संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री के पुतले को अग्नि के हवाले किया।

सभा को संबोधित करते हुए श्री झा ने कहा कि, शिक्षा और कॉलेज की मांग करना कोई अपराध नहीं है। ऐसे में डिग्री कॉलेज की मांग को लेकर आंदोलनरत छात्र नेताओं की गिरफ्तारी छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों पर सीधा हमला है। बिहार सरकार छात्रों की समस्याओं का समाधान करने के बजाय उनकी आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है। एसएफआई इस दमनकारी कार्रवाई की कड़ी निंदा करती है और मांग करती है कि गिरफ्तार सभी छात्र नेताओं व आम नागरिक को अविलंब रिहा किया जाए तथा उन पर दर्ज मुकदमे वापस लिए जाएं। सरकार छात्रों की आवाज को दबाने का सपना छोड़ दें। यदि सरकार ने छात्रों की मांगों को अनसुना किया तो आने वाले दिनों में पूरे बिहार में इससे भी बड़ा आंदोलन खड़ा किया जाएगा। कार्यक्रम में एसएफआई के पूर्व जिलाध्यक्ष अवनीश कुमार ने कहा कि, छात्र आंदोलन को दबाने का हर प्रयास विफल होगा। शिक्षा के सवाल पर संघर्ष कर रहे छात्रों की गिरफ्तारी दुर्भाग्यपूर्ण है और सरकार को इस दमनात्मक रवैये को तुरंत बंद करना चाहिए। सभा में उपस्थित छात्रों ने एक स्वर में छात्र नेताओं व आम नागरिक की गिरफ्तारी की निंदा की तथा शिक्षा के अधिकार और छात्र हितों के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। मौके पर सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### शराब कांड का मुख्य अभियुक्त एवं जिला का टॉप-10 कुख्यात अपराधी राजा महतो गिरफ्तार : डीएसपी

**बेनीपट्टी (एनएसबी)।** बेनीपट्टी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में जानकारी देते हुए बताया कि 12 मई 26, को गुप्त सूचना के आधार पर एसएसबी एवं माधवापुर थाना की संयुक्त टीम द्वारा सीमावर्ती क्षेत्र में विशेष निगरानी रखी जा रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध कार के आगे-आगे एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन अपराधी पुलिस टीम की रेकी कर रहे थे। पुलिस को देखते ही मोटरसाइकिल सवार अपराधी तेजी से भागने लगा। जिसके पश्चात पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए घेराबंदी कर कार चालक सुजीत कुमार राय को मौके पर ही दबोच लिया गया था। जबकि मोटरसाइकिल सवार तीन अन्य अभियुक्त भागने में सफल रहे थे। तदोपरांत पुलिस द्वारा कार की विधिवत तलाशी लेने पर भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब की बरामदगी की गई थी। पूछताछ के क्रम में कार चालक द्वारा फरार अभियुक्तों की पहचान. राजा महतो, . दिनेश मुखिया और . दशरथ महतो के रूप में की थी। इस शराब तस्करी मामले के बाद से ही मुख्य अभियुक्त राजा महतो लगातार फरार चल रहा था और अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए ठिकाने बदल रहा था।पुलिस अधीक्षक, मधुबनी योगेंद्र कुमार के निदेर्शानुसार अपराधियों की धरपकड़ हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बेनीपट्टी के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही थी। इसी क्रम में 19. जून को गुप्त सूचना के आधार पर टॉप-10 अपराधी राजा महतो को माधवापुर पेट्रोल पम्प के पास से गिरफ्तार किया गया हैं एवं आवश्यक पूछताछ के उपरांत न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। इस कांड में संलिप्त फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही हैं।



### गर्भवती महिलाओं को दिया गया कई महत्वपूर्ण जानकारियां

**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के सोहॉस पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 214 के परिसर में आंगनबाड़ी सेविका रीना कुमारी की अध्यक्षता में शुक्रवार को समुदाय आधारित गतिविधियों के रूप में गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस मौके पर गर्भवती महिलाएं एवं उनके परिवार जनों को मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया. कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं को संतुलित एवं पौष्टिक आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच, स्वच्छता, टीकाकरण तथा सुरक्षित प्रसव से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई. हरी साग सब्जियां दाल, फल एवं अन्य पोषक खाद्य पदार्थों के महत्व से भी अवगत कराया गया. सीडीपीओ सुशीला कुमारी एव महिला पर्यवेक्षक कंचन कुमारी ने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं एवं उनके परिवारों में जच्चा बच्चा के पोषण स्वास्थ्य एवं देखभाल से संबंधित जागरूक का व्यापक प्रचार प्रसार करना है. जिससे कुपोषण में कमी लाई जा सकेगी.



### जयनगर थाना अध्यक्ष के रूप में रमण कुमार ने किया पदभार ग्रहण

**जयनगर (एनएसबी)।** थाना में नए थानाध्यक्ष के रूप में रमन कुमार ने विधिवत अपना पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने थाना परिसर का निरीक्षण किया तथा पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों के साथ बैठक कर क्षेत्र की कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण एवं जनसुरक्षा से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की।पदभार संभालने के बाद थानाध्यक्ष रमण कुमार ने कहा कि जयनगर थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा तथा थाना आने वाले प्रत्येक फरियादी की शिकायत को गंभीरता से सुना जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि अपराध, शराब तस्करी, मादक पदार्थों की तस्करी, चोरी, लूट एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना आवश्यक है। इसके लिए जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं स्थानीय नागरिकों के साथ नियमित संवाद स्थापित किया जाएगा। उन्होंने लोगों से भी कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की।नए थानाध्यक्ष ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण जयनगर की सुरक्षा व्यवस्था काफी महत्वपूर्ण है। भारत-नेपाल सीमा से जुड़े क्षेत्रों में पुलिस की निगरानी को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा। इसके अलावा लंबित मामलों के निष्पादन, फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए भी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।इस अवसर पर थाना के पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों ने नए थानाध्यक्ष का स्वागत किया तथा उन्हें अपने कार्यों एवं थाना क्षेत्र की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया। पदभार ग्रहण कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने विश्वास जताया कि रमण कुमार के नेतृत्व में थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी तथा आम जनता को बेहतर पुलिस सेवा उपलब्ध हो सकेगी।स्थानीय लोगों ने भी नए थानाध्यक्ष से क्षेत्र में बढ़ती सामाजिक चुनौतियों, यातायात समस्याओं तथा अपराध नियंत्रण को लेकर अपेक्षाएं व्यक्त की हैं। वहीं रमण कुमार ने भरोसा दिलाया कि पुलिस पूरी निष्ठा, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य करेगी तथा जनता के विश्वास पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। उनके पदभार ग्रहण के साथ ही जयनगर थाना में नई कार्यशैली और बेहतर पुलिसिंग की उम्मीदें बढ़ गई हैं।





### प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के अंतर्गत रोजगार मेला का होगा आयोजन

**मधुबनी (एनएसबी)।** भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संचालित प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के अंतर्गत जिलाधिकारी, आनंद शर्मा के निदेश पर ‸ 22 जून सोमवार को एक दिवसीय कौशल एवं रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह मेला जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र परिसर, रहिका, मधुबनी में आयोजित होगा।इस संबंध में जिला कल्याण पदाधिकारी,अमरेन्द्र कुमार ने बताया कि पीएम-अजय योजना के 'ग्रांट्स-इन-एड" अवयव के तहत इस कौशल एवं रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री अजय योजना के "ग्रांट्स-इन-एड घटक के तहत आईटी एवं डिजिटल कौशल, तकनीकी एवं औद्योगिक व्यवसाय, ऑटोमोबाईल सेक्टर, विनिर्माण क्षेत्र, स्वास्थ्य एवं पारामेडिकल, रिटेल एवं सेवा क्षेत्र, पर्यटन, सिलाई, ब्यूटी एवं वेलनेस आदि क्षेत्रों में प्रशिक्षण के अवसरों के बारे में संबंधित विभागों के माध्यम से जानकारी उपलब्ध करायी जाएगी खासकर अनु० जाति के युवाओं को रोजगार प्रदाता के रूप में विकसित करने एवं स्वयं का व्यवसाय या स्टार्टअप शुरू करने के इच्छुक लाभार्थियों को ऋण सहायता, सब्सिडी और वित्तीय समावेशन के विकल्प के बारे में जानकारी उपलब्ध करायी जाएगी। जिला नियोजन पदाधिकारी, निशांत रंजन ने बताया कि मेले में 10 से अधिक निजी कंपनियां भाग लेंगी, जिसके माध्यम से स्थानीय युवाओं को रोजगार प्राप्त करने का अवसर मिलेगा, मेले का आयोजन प्रातः 10:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक किया जायेगा।इच्छुक अभ्यार्थियों को अपने सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की छाया प्रति, बायोडेटा, आधार कार्ड तथा पासपोर्ट आकार के फोटोग्राफ के साथ निर्धारित स्थल पर उपस्थित होना अनिवार्य है।

# नगर पंचायत की सामान्य बोर्ड बैठक हंगामेदार, कई मुद्दों पर हुई तीखी चर्चा

**जयनगर (एनएसबी)।** नगर पंचायत कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को मुख्य पार्षद कैलाश पासवान की अध्यक्षता में सामान्य बोर्ड बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान विभिन्न विकास योजनाओं, नगर की साफ-सफाई, जल निकासी, सड़क मरम्मत, स्ट्रीट लाइट तथा जनहित से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। हालांकि बैठक के दौरान कई मुद्दों को लेकर पार्षदों के बीच तीखी बहस भी हुई, जिससे कुछ समय के लिए माहौल हंगामेदार बन गया।

बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी सुनील कुमार, सशक्त स्थायी समिति की सदस्य रीना गुप्ता, सदस्य हनुमान मोर, सदस्य शिवजी पासवान, वार्ड पार्षद राधा देवी, नरेश राम, राम बाबू पासवान, सूर्य नारायण ठाकुर, मोहन कुमार राय, रामशिष साह, मीना देवी, जरीना खातून, मंगली देवी तथा प्रधान लिपिक मोहन कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं कर्मी उपस्थित थे।बैठक की शुरूआत नगर क्षेत्र में चल रही विकास योजनाओं की समीक्षा के साथ हुई। कई पार्षदों ने अपने-अपने वार्डों में अधूरे पड़े कार्यों, नालियों की सफाई में अनियमितता, पेयजल आपूर्ति की समस्याओं तथा खराब स्ट्रीट लाइटों का मुद्दा उठाया। पार्षदों ने कहा कि नगरवासियों की मूलभूत समस्याओं का समय पर समाधान नहीं होने से लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। कुछ पार्षदों ने योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता तथा कार्यों की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए। इस दौरान कई बार पार्षदों और अधिकारियों के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। पार्षदों ने नगर पंचायत प्रशासन से विकास कार्यों में तेजी लाने तथा लंबित योजनाओं को शीघ्र पूरा कराने की मांग की।



बैठक करते

कार्यपालक पदाधिकारी सुनील कुमार ने बैठक में उठाए गए सभी मुद्दों पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि नगर क्षेत्र के विकास और नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए नगर पंचायत प्रतिबद्ध है तथा प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश देने की भी बात कही।

बैठक के अंत में मुख्य पार्षद कैलाश पासवान ने सभी पार्षदों से नगर के समग्र विकास के लिए आपसी सहयोग और समन्वय बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देते हुए नगर पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों को गति दी जाएगी। कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा के बाद बैठक संपन्न हुई।

## मुहर्रम को लेकर देवधा थाना में शांति समिति की बैठक



बैठक करते अधिकारी।

**जयनगर (एनएसबी)।** मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर देवधा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता देवधा थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार ने की। बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, धर्मगुरुओं, सामाजिक कार्यकताओं तथा विभिन्न पंचायतों और गांवों के गणमान्य लोगों ने भाग लिया।बैठक में मुहर्रम के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखने, जुलूसों के सुरक्षित संचालन तथा आपसी भाईचारा कायम रखने पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित अधिकारियों ने सभी समुदायों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि मुहर्रम का पर्व शांति, अनुशासन और आपसी सद्भाव का संदेश देता है। इसे सभी लोग मिल-जुलकर शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं।बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष ने कहा कि मुहर्रम आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने लोगों से अपील की कि ताजिया जुलूस और अन्य धार्मिक कार्यक्रमों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखें तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जुलूस निकालने के लिए प्रशासनिक लाइसेंस अनिवार्य है, इसलिए सभी संबंधित समितियां समय रहते अपना लाइसेंस प्राप्त कर लें और निर्धारित नियमों का पालन करें।साथ ही थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार ने कहा कि मुहर्रम को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा जुलूस मार्गों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। उन्होंने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। साथ ही बिजली विभाग को जुलूस मार्गों पर लटक रहे तारों एवं अन्य संभावित बाधाओं को व्यवस्थित करने का निर्देश दिया गया है, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना न हो।इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग को भी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जुलूस के दौरान एंबुलेंस और मेडिकल टीम की तैनाती की जाएगी, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जा सके।बैठक में देवधा उत्तरी पंचायत के मुखिया शंभू महतो, देवधा मध्य पंचायत के मुखिया जियाउद्दीन, सरपंच सुजीत कुमार साह, पंचायत समिति सदस्य प्रेम चंद्र झा, डॉ. विजय कुमार ठाकुर, राम नारायण बनरैत, मो. समीम, पूर्व मुखिया नरेश कुमार ठाकुर (रजौली) सहित कई जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने तथा मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने का भरोसा दिलाया।

## संभावित बाढ़ की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु पूर्व तैयारियों की अद्यतन समीक्षा



बैठक करते हैं अधिकारी।

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिले में संभावित बाढ़ की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु पूर्व तैयारियों की अद्यतन समीक्षा के लिए अपर समाहर्ता,आपदा प्रबंधन, संतोष कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैठक का आयोजन जिला आपदा प्रबंधन शाखा में किया गया।बैठक में बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के वरिष्ठ सलाहकार श्री जीवन कुमार द्वारा बाढ़ पूर्व तैयारियों के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई। इस क्रम में उन्होंने जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र का भ्रमण कर उपलब्ध संसाधनों, संचार व्यवस्था एवं आपदा प्रतिक्रिया तंत्र का अवलोकन किया।

बैठक के दौरान बाढ़ संभावित क्षेत्रों की पहचान, तटबंधों की सुरक्षा, सामुदायिक आधारित आपदा प्रबंधन योजना, निकासी एवं पुनर्वास व्यवस्था, राहत सामग्री की उपलब्धता, सामुदायिक रसोई, पेयजल एवं स्वच्छता पशु आश्रय स्थलों की पहचान, स्वास्थ्य सेवाओं की तैयारी, जन जागरूकता और क्षमतावर्द्धन तथा विभिन्न विभागों के मध्य समन्वय सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सिविल सर्जन, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (आईसीडीएस), जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों ने भाग लिया तथा अपने-अपने विभागों द्वारा की गई तैयारियों की जानकारी प्रस्तुत की। अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन) ने सभी संबंधित विभागों को बाढ़ पूर्व तैयारियों को समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने तथा आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित किया जा सके।बैठक में सिविल सर्जन, हरेंद्र कुमार, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (आईसीडीएस), ललिता कुमारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी जिला जनसंपर्क पदाधिकारी , परिमल कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### 50 ग्राम संदिग्ध ब्राउन शुगर बरामद, तीन आरोपी फरार

**लदनियां (एनएसबी)।** लदनियां थाना पुलिस ने विशेष छापेमारी अभियान के दौरान थाना क्षेत्र के योगिया गांव में कार्रवाई करते हुए 50 ग्राम संदिग्ध ब्राउन शुगर बरामद की है। इस मामले में तीन लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है, जो पुलिस टीम के पहुंचने से पहले फरार हो गए।पुलिस के अनुसार, 18 जून 2026 की शाम गुप्त सूचना मिली थी कि योगिया गांव में कुछ लोग ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री कर रहे हैं। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं चौकीदारों के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने झोपड़ी की घेराबंदी की, लेकिन तीन संदिग्ध व्यक्ति पीछे के रास्ते से भाग निकले।तलाशी के दौरान पुलिस ने एक डिजिटल तराजू तथा एक स्टील के कटोरे में रखे प्लास्टिक पैकेट से लगभग 50 ग्राम ब्राउन शुगर जैसा पदार्थ बरामद किया।

## 21 जून को नगर भवन में आयोजित होगा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम

**योग के माध्यम से स्वस्थ एवं *निरोग जीवन का दिया* जाएगा संदेश *कार्यक्रम की सफल तैयारी को लेकर जिला जनसम्पर्क कार्यालय में हुई समीक्षा बैठक**

**मधुबनी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी आनंद शर्मा के निर्देश के आलोक में आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने हेतु जिला जनसम्पर्क कार्यालय, मधुबनी में उप निदेशक, जनसम्पर्क परिमल कुमार की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, व्यवस्थाओं तथा व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि 21 जून 2026 को प्रातः 5:30 बजे नगर भवन, मधुबनी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों सहित बड़ी संख्या में नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षित योग गुरु के मार्गदर्शन में सामूहिक योगाभ्यास कराया जाएगा। योग के विभिन्न आसनों एवं प्राणायाम की विधियों का अभ्यास कराते हुए उपस्थित लोगों को योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों की जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा नियमित योग करने के लिए सभी प्रतिभागियों को प्रेरित किया जाएगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी प्रतिभागियों को स्वस्थ, जागरूक एवं नशामुक्त जीवनशैली अपनाने तथा नियमित योग करने की शपथ दिलाई जाएगी। इस अवसर पर योग को जन-जन तक पहुंचाने और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया जाएगा। कार्यक्रम को आकर्षक एवं जनसहभागिता पूर्ण बनाने के लिए स्थल पर विशेष सेल्फी प्वाइंट भी स्थापित किया जाएगा, जहां प्रतिभागी योग दिवस की स्मृतियों को सहेज सकेंगे तथा सोशल मीडिया के माध्यम से योग के संदेश को व्यापक स्तर पर प्रसारित कर सकेंगे। बैठक में अधिकारियों ने कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की तथा संबंधित पदाधिकारियों को समयबद्ध रूप से तैयारियां पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही अधिकाधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करने पर भी बल दिया गया।



## सभी पात्र परिवारों को स्थाई रोजगार उपलब्ध कराना हमारी पहली प्राथमिकता : बीपीएम

**लदनियां (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अंतर्गत सभी पात्र परिवारों को अपने रोजगार को स्थायित्व प्रदान करने के लिए द्वितीय किस्त की राशि हस्तांतरित किया जाएगा। इससे जीविका दीदियों का मनोबल बढ़ेगा तथा उसके आय में भी वृद्धि होगी। उक्त बातें जीविका के बीपीएम डॉ० धनंजय कुमार ने जीविका दीदियों की एक बैठक में कहीं। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार द्वारा राज्य के सभी परिवारों की एक महिला सदस्य को अपनी पसंद की रोजगार शुरू करने के लिए प्रथम चरण में दस हजार की राशि दी गई है। इस प्रखंड में अभी तक कूल 43197 जीविका दीदियों को इस योजना का लाभ मिल चुका है। आगे जीविका दीदियों को अपने रोजगार को गति प्रदान करने के लिए अगले पांच चरणों में कुल दो लाख दस हजार रुपए की सहायता राशि दिया जाना है। प्रथम चरण में उन्हें अपनी पसंद का रोजगार प्रारंभ करने के लिए 10000 की राशि दी जा चुकी है। दूसरे चरण में उन्हें अपने व्यवसाय के विस्तार के लिए₹20000 मिलेंगे तथा ₹5000 उन्हें स्वयं का अंशदान देना पड़ेगा। तीसरे चरण में लाभार्थी अपने व्यवसाय को विस्तार के लिए ₹40000 मिलेंगे तथा₹10000 उन्हें स्वयं का अंशदान देना होगा। चतुर्थ चरण में व्यवसाय को स्थायित्व प्रदान करने के लिए उन्हें₹80000 मिलेंगे तथा ₹20000 उन्हे स्वयं का अंशदान देना होगा तथा पांचवें एवं अंतिम चरण में ब्रांडिंग एवं मार्केटिंग के लिए₹60000 मिलेंगे। इसमें उन्हें अपना अंशदान नहीं देना होगा। इस तरह से कुल पांच चरणों में उन्हें दो लाख दस हजार की राशि प्राप्त होगी। द्वितीय चरण का लाभ लेने के लिए सरकार द्वारा कुछ मापदंड निर्धारित किए गए हैं। इस मापदंड को पूरा करने वाले जीविका दीदियों को ही द्वितीय किस्त के लिए आवेदन अग्रसारित किया जाएगा। उन्हें सर्वप्रथम प्रथम किस्त की राशि के समुचित उपयोग का प्रमाण देना होगा, लक्षित परिवार के प्रोफाइल का सूचना प्रबंधन प्रणाली में (एमआईएस) एवं लोकोस एप में प्रविष्टि हो गया हो, लाभुक द्वारा बुनियादी वित्तीय साक्षरता विषय पर प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया गया हो एवं जीविका मित्र द्वारा उक्त दीदी का मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना सर्वे ऐप में प्रविष्टि हो गया हो, लाभुक का स्वयं सहायता समूह की बैठक में उपस्थिति कम से कम 80% हो, लाभुक द्वारा स्वयं सहायता समूह की बैठक में लगातार तीन माह तक नियमित बचत कर रही हो, लघु द्वारा व्यावसायिक योजना का निर्माण कर लिया गया हो, ग्राम संगठन द्वारा द्वितीय किस्त की मांग का अनुमोदन हो गया हो तथा लाभुक द्वारा स्वयं सहायता समूह से लिए गए ऋण की मांग के अनुसार पूर्ण अदायगी कर दी गई हो।

प्रखंड परियोजना प्रबंधक डॉक्टर धनंजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी पात्र लागू को इस योजना का लाभ दिया जाना है। साथ ही आवेदन पत्र के साथ सभी मापदंड की छाया प्रति भी संलग्न करना आवश्यक है। इसमें पहली बार व्यवसाय शुरू करने वाली दीदियों को प्राथमिकता दी जाएगी। सभी आवेदन का निष्पादन ऑनलाइन माध्यम से होना है। इसलिए पात्र लाभुक ही अपना आवेदन सीएम दीदी के माध्यम से समर्पित करें।



मुजफ्फरपुर में 13 केंद्रों पर होगी नीट (यूजी) परीक्षा, कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क, हुई ब्रीफिंग

# खाने की चीजें और पानी की बोतल भी अंदर ले जाने पर रोक

**मुजफ्फरपुर (दैनिक नवसंदेश)।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए), नई दिल्ली द्वारा आयोजित देश की प्रतिष्ठित मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट (यूजी)-2026 का आयोजन 21 जून 2026 को मुजफ्फरपुर जिले के 13 परीक्षा केंद्रों पर किया जाएगा। परीक्षा एक ही पाली में अपराह्न 2:00 बजे से 5:15 बजे तक आयोजित होगी। वहीं दिव्यांग अभ्यर्थियों को नियमानुसार अतिरिक्त समय प्रदान किया गया है और उनके लिए परीक्षा का समय सायं 6:20 बजे तक विस्तारित रहेगा।

परीक्षा के शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त संचालन को लेकर जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन एवं एसएसपी कांतेश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि वे समय से अपने-अपने परीक्षा केंद्रों पर उपस्थित रहकर परीक्षा की पूरी अवधि के दौरान सतर्कता बरतें तथा किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या कदाचार की संभावना को समाप्त करें। परीक्षा के सफल एवं सुचारु आयोजन हेतु समाहरणालय सभागार में ब्रीफिंग की गई तथा अधिकारियों को परीक्षा संबंधी सभी आवश्यक दिशा निर्देश से अवगत कराया गया। बताया गया कि किसी भी परिस्थिति में अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र के भीतर प्रतिबंधित सामग्री ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

यदि किसी परीक्षार्थी के पास कोई वर्जित वस्तु पाई जाती है तो उसे परीक्षा में कदाचार माना जाएगा और संबंधित नियमों के तहत उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा केंद्र के अंदर किसी भी प्रकार की पाठ्य सामग्री, कागज के टुकड़े, ज्यामिति बॉक्स, पेन-पेंसिल बॉक्स, प्लास्टिक पाउच, कैलकुलेटर, स्केल, राइटिंग पैड, पेन ड्राइव, इरेजर, लॉग टेबल, इलेक्ट्रॉनिक पेन, स्कैनर अथवा अन्य स्टेशनरी सामग्री ले जाना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। इसके अतिरिक्त मोबाइल फोन, ब्लूटूथ डिवाइस, इयरफोन, माइक्रोफोन, पेजर, स्मार्ट वॉच, हेल्थ बैंड सहित किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। अभ्यर्थियों को वॉलेट, पर्स, रंगीन चश्मा, हैंडबैग, टोपी, घड़ी, कलाई घड़ी, कंगन,



रविवार 21 जून को जिले में आयोजित होने वाली नीट परीक्षा को लेकर प्रशासनिक और पुलिस पदाधिकारियों को ब्रीफिंग करते डीएम व एसएसपी।

कैमरा, जेवर, आभूषण तथा धातु से निर्मित अन्य सामग्री भी परीक्षा केंद्र के भीतर ले जाने की अनुमति नहीं होगी। साथ ही किसी भी प्रकार की खाद्य सामग्री, चाहे वह खुली हो अथवा पैक्ड, तथा पानी की बोतल ले जाने पर भी रोक लगाई गई है। प्रशासन ने विशेष रूप से चेतावनी दी है कि माइक्रोचिप, कैमरा, ब्लूटूथ अथवा अन्य संचार उपकरणों को छिपाकर परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। यह भी स्पष्ट किया गया है कि अभ्यर्थी अपने साथ जो भी सामान लेकर आएंगे, उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी परीक्षा केंद्र की नहीं होगी। इसलिए परीक्षार्थियों को सलाह दी गई है कि वे केवल आवश्यक दस्तावेज लेकर ही परीक्षा केंद्र पहुंचें। नीट परीक्षा की पारदर्शिता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी केंद्रों पर आधुनिक निगरानी व्यवस्था की गई है। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे, जैमर, बायोमेट्रिक सत्यापन, वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी की व्यवस्था रहेगी। परीक्षा केंद्र पर कड़ाई से फ्रिस्किंग की जाएगी। प्रत्येक गतिविधि पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी ताकि परीक्षा की निष्पक्षता पर किसी प्रकार का प्रश्नचिह्न न लगे। परीक्षा के सफल संचालन के लिए जिला स्तर पर विशेष नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) की स्थापना की गई है। नियंत्रण कक्ष में तीन पालियों में कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है, जो परीक्षा प्रारंभ होने से लेकर समाप्ति तक सभी केंद्रों की गतिविधियों की सतत निगरानी करेंगे। नियंत्रण कक्ष के माध्यम से किसी भी प्रकार की सूचना का त्वरित संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**किसी भी तरह की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं, पकड़े जाने पर होंगी कार्रवाई**

मुजफ्फरपुर जिले में नीट (यूजी)-2026 परीक्षा के लिए कुल 13 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें चैपमैन राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, हाथी चौक, रामना; एमडीडीएम कॉलेज, मिथनपुरा; रामदयालु सिंह कॉलेज (कला संकाय) एवं रामदयालु सिंह कॉलेज (विज्ञान संकाय), रामना; केंद्रीय विद्यालय, गन्नीपुर; ललित नारायण तिरहुत महाविद्यालय, अघोरिया बाजार; मुखर्जी सेमिनरी, हरिसभा चौक; नितीश्वर कॉलेज, रामना; राजकीय जिला स्कूल, पानी टंकी; महेश प्रसाद सिन्हा विज्ञान महाविद्यालय, गोबरसही; डॉ. राम मनोहर लोहिया स्मारक (आरएमएलएस) कॉलेज, आमगोला; लंगट सिंह (एल.एस.) कॉलेज, छाता चौक तथा तिरहुत अकादमी, अघोरिया बाजार चौक शामिल हैं। सभी परीक्षा केंद्र मुजफ्फरपुर नगर क्षेत्र में स्थित हैं। जिला पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने कहा है कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

सभी प्रतिनियुक्त अधिकारियों को पूरी सतर्कता, निष्पक्षता और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया गया है। वहीं एसएसपी काँतेश कुमार मिश्रा ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सभी पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं तथा परीक्षा केंद्रों के आसपास कानून-व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष जोर दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### लोकतंत्र विरोधी बुलडोजर राज के खिलाफ गांव-पंचायतों से होगा आंदोलन : मीना तिवारी

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** बुलडोजर राज लोकतंत्र व जन विरोधी है। इससे गरीबों, मजदूर-किसानों, महिलाओं व छात्र- नौजवानों के अधिकारों को रौंदा जा रहा है। इसके खिलाफ गांव-पंचायतों से आंदोलन तेज किया जायेगा। इस दिशा में अभी से 15 जुलाई तक पार्टी के सभी कार्यकर्ता गांव-पंचायतों में ग्रामीण व खेत मजदूरों सहित किसानों व महिलाओं को संगठित करने पर जोर देंगे। शुक्रवार को नगर के दीवान रोड स्थित किरण श्री सभागार में आयोजित भाकपा माले के जिलास्तरीय कार्यकर्ता कन्वेंशन को संबोधित करते हुए पार्टी की पॉलित ब्यूरो सदस्य व ऐपवा की राष्ट्रीय महासचिव मीना तिवारी ने यह घोषणा की। उन्होंने कहा





भाकपा माले के जिलास्तरीय कंवेशन को संबोधित करती पार्टी की पॉलित ब्यूरो सदस्य व ऐपवा की राष्ट्रीय महासचिव मीना तिवारी।

**भाकपा-माले के जिलास्तरीय कार्यकर्ता कन्वेंशन में गरीबों ग्रामीण मजदूरों, किसानों, महिलाओं व नौजवानों को गोलबंद करने पर दिया गया जोर**

कि भाजपा सरकार मुजफ्फरपुर सहित बिहार के 11 जिलों में कॉरपोरेट व पूंजीपति घरानों के फायदे के लिए सैटेलाइट टाउनशीप बनाने में जुट गई है। मुजफ्फरपुर में ही 22 हजार एकड़ से ज्यादा किसानों व आमलोगों की जमीन जबरन हड़पने की योजना बनाई गई है। यह योजना किसानों व आमलोगों को उजाड़ने की योजना है। उन्होंने कहा कि किसानों व आमलोगों को गोलबंद कर सैटेलाइट टाउनशीप पर रोक लगाने के लिए भी चौतरफा संघर्ष शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुजफ्फरपुर सहित बिहार में 30 लाख से अधिक दलितों, गरीबों, भूमिहीनों और ग्रामीण मजदूरों को इस अभियान के दौरान सदस्य बनाया जायेगा। इस अभियान को ग्रामीण रोजगार, मनरेगा में काम की गारंटी, भूमि अधिकार, आवास और सामाजिक सुरक्षा जैसे मुद्दों से जोड़ा जाएगा। साथ ही अखिल भारतीय किसान महासभा के 10 लाख तथा महिला संगठन ऐपवा के भी 10 लाख सदस्य बनाने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए राज्यव्यापी अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बुलडोजर राज के विरुद्ध गांव गांव तक संगठन को पहुंचाने और किसान-मजदूर आंदोलन को मजबूत करने का आह्वान किया। कन्वेंशन का संचालन माले जिला सचिव जितेन्द्र यादव ने किया। कन्वेंशन को पूर्व माले जिला सचिव कृष्णमोहन, मजदूर सभा के राज्य सचिव शत्रुघ्न सहनी, वरिष्ठ महिला नेत्री शारदा देवी, सभी प्रखंडों के पार्टी सचिव रामबालक सहनी, मनोज यादव , विमलेश मिश्र, रामबली मेहता, राजेश रंजन, वीरबहादुर सहनी, विवेक कुमार, खेत मजदूर सभा के जिला अध्यक्ष होरिल राय, जिला सचिव रामनंदन पासवान, वीरेन्द्र पासवान, नरेश राय, किसान नेता विन्देश्वर साह, प्रेमलाल राय, रसोईया संघ के जिला संयोजक नीलकमल, नौजवान सभा के शफीकुर रहमान, पार्टी जिला कमिटी सदस्य संजय दास, दीपक कुमार, कृष्णनंदन झा सहित और कार्यकताओं ने भी संबोधित किया। कन्वेंशन में लोकतंत्र संविधान, सामाजिक न्याय और जनता के अधिकारों पर बढ़ते हमले तथा बेतहाशा जारी अपराध, लूट व हत्या के खिलाफ व्यापक जनप्रतिरोध खड़ा करने का संकल्प लिया गया।

### आरडीएस कॉलेज के पूर्व प्राचार्य व अंग्रेजी के विद्वान डॉ के पी ठाकुर के निधन पर शिक्षा जगत में शोक

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** आरडीएस कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ केपी ठाकुर का निधन 17 जून को मुंबई में हो गया। उनके निधन की खबर फैलते ही पूरे शिक्षा जगत में शोक की लहर फैल गई। इसके साथ ही डॉ ठाकुर के हित चिंतको, उनके साथ रहने और नजदीक से जानने वाले समाज में भी शोक छा गया। आरडीएस कॉलेज के प्राचार्य डॉ शशि भूषण कुमार ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निधन से पूरा कॉलेज परिवार स्तब्ध है। पूरा कॉलेज परिवार उनके निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त करता है। प्राचार्य ने बताया कि वे एक विद्वान प्रोफेसर के रूप में शिक्षा जगत में जाने जाते रहे हैं। अंग्रेजी भाषा और व्याकरण के क्षेत्र में उनकी विशेष पहचान रही है। उनके द्वारा लिखित ए प्रैक्टिकल गाइड टू इंग्लिश ग्रामर तथा ए प्रैक्टिकल गाइड टू इंग्लिश ट्रांसलेशन एंड कंपोजिशन पुस्तकें बिहार और पूरे भारत में छात्रों के बीच अत्यधिक लोकप्रिय है। विश्वविद्यालय अंग्रेजी विभाग की अध्यक्षा डॉ अनिता सिंह, पूर्व प्रॉक्टर डॉ वीएस राय, डॉ नीलिमा झा, डॉ रमेश प्रसाद गुप्ता, सीनेटर डॉ संजय कुमार सुमन, डॉ एम एन रजवी, डॉ आरती कुमारी, डॉ ललित किशोर आदि ने उनके निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। इसके अतिरिक्त विभिन्न कॉलेज व शिक्षण संस्थानों के वरिष्ठ प्राध्यापको, विवि सहित विभिन्न कॉलेज के विभाग अध्यक्षों ने भी डॉ के पी ठाकुर के निधन को शिक्षा जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए उनके प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।



स्व डॉ के पी ठाकुर की फाइल फोटो।

कांग्रेस के नवचयनित प्रखंड अध्यक्षों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया

## कांग्रेस पश्चिमी के सदस्यों ने बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने का लिया संकल्प

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** जिला कांग्रेस कमेटी मुजफ्फरपुर पश्चिमी द्वारा संगठन विस्तार के तहत नौ चयनित प्रखंड अध्यक्षों को शुक्रवार को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। जिलाध्यक्ष कृपा शंकर शाही ने सभी नव-नियुक्त प्रखंड अध्यक्षों को माला एवं अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित करते हुए नियुक्ति पत्र सौंपा। नियुक्त किए गए प्रखंड अध्यक्षों में पारू से सिद्धार्थ शर्मा, सरैया से नीरज कुमार, मड़वन से रामनरेश सिंह, कांटी से मो अब्दुल्ला, मोतीपुर से शशि गुप्ता तथा कुढ़नी से त्रिभुवन पटेल सहित अन्य शामिल हैं।

इस दौरान अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी के जन्मदिवस को भी धूमधाम से मनाया गया। जिला अध्यक्ष कृपा शंकर शाही ने केक काटकर इस मौके पर राहुल गांधी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस के पश्चिमी जिलाध्यक्ष कृपा शंकर शाही ने



नवचयनित प्रखंड अध्यक्षों को नियुक्ति पत्र देते कांग्रेस के पश्चिमी जिलाध्यक्ष।

कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के नेतृत्व को मजबूत करने के लिए बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सभी जाति, धर्म और संप्रदाय के लोगों को साथ लेकर चलने में विश्वास रखती है।

उन्होंने बताया कि पेपर लीक, सीबीएसई की कथित लापरवाही, बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी के विरोध में 20 जून को दोपहर 12:30 बजे खुदीराम बोस स्मारक स्थल से प्रतिरोध मार्च निकाला जाएगा, जो जिलाधिकारी कार्यालय तक जाएगा। मौके पर सुरेश शर्मा नीरज, आलोक शर्मा, संजय कुमार, मोहम्मद मुमताज अंसारी, त्रिभुवन पटेल, राम विलास ठाकुर, मोहम्मद अब्दुल्ला, शशिकांत गुप्ता, मोहम्मद अंजार, मोहम्मद सैनुल्लाह, सिद्धार्थ कुमार शर्मा, नीरज कुमार, रामनरेश सिंह, रितेश झा, गोपाल मिश्रा, विक्की कुमार चौधरी, बसंत कुमार, पुकार चौधरी, दीपू सिंह, सुनील सहनी, शंकर राम सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विवाहिता को डायन करार देते हुए ससुराल वालों ने बाल पकड़ कर सड़क पर घसीटा और की पिटाई

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** पानापुर करियात थाना क्षेत्र से शुक्रवार को मानवता को शर्मसार करने वाली एक घटना सामने आई। अंधविश्वास और डायन प्रथा के नाम पर एक विवाहिता को उसके ससुराल पक्ष के लोगों ने ही उसे डायन करार देते हुए बाल पकड़कर घसीटते हुए बीच सड़क पर ले जाकर बेरहमी से उसे पीटा। घटना का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई और त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

**पुलिस ने विवाहिता के सास ससुर समेत तीन लोगो को किया गिरफ्तार**

पुलिस ने बताया कि वायरल हो रहे इस वीडियो को गंभीरता से लेकर उसकी जांच कराई गई। वायरल वीडियो में दो पुरुष और एक महिला द्वारा पीड़िता को घेरकर उसके साथ मारपीट किए जाने तथा महिला को डायन बताकर उसके बाल पकडकर सड़क पर घसीटने की बात सत्यापित होने के पश्चात घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने जब पुरे मामले की जांच पड़ताल की। इस दौरान लोगो ने बताया कि महिला को डायन बताकर उसके बाल पकड़कर सड़क पर घसीटा गया तथा लात घूँसे और थप्पड़ों से उसकी पिटाई की गई। पीड़िता लगातार चीखती-चिल्लाती रही, लेकिन विवाहिता के ससुराल वालों ने महिला के प्रति कोई रहम नहीं दिखाई। वही ग्रामीणों द्वारा पुलिस के पहुंचने पर जो जानकारी दी गई, उसके आधार पर त्वरित कारबाई करते हुए पीड़िता द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी के आधार पर उसके ससुर, सास और देवर को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की जांच के साथ गिरफ्तार किए गए लोगो से पूछताछ की जा रही है। साथ ही पुलिस पूरी घटना को गंभीरता से लेते हुए पुरे मामले की जांच में जुटी है। पानापुर करियात थानाध्यक्ष ने बताया की जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## जिला कार्यालय में कांग्रेस के लोगो ने केक काट कर मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर शुक्रवार को तिलक मैदान स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष पूर्वी अरविंद कुमार मुकुल के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में मौके पर उपस्थित पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओ ने केक काटकर अपने नेता राहुल गांधी का जन्मदिन मनाया। साथ ही एक दूसरे को केक खिलाकर सभी ने इस खास दिन को यादगार बनाया। मौके पर पार्टी के पूर्वी जिलाध्यक्ष अरबिंद कुमार मुकुल ने कहा कि राहुल गांधी करोड़ों युवा भारतीयों के लिए आशा, साहस, समान अवसर और न्याय के लिए अडिग संघर्ष के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी लगातार जनहित के मुद्दों को उठाकर देश के युवाओं, किसानों, मजदूरों एवं वंचित वर्गों की आवाज बुलंद कर रहे हैं। वही अन्य वक्ताओं ने कहा कि राहुल गांधी का समर्पण, जनसेवा का संकल्प और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता देश के युवाओं को बेहतर भारत के निर्माण के लिए निरंतर प्रेरित करती है। इस अवसर पर पूर्व नगर विधायक विजेन्द्र चौधरी, महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष जूही प्रीतम, बोचहां प्रखंड अध्यक्ष प्रभात चंद्र, गायघाट प्रखंड अध्यक्ष ललित कुमार यादव, मुशहरी प्रखंड अध्यक्ष रामप्रवेश पाल, नगर अध्यक्ष मो आमिर, संजय कुमार साहू, कुणाल सहाय, शिवजी पासवान सहित दर्जनो कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।





जिला कार्यालय में केक काटकर राहुल गांधी का जन्मदिन मनाते कांग्रेस के नेता-कार्यकर्ता।

## बीआरए बिहार विवि के नए अतिथिगृह परिसर में तीन दिवसीय योगाभ्यास शिविर का हुआ शुभारंभ

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून 2026) के पावन अवसर पर शुक्रवार को बिआरए बिहार विवि के नए अतिथि गृह परिसर में तीन दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ हुआ। कुलपति प्रो डॉ दिनेशचंद्र राय की अध्यक्षता में आयोजित इस तीन दिवसीय शिविर के प्रथम दिवस के योगाभ्यास की शुरूआत योग शिविर के निवेदक व विश्वविद्यालय के कुलानुशासक प्रो रबीन्द्र कुमार चौधरी, भौतिकी विज्ञान के अध्यक्ष प्रोफेसर लल्लन कुमार, रसायन शास्त्र के अध्यक्ष प्रो नवेदुल हक, डॉ अनुराधा पाठक, समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना तथा पतंजलि केंद्र मुजफ्फरपुर के जिलाध्यक्ष योग प्रशिक्षक राजीव कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। वही योग प्रशिक्षकों ने मौके पर उपस्थित सभी लोगों को अत्यंत सरल और प्रभावी ढंग से विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। योग प्रशिक्षक ने योगाभ्यास के अंतर्गत





अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अपलक्ष्य में शुक्रवार से विवि परिसर में शुरू हुईं तीन दिवसीय योग शिविर में योगाभ्यास से लाभ के संबंध में जानकारी देते प्रशिक्षक।

सर्वप्रथम शांतिपाठ के बाद योग प्रोटोकॉल के अनुसार विभिन्न आसनों और प्राणायम का अभ्यास कराया। इस दौरान उन्होंने दैनिक जीवन में योग के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि योग न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक शांति और एकाग्रता बढ़ाने की भी अचूक औषधि है। इस तीन दिवसीय योग शिविर के प्रथम दिन के योगाभ्यास में विश्वविद्यालय के कर्मचारी, एनएसएस के स्वयंसेवक एवं विश्वविद्यालय स्थित पुरूष छात्रावास के छात्रों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने पूरी सजगता के साथ योगाभ्यास किया और इस स्वास्थ्यवर्धक अभियान का हिस्सा बने। कार्यक्रम के आयोजकों ने बताया कि यह शिविर अगले दो दिनों तक निरंतर जारी रहेगा, जिसमें योग के अन्य विभिन्न आयामों से सभी को परिचित कराया जाएगा।

बीपीएससी शिक्षक बनते ही यूपी की बहू ने अपने पति के साथ रहने से किया इनकार

# ससुराल वालों ने की शिक्षा विभाग से शिकायत, नौकरी पर संकट

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** मुजफ्फरपुर में कार्यरत एक बीपीएससी शिक्षिका की नौकरी पर संकट मंडराने लगा है। शिक्षिका के पति द्वारा की गई शिकायत के बाद मामला मुजफ्फरपुर जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय तक पहुंच गया है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि शिक्षिका ने गलत जानकारी और दस्तावेज देकर नौकरी हासिल की है। फिलहाल शिक्षा विभाग ने शिकायत और संबंधित दस्तावेजों की जांच शुरू कर दी है।

इस मामले में शिक्षिका के ससुराल वाले द्वारा की गई शिकायत के अनुसार उत्तर प्रदेश के जौनपुर निवासी प्रवीण कुमार विश्वकर्मा की शादी 2 दिसंबर 2022 को बिंदु विश्वकर्मा से हुई थी। शादी के बाद शुरूआती दिनों में सब कुछ सामान्य रहा। इसी दौरान बिंदु ने बीपीएससी के तहत शिक्षक भर्ती परीक्षा टीआरई-1 की तैयारी शुरू की। परिवार

**शिक्षा विभाग को गलत जानकारी देकर नौकरी लेने का आरोप लगाया**

के सहयोग और मेहनत के बाद जुलाई 2023 में आयोजित परीक्षा में विन्दु विश्वकर्मा का चयन हो गया। बताया गया है कि नवंबर 2023 में बिंदु की पहली पोस्टिंग मुजफ्फरपुर जिले के कटरा प्रखंड स्थित प्राथमिक विद्यालय, दहटोला पहसौल में हुई। ससुराल वालों का आरोप है कि नौकरी मिलने के बाद पति-पत्नी के रिश्तों में दूरी बढ़ने लगी।

पति का कहना है कि शिक्षिका बनने के बाद बिंदु ने उनसे और उनके परिवार से दूरी बना ली। शिकायत के अनुसार, अप्रैल 2025 में प्रवीण अपनी पत्नी के साथ रहने की उम्मीद लेकर मुजफ्फरपुर पहुंचे थे, लेकिन कथित तौर पर बिंदु ने उन्हें अपने साथ रखने से इनकार कर



आरोपी शिक्षिका की शादी के दौरान पति के साथ की फोटो।

दिया। इसके बाद दोनों के रिश्ते और खराब हो गए। वर्तमान में दोनों के बीच बातचीत भी बंद बताई जा रही है। विन्दु विश्वकर्मा के पति प्रवीण विश्वकर्मा के बड़े भाई गुरु प्रसाद विश्वकर्मा ने जिला शिक्षा पदाधिकारी मुजफ्फरपुर कार्यालय को आवेदन देकर आरोप लगाया है कि टीआरई-1 परीक्षा के दौरान बिंदु ने खुद को अविवाहित बताया था, जबकि उसकी शादी पहले ही हो चुकी थी। उन्होंने कहा है कि शिक्षिका ने विभाग को गुमराह किया है और गलत दस्तावेज के आधार पर नौकरी पाई है। उन्होंने शिक्षा विभाग के संबंधित अधिकारी से इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने तथा विभाग को गुमराह कर नौकरी हासिल करने वाली शिक्षिका के विरुद्ध कानूनी और विभागीय कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। वहीं, शिक्षिका बिंदु विश्वकर्मा ने आरोपों को लेकर अपना पक्ष रखते हुए कहा कि उन्होंने वैवाहिक संबंधों को सुधारने की कोशिश की थी, लेकिन परिस्थितियां अनुकूल नहीं रहीं। उन्होंने कहा कि मामला फिलहाल न्यायालय में विचाराधीन है, इसलिए वह अपना आधिकारिक पक्ष अदालत के समक्ष ही रखेंगी। उधर, विभागीय अधिकारी का कहना है कि फिलहाल शिक्षा विभाग पूरे मामले की जांच कर रहा है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही विभाग द्वारा निर्धारित नियम शर्तो के अनुसार आरोपी शिक्षका के विरुद्ध कार्रवाई की जा सकेगी।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में भूमि विवाद, मद्यनिषेध एवं खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित

# भूमि विवादों के त्वरित निष्पादन का निर्देश

**सीतामढ़ी (दैनिक नवसंदेश)।** समाहरणालय स्थित विमर्श सभा कक्ष में जिलाधिकारी रिची पांडेय की अध्यक्षता में जिले में लंबित भूमि विवादों ,मद्द निषेध एवं खनन टास्क फोर्स की बैठक की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित रंजन भी मौजूद थे।

बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी प्रकार के भूमि संबंधित मामलों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में सभी अंचल अधिकारी एवं थाना प्रभारी को आदेश दिया गया कि वे प्रत्येक शनिवार को अंचल कार्यालय में भूमि विवाद समाधान शिविर एवं जनता दरबार का आयोजन करना नियमित रूप से जारी रखें, ताकि लोगों की समस्याओं का स्थल पर ही त्वरित समाधान संभव हो सके। इस संबंध में स्थानीय स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार करने का भी निर्देश दिया गया, जिससे अधिक से अधिक लोग इन बैठकों का लाभ उठा सकें।


बैठक करते जिलाधिकारी रिची पांडेय।

जिलाधिकारी ने अपर समाहर्ता (राजस्व) को भूमि विभाग से संबंधित लंबित मामलों की समीक्षा (रिव्यू) नियमित रूप से करने तथा उनकी प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया कि वे प्रत्येक आयोजित बैठक की कार्यवाही (प्रोसिडिंग) जिला मुख्यालय को समय पर उपलब्ध कराएँ।

बैठक में जिले में मद्य निषेध कानून के प्रभावी क्रियान्वयन तथा अवैध खनन पर नियंत्रण को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने मद्य निषेध से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन एवं बिक्री के विरुद्ध निरंतर छापेमारी अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर विशेष निगरानी रखने तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में चौकसी बढ़ाने पर बल दिया। साथ ही मद्य निषेध कानून के प्रति आमजन को जागरूक करने हेतु व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने का भी निर्देश दिया।

खनन टास्क फोर्स की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने जिले में अवैध बालू खनन,मिट्टी खनन एवं परिवहन एवं भंडारण के मामलों पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियों एवं वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। खनन स्थलों का नियमित निरीक्षण, ओवरलोडिंग की जांच तथा राजस्व क्षति रोकने के लिए संयुक्त जांच अभियान चलाने का निर्देश भी दिया गया।

जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों—पुलिस, उत्पाद, खनन, परिवहन एवं राजस्व विभाग—को आपसी समन्वय स्थापित कर कार्रवाई करने का निर्देश देते हुए कहा कि सरकार की नीतियों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून का उल्लंघन करने वालों के प्रति किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## बैरगनिया की अंकिता टिंबरेवाल ने सीए की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर बढ़ाया क्षेत्र का मान

**बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** नगर के प्रतिष्ठित किराना व्यवसायी कैलाश टिंबरेवाल की पुत्री अंकिता टिंबरेवाल ने देश की सबसे कठिन एवं प्रतिष्ठित परीक्षाओं में शुमार चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) परीक्षा में सफलता प्राप्त कर अपने परिवार, शहर तथा पूरे क्षेत्र का नाम रौशन किया है।

अंकिता की इस उल्लेखनीय उपलब्धि से परिवार सहित पूरे बैरगनिया में खुशी का माहौल है। उनकी सफलता पर उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि दामोदर गाडिया, जदयू नेता प्रो. राजकुमार सिंह, आमोद कुशवाहा समेत अनेक मित्रों, शुभचिंतकों एवं गणमान्य लोगों ने उनके आवास पहुंचकर उन्हें शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


अंकिता को मिठाई खिलाते माता-पिता।

बधाई देने पहुंचे लोगों ने कहा कि अंकिता की यह सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। कठिन परिश्रम, लगन और दृढ़ संकल्प के बल पर उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है, जो आने वाली पीढ़ी को बड़े लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### पुनौराधाम में भव्य चबूतरा बनाकर लगेगा आदि शंकराचार्य के आगमन संबंधी पत्रक

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** वेदांत संस्था द्वारा संचालित ऐडतोरे योगानंदेश्वर सरस्वती मठ कर्नाटक के पीठाधीश्वर स्वामी श्री शंकर भारती द्वारा आदि शंकराचार्य जी महाराज के जानकी प्राक्टय स्थली पुनौराधाम में पहुंचकर हवन यज्ञ करने अधिकारिक पुष्टि करने से जानकी प्राक्टय स्थली के पौराणिकता का बहुत बड़ा प्रमाण प्रकाश में आया है। इसकी जानकारी देते पुनौराधाम राम जानकी मंदिर के महंथ कौशल किशोर दास जी ने कहा है कि श्री शंकर भारती जी ने इस संदर्भ में उक्त स्थल पर एक पत्रक लगाने के लिए दिया है। इसके लिए महंथ श्री दास ने योगानंदेश्वर सरस्वती मठ के पीठाधीश्वर स्वामी श्री शंकर भारती जी महाराज को साधुवाद दिया है। साथ ही अपने उत्तराधिकारी श्री राम कुमार दास को पुनौराधाम मंदिर के नव निर्माण एजेन्सी आहुबालिया के महाप्रबंधक दीपक कुमार पाण्डेय से संपर्क कर उक्त पीपल के उक्त वृक्ष को सुरक्षित रखते हुए वहां एक सुन्दर व आकर्षक संगमरमर का चबूतरा बना कर उस पत्रक को लगाने तथा उसका लोकार्पण जिलाधिकारी रीचि पाण्डेय जी से कराने को कहा है। इस संदर्भ में महाप्रबंधक श्री पाण्डेय ने बताया कि उक्त वृक्ष के निकट खुबसूरत चबूतरा बनाकर डीएम साहब से लोकार्पण कराने का एक सप्ताह के अंदर कर लिया जायेगा। सीता रसोई सह संत निवास के संयोजक राम शंकर शास्त्री ने बताया कि महंथ कौशल किशोर जी के सद्गुरुदेव भगवान बह्मलीन संत श्री श्री 1008 महंथ राजेश्वर दास जी के साथ वर्तमान महंथ जी स्वयं दयावान रहे हैं और इस स्थली के विकास कि अपनी भू संपति देने में बार-बार उदारता दिखाते रहे हैं। उनके गुरुदेव गायत्री मंदिर के भूखण्ड दिए और वे स्वयं सीता रसोई सह संत निवास के लिए महावीर मंदिर पटना को बिहार राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के माध्यम से निशुल्क भूमि प्रदान कर वहां आने वाले संत और तीर्थ यात्री के लिए बहुत बड़ी सुविधा उपलब्ध करायी है। अब राज्य सरकार करीब एक सौ करोड़ रुपए की लागत से दिव्य श्री जानकी जन्म स्थान मंदिर के साथ सभी जरूरत के भवन तैयार करने के रात दिन काम कर करा रही है, जो दिसंबर 2028 तक पूर्ण हो जायेगा।



शंकराचार्य के आगमन संबंधी पत्रक।

### 541 शिक्षकों का भूतलक्षी प्रभाव से प्रोन्नति पत्र निर्गत अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ का प्रदर्शन स्थगित

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिला अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ सीतामढ़ी के लंबे संघर्षों के बाद कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी स्थापना प्रशाखा द्वारा प्रारंभिक शिक्षकों के भूतलक्षी प्रभाव से कुल 541 शिक्षकों का प्रोन्नति पत्र निर्गत कर दिया गया। पत्र निर्गत के बाद जिला अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष बिनोद बिहारी मंडल, ने 20 जून को आहूत धरना प्रदर्शन को तत्काल स्थगित करने का पत्र एसडीओ सीतामढ़ी सदर को दिया। इस बाबत संघ के जिलाध्यक्ष बिनोद बिहारी मंडल, जिला सचिव दिलीप कुमार शाही, जिला उपाध्यक्ष द्विजेंद्र कुमार, संयुक्त सचिव संजय कुमार कर्ण, सीतामढ़ी अनुमंडल अध्यक्ष विनोद कुमार राय ने संघ के सभी प्रखंडस्तरीय पदाधिकारियों ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर प्रोन्नति पत्र निर्गत कराने में सहयोग करने वाले जिले के सभी माननीय जनप्रतिनिधिगण, शिक्षक संघ के सभी सदस्यों एवम सभी मीडियाकर्मियों के प्रति आभार किया। जिला सचिव ने जिलास्तरीय कैम्प लगाकर फिक्सेशन संबंधी कार्यों को पूरा करने की मांग डीपीओ स्थापना से की।

### मड़वन के अग्निपीड़ित परिवारों को मिली राहत, विधायक अजीत कुमार ने सौंपे चेक व तिरपाल

**काँटी(एनएसबी)।** मड़वन प्रखंड के मकदुमपुर कोदरिया गांव में पिछले दिनों हुई आगलगी की घटना में प्रभावित परिवारों के बीच शुक्रवार को राहत सामग्री का वितरण किया गया। कांटी विधायक ई अजीत कुमार ने आठ पीड़ित परिवारों को तिरपाल एवं प्रति परिवार 20-20 हजार रुपये का राहत चेक प्रदान किया। इस दौरान उन्होंने पीड़ितों का हालचाल जाना और हरसंभव सरकारी सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा दिया। विधायक ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में प्रभावित परिवारों को हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को राहत एवं पुनर्वास कार्य में तेजी लाने तथा सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर दिलाने का निर्देश दिया। घटना के बाद से विधायक की देखरेख में प्रभावित परिवारों के लिए सामुदायिक रसोई (कम्युनिटी किचेन) का संचालन भी लगातार किया जा रहा है, जहां भोजन की व्यवस्था की गई है। ज्ञात हो कि कुछ दिन पूर्व बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग में गांव के आठ परिवारों के घर जलकर राख हो गए थे। घटना में लाखों रुपये मूल्य की संपत्ति नष्ट हो गई थी। राहत वितरण कार्यक्रम के दौरान सीओ मुकेश कुमार, जदयू प्रखंड अध्यक्ष मो. शमीम, हरिनंदन राम, विनोद शर्मा, जय किशन कुमार चौहान, उपेंद्र राय, रोजी सहनी एवं शंभू चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौजूद थे।


अग्निपीड़ित परिवार के लोगो को सहायता राशि का चेक सौपते क्षेत्रीय विधायक अजीत कुमार।

**20-20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता के साथ ही सामुदायिक रसोई का संचालन भी जारी**

## ब्राउन सुगर की खरीद-बिक्री कर रहे दो युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** नेपाल के रौतहट जिला अंतर्गत चंद्रपुर नगरपालिका-6 डाबरी टोला में शुक्रवार को ब्राउन सुगर की खरीद-बिक्री कर रहे दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। रौतहट के डीएसपी सह पुलिस प्रवक्ता बसंत गौतम ने बताया कि नियमित जांच कार्रवाई के दौरान शुक्रवार को रौतहट जिले के चंद्रपुर नगरपालिका-6 डाबरी टोला में चेक जांच अभियान चलाया जा रहा था।

जांच के दौरान एक व्यक्ति के पर्स से कुछ प्रतिबंधित पदार्थ 0.080 मिलीग्राम (ब्राउन सुगर) बरामद करने के साथ उंसके पास से 32 हजार 290 रुपया नगद बरामद किया गया है।श्री गौतम ने बताया कि पकड़े गए व्यक्ति की पहचान रौतहट जिले के चंद्रपुर नगरपालिका-6 शांति नगर टोला निवासी निराश कुमार सापकोटा-26 के रूप में की गई है साथ ही प्रारंभिक जांच में उक्त पदार्थ बिक्री के आरोप में चंद्रपुर-6 शांतिनगर टोल के विकास न्योपाने-30 को भी गिरफ्तार किया गया है,उनके पास से 22 हजार 390 रुपये बरामद किए गए है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए दोनों युवकों को पुलिस कार्यालय चन्द्रनिगाहपुर में रखकर आवश्यक छानबीन की जा रही है।


ब्राउन सुगर, नगद रुपये के साथ गिरफ्तार युवक।

## केक काटकर मनाया गया नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का 56वां जन्मदिन, दीघार्यु की कामना

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का 56 वां जन्मदिन कांग्रेस जिलाध्यक्ष अमित कुमार टुन्ना के नेतृत्व में ललित आश्रम गांधी मैदान में केक काटकर धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकताओं ने उनकी दीघार्यु, अच्छे स्वास्थ्य एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

जिलाध्यक्ष अमित कुमार टुन्ना ने कहा कि राहुल गांधी शोषित, वंचित, किसान, मजदूर और युवाओं की मजबूत आवाज हैं। मौजूदा भाजपा सरकार ने देशवासियों को महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और पेपर लीक जैसी समस्याओं से त्रस्त किया हुआ है। देश की जनता राहुल गांधी की ओर आशा और उम्मीद से देख रही है। किसान, युवा और आम जनता भाजपा के बहकावे में नहीं आने वाली है और 2029 में राहुल गांधी के नेतृत्व वाली सरकार को चुनकर देश को खुशहाल बनाएगी। मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता सीताराम झा, प्रदेश प्रतिनिधि डॉ. राजीव कुमार काजू, रितेश रमण सिंह, मो. शम्स शाहनवाज, मनोज कुमार सिंह, डॉ. धीरज मिश्रा, आलोक सिंह राठौर, आफताब अंजुम बिहारी, ताराकांत झा, राहुल रमेश गुप्ता, ऋतु ठाकुर, चंद्र भूषण सिंह, प्रो. राम प्रवेश कुशवाहा, मो. इरशाद खान कैप्टन, धीरज सिंह, वीरेंद्र कुशवाहा, अर्चना कुमारी, उमा कुमारी, विवेक कुमार झा, गोविंद कुमार, मो. अख्तर रजा खान, चूल्हाई साह, नीरज यादव, गुड्डू सिंह, राजीव कुशवाहा, सुशील यादव, उमेश सिंह, सिप्पु सिंह आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।


कांग्रेस कार्यालय में केक काटकर राहुल गांधी का जन्मदिन मनाते पार्टी के नेता व कार्यकर्ता।

## 'सबका सम्मान-जीवन आसान' कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बिहार सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम सात निश्चय-3 अंतर्गत सातवें निश्चय सबका सम्मान-जीवन आसान के तहत शुक्रवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जिला पदाधिकारी रिची पांडेय ने आमजनों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी शिकायतें सीधे जिलाधिकारी के समक्ष रखीं जहां परिवादों को सुना गया एवं उसके समाधान की दिशा में आवश्यक कदम उठाए गए।

जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद, राजस्व संबंधी मामले, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना,आई सी डी एस, विद्युत आपूर्ति, पेयजल, सड़क, राशन कार्ड,अतिक्रमण, सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी परिवाद प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने प्रत्येक मामले की बारीकी से समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल एवं प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी श्री पांडेय ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनसमस्याओं के निष्पादन में जिले के सभी पदाधिकारी पूरी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक शिकायत काजिले में आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं पारदर्शी समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल समाधान निर्धारित समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम जनता को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।


अपने कार्यालय कक्ष में आमजनों की समस्याओं को सुनते जिला पदाधिकारी रिची पांडेय।

जिलाधिकारी ने कहा कि सेवा-संवाद-समाधान कार्यक्रम के माध्यम से प्रशासन और आम जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित हुआ है। इससे न केवल समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया तेज हुई है, बल्कि प्रशासन के प्रति आम लोगों का भरोसा भी और अधिक मजबूत हुआ है। वहीं जिलाधिकारी के कार्यालय कक्ष में लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के द्वितीय अपील की सुनवाई की गई। कुल 09 मामलों की सुनवाई की गई।

## लालबकैया नदी में नहाने के दौरान डूबने से दो नाबालिग बच्चों की दर्दनाक मौत

**बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** स्थानीय लालबकैया नदी में स्नान करने के दौरान दो नाबालिग बच्चों की डूबने से दर्दनाक मौत हो गई, जबकि तीन बच्चे बच निकले है, मृतक के घरों में कोहराम मचा हुआ है तो गांव में मातम पसरा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार नगर परिषद, बैरगनिया के वार्ड-5 अशोगी निवासी प्रमोद मंडल के 12 वर्षीय पुत्र आलोक कुमार तथा अशोक सिंह के 15 वर्षीय पुत्र रवि किशन अपने तीन अन्य साथियों के साथ शुक्रवार को दिन के करीब 12 बजे लालबकैया नदी में स्नान करने गया लेकिन तीन बच्चे निकल गए लेकिन गहरे पानी मे जाने के कारण आलोक एवं रवि पानी से नहीं निकल सका,शोर पर कुछ लोगों ने नदी से जबतक इन दोनों बच्चों को निकाला तबतक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना पर सीओ रंजीत कुमार के निर्देश पर राजस्व अधिकारी अमित राज एवं राजस्व कर्मचारी ललन कुमार घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की विस्तृत जानकारी लेकर लौट गए जबकि पुलिस टीम के साथ पहुंचे एएसआई सुशील कुमार ने दोनों बच्चे के शवों को पोस्टमार्टम के लिए सीतामढ़ी सदर अस्पताल भेज दिया।घटना के बाद पूरे गांव एवं आसपास के क्षेत्रों में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है वही मृतक बच्चों के घर मे कोहराम मचा हुआ है।स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता रामाशीष राय,पार्षद श्याम जायसवाल, गणेश चौधरी,विजय झा सहित अन्य लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवारों को उचित सरकारी सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।मृतक आलोक कुमार अपने पीछे पिता प्रमोद मंडल, माता उषा देवी, भाई रितिक कुमार तथा बहनें मुस्कान कुमारी और खुशी कुमारी को छोड़ गए हैं। वहीं रवि किशन अपने पीछे पिता अशोक सिंह, माता गायत्री देवी तथा भाई विक्की कुमार, सुमित कुमार और शनि कुमार को छोड़ गए हैं।इस हृदयविदारक घटना से पूरे क्षेत्र में शोक व्याप्त है।मालूम हो कि प्रत्येक बर्ष लालबकैया नदी में स्नान करने के दौरान डूबने से बच्चों की मौत होती आ रही है बाबजूद बच्चे इससे सबक लेकर खुद को सुरक्षित नहीं कर पा रहे है।


मृतक के घर में रोते बिलखते परिजन व अन्य।

## उत्तर बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स ने रेल अधिकारियों के समक्ष उठाई यात्रियों व व्यापारियों की समस्याएं, समाधान की मांग

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** उत्तर बिहार वाणिज्य एवं उद्योग परिषद, मुजफ्फरपुर के अध्यक्ष श्याम सुन्दर भीमसेरिया के नेतृत्व में परिषद का एक प्रतिनिधि मंडल आज दिनांक 19.06.2026 को पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबन्धक कार्यालय हाजीपुर में आयोजित बैठक में शामिल हुआ।

बैठक में पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य यात्री ट्रैफिक प्रबन्धक यशवंत चौधरी, मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक (एफएम) मो. जफर आजम, उप मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक (पीएस) प्रभास राघव, उप मुख्य परिचालन प्रबन्धक (गुड्स) राजेश कुमार, उप मुख्य परिचालन प्रबन्धक (कोच) मो. इम्तयाज आलम, उप मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक (एफएम) पंकज कुमार, सहायक यातायात प्रबन्धक (एचक्यू) नलिन सिन्हा एवं संत शरण उपस्थित थे। बैठक में परिषद के प्रतिनिधि मंडल ने उत्तर बिहार क्षेत्र की रेल कनेक्टीविटी, यात्री सुविधाएँ तथा रेल अवसंरचना से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयो पर विस्तार पूर्वक विचार विमर्श किया।


पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक कार्यालय, हाजीपुर में आयोजित बैठक में शामिल चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधि व अन्य।

प्रतिनिधि मंडल में परिषद अध्यक्ष श्याम सुन्दर भीमसेरिया के साथ महामंत्री प्रमोद कुमार जाजोदिया, सज्जन शर्मा एवं बिनोद केजड़ीवाल सम्मिलित हुए।

प्रतिनिधि मंडल ने उत्तर बिहार के यात्रियों एवं व्यापारी समुदाय की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए पटना एवं छपरा से विभिन्न शहरो तक परिचालित ट्रेन सं. 12791/92, सिकन्दराबाद से पटना, 13243/44, गया जी से पटना, 19313/14 इन्दौर से पटना, 12669/70 चेन्नई से छपरा, 22532" मथुरा से छपरा, 12295/96 बैगलोर से पटना, 26501/502, गोरखपुर से पाटलिपुत्र, 23349/50 पटना रॉची, का परिचालन एवं विस्तार मुजफ्फरपुर तक किए जाने, मुजफ्फरपुर से गुजरने वाली महत्वपूर्ण देनो में एसी क्लास में कोटा बढ़ाने, गाड़ी सं. 13019/20 बाघ एक्सप्रेस में पेन्ट्रीकार की व्यवस्था एवं टाइमिंग में सुधार करने, गाडी सं0 12724/25 डिब्रूगढ़ राजधानी का कोच बदलने मुजफ्फरपुर जंक्शन से हावड़ा/कोलकाता, दिल्ली के लिए ओवरनाईट ट्रेन चलाने, दैनिक यात्रियों, छात्रों एवं नौकरीपेशा लोगो की सुविधा हेतु मुजफ्फरपुर से पाटलिपुत्रा के प्रतिदिन एक मेमू/डेमू ट्रेन चलाने, उत्तर बिहार के रेल यात्रियों को सुविधा दिलाने हेतु जेडआरयुसीसी एवं डीआरयुसीसी में प्रतिनिधित्व देने तथा व्यापारियों एवं उद्यमियों के हित में बाहर माल भेजने एवं मंगाने हेतु रियायत दर पर सुविधा उपलब्ध कराने विभिन्न रेल मार्गों पर ट्रेनों के परिचालन में सुधार, नयी रेल सेवाओं का विस्तार एवं सुझाव, महत्वपूर्ण स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण, स्वच्छता, सुरक्षा, पार्किंग, नारायणपुर अनंत एवं बरौनी रैक प्वायन्ट पर हो रही असुविधाओं एवं जनोपयोगी सुविधाओं के विकास की मांग रखते हुए पदाधिकारियों को ज्ञापन दिया गया।

## सम्पादकीय

# मोदी सरकार के 12 वर्षों की रक्षा क्षेत्र में उपलब्धियां

भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा किसी भी राष्ट्र की संप्रभुता, स्थिरता और विकास का आधार होती है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से भारत ने अपनी रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास किए हैं, किंतु वर्ष 2014 के बाद रक्षा क्षेत्र में जिस प्रकार व्यापक सुधारों, आधुनिकीकरण और आत्मनिर्भरता की दिशा में ठोस कदम उठाए गए, उसने देश की सामरिक स्थिति को नई उंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के पिछले बारह वर्षों के दौरान रक्षा क्षेत्र में अनेक ऐसी उपलब्धियां दर्ज की गईं, जिन्होंने न केवल भारतीय सशस्त्र बलों की क्षमता को बढ़ाया, बल्कि भारत को वैश्विक रक्षा परिदृश्य में एक मजबूत और विश्वसनीय शक्ति के रूप में स्थापित किया।

मोदी सरकार की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धियों में आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत रक्षा उत्पादन को प्रोत्साहन देना प्रमुख है। लंबे समय तक भारत विश्व के सबसे बड़े रक्षा आयातकों में शामिल रहा, जिसके कारण देश की सामरिक आवश्यकताओं के लिए विदेशी कंपनियों पर निर्भरता बनी रहती थी। इस स्थिति को बदलने के उद्देश्य से सरकार ने स्वदेशी निर्माण को प्राथमिकता दी और मेक इन इंडिया कार्यक्रम के तहत रक्षा उद्योग में घरेलू कंपनियों की भागीदारी को बढ़ावा दिया। रक्षा मंत्रालय द्वारा कई ऐसी वस्तुओं की सूची जारी की गई जिनका आयात प्रतिबंधित कर दिया गया और उन्हें देश में ही विकसित एवं निर्मित करने का निर्णय लिया गया। इसके परिणामस्वरूप भारतीय उद्योगों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों तथा निजी कंपनियों को नए अवसर प्राप्त हुए।

रक्षा उत्पादन में वृद्धि मोदी सरकार की एक उल्लेखनीय उपलब्धि रही है। रक्षा उत्पादन का मूल्य लगातार बढ़ा है और भारत ने युद्धपोतों, मिसाइल प्रणालियों, हेलीकाप्टरों, तोपों, बुलेटप्रूफ उपकरणों तथा इलेक्ट्रानिक रक्षा प्रणालियों के निर्माण में महत्वपूर्ण प्रगति की है। रक्षा निर्यात में भी अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की गई है। जो भारत कभी रक्षा उपकरणों का प्रमुख आयातक माना जाता था, वही आज अनेक देशों को रक्षा सामग्री निर्यात कर रहा है। इससे विदेशी मुद्रा अर्जित होने के साथ-साथ भारतीय रक्षा उद्योग की वैश्विक पहचान भी मजबूत हुई है।

रक्षा खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता और दक्षता लाने के लिए भी सरकार ने कई सुधार किए। रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया को सरल बनाया गया तथा घरेलू उद्योगों को प्राथमिकता देने के लिए नई नीतियां लागू की गईं। विदेशी निवेश की सीमा में वृद्धि कर रक्षा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को आकर्षित करने का प्रयास किया गया, जिससे आधुनिक तकनीकों का हस्तांतरण संभव हो सका। निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ने से प्रतिस्पर्धा में वृद्धि हुई और नवाचार को प्रोत्साहन मिला।

भारतीय वायुसेना के आधुनिकीकरण के क्षेत्र में भी मोदी सरकार ने महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कीं। लंबे समय से लंबित लड़ाकू विमानों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए फ्रांस से राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद की गई। अत्याधुनिक तकनीक से लैस राफेल विमानों के शामिल होने से भारतीय वायुसेना की मारक क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। ये विमान आधुनिक हथियार प्रणालियों, लंबी दूरी की मिसाइलों तथा उन्नत रडार से युक्त हैं, जो भारत की वायु सुरक्षा को और अधिक मजबूत बनाते हैं।

स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान तेजस को बढ़ावा देना भी सरकार की एक बड़ी उपलब्धि रही। हिंदुस्तान एयरोनटिक्स लिमिटेड द्वारा निर्मित तेजस विमान भारतीय वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की क्षमता का प्रतीक है। सरकार ने तेजस के बड़े पैमाने पर निर्माण के लिए स्वीति प्रदान की, जिससे वायुसेना को स्वदेशी विकल्प प्राप्त हुआ और विदेशी निर्भरता कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ा।

भारतीय नौसेना के आधुनिकीकरण पर भी विशेष ध्यान दिया गया। स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत का निर्माण और नौसेना में उसका शामिल होना भारत की तकनीकी क्षमता का उत्कृष्ट उदाहरण है। यह भारत का पहला स्वदेशी विमानवाहक पोत है, जिसके निर्माण ने देश को उन चुनिंदा राष्ट्रों की श्रेणी में शामिल कर दिया जो स्वयं विमानवाहक पोत का निर्माण करने में सक्षम हैं। इसके अतिरिक्तआधुनिक पनडुब्बियों, विध्वंसक युद्धपोतों और फ्रिगेट्स का निर्माण एवं कमीशनिंग भी की गई, जिससे समुद्री सुरक्षा और हिंद महासागर क्षेत्र में भारत की रणनीतिक स्थिति मजबूत हुई।

# 'छात्रों की गूंज' के जरिए युवाओं की उम्मीद बनते राहुल गांधी


अनिता कुमारी

भारतीय राजनीति के परिदृश्य में 17 जून 2026 का दिन एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बनकर उभरा है। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद राहुल गांधी ने राजस्थान के कोटा स्थित दशहरा मैदान में छात्रों की गूंज नामक राष्ट्रव्यापी अभियान का शंखनाद किया।

कोटा, जिसे पूरे देश में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों की काशी या मक्का कहा जाता है, इस अभियान के पहले चरण के लिए एक बेहद रणनीतिक और प्रतीकात्मक चुनाव था। इस विशाल युवा एवं छात्र संवाद कार्यक्रम में उमड़ी भारी भीड़ और वहां हुई चर्चाओं की गहराई ने भारतीय राजनीति में एक नए विमर्श को जन्म दिया है। यह विमर्श केवल राजनीतिक दांव-पेंच तक सीमित नहीं है, बल्कि देश के भविष्य यानी युवाओं के सबसे ज्वलंत मुद्दों पेपर लीक, महंगी शिक्षा और बेरोजगारी पर केंद्रित है। इस आयोजन की प्रारंभिक सफलता और व्यापक अनुगूंज ने राजनीतिक विश्लेषकों और आम जनता को इस बात पर विचार करने के लिए प्रेरित किया है कि क्या राहुल गांधी तेजी से देश के एक नए यूथ आइकन (युवा आदर्श) के रूप में स्थापित हो रहे हैं।

इस सवाल का उत्तर तलाशने के लिए हमें पारंपरिक राजनीति और राहुल गांधी की वर्तमान कार्यशैली के बीच के अंतर को समझना होगा। आमतौर पर भारतीय राजनीति में रैलियां एकालाप (मोनोलग) होती हैं, जहां नेता मंच से भाषण देते हैं और जनता सुनती है। लेकिन कोटा के दशहरा मैदान में नजारा इसके बिल्कुल विपरीत था। यह एक संवाद था, जहां विपक्ष के नेता ने बोलने से ज्यादा सुनने पर जोर दिया। देश भर के अलग-अलग हिस्सों से आए उन हजारों छात्रों के बीच बैठकर, उनकी आंखों में आंखें डालकर उनकी हताशा, उनके संघर्ष और उनके सपनों को सुनना एक ऐसा राजनीतिक कदम है जो युवाओं को सीधे तौर पर छूता है। आज का युवा वर्ग खोखले वादों और विभाजनकारी राजनीति से ऊब चुका है, वह चाहता है कि कोई उसकी वास्तविक समस्याओं पर बात करे। राहुल गांधी ने पेपर लीक जैसे संवेदनशील मुद्दे को उठाकर सीधे उस दुखती रग पर हाथ रखा है, जिसने पिछले कुछ वर्षों में लाखों मेधावी छात्रों के भविष्य और उनके परिवारों की जीवन भर की कमाई को तबाह किया है।

कोटा में पेपर लीक का मुद्दा उठाना केवल एक राजनीतिक बयानबाजी नहीं थी, बल्कि यह छात्रों के उस मनोवैज्ञानिक आघात को मुख्यधारा की राजनीति में लाने का एक गंभीर प्रयास था। जब एक छात्र वर्षों तक एक छोटे से कमरे में खुद को बंद करके, माता-पिता की गाढ़ी कमाई खर्च करके परीक्षा की तैयारी करता है और फिर उसे पता चलता है कि परीक्षा का पेपर पहले ही बिक चुका है, तो यह केवल एक परीक्षा का रद्द होना नहीं होता, बल्कि व्यवस्था से एक युवा के विश्वास का उठ जाना होता है।

राहुल गांधी ने इस दर्द को न केवल मंच से साझा किया, बल्कि इसे राष्ट्रीय स्तर पर एक सबसे बड़े अपराध के रूप में चिन्हित किया। युवाओं के प्रति उनकी यह संवेदनशीलता उन्हें एक पारंपरिक राजनेता की छवि से बाहर निकालकर एक हमदर्द और एक साथी के रूप में पेश करती है। यही संवेदनशीलता एक यूथ आइकन की सबसे बड़ी पहचान होती है एक ऐसा व्यक्ति जो युवाओं के दर्द को समझे और उसे दूर करने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दे।

इसके साथ ही, महंगी शिक्षा और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर राहुल गांधी की स्पष्टवादिता युवाओं के बीच उनकी स्वीकार्यता को और बढ़ा रही है। आज के दौर में शिक्षा एक व्यवसाय बनती जा रही है, जहां मध्यम और निम्न मध्यम वर्ग के परिवारों के लिए अपने बच्चों को उच्च और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाना एक दुःस्वप बन गया है। शिक्षा ऋृण के बोझ



तले दबे युवा और डिग्रियां हासिल करने के बाद भी रोजगार के अवसरों का न मिलनाये ऐसे सत्य हैं जिनसे भारत का एक बड़ा जनसांख्यिकीय हिस्सा (डेमोग्राफिक डिविडेंड) रोज जूझ रहा है।

राहुल गांधी ने छात्रों की गूंज अभियान के माध्यम से इन मुद्दों को राष्ट्रीय बहस के केंद्र में ला खड़ा किया है। उनका यह प्रयास युवाओं को यह भरोसा दिला रहा है कि देश की सर्वोच्च पंचायत (संसद) में विपक्ष का नेता उनके हकों की लड़ाई लड़ने के लिए सड़कों पर उतरने को तैयार है। जब कोई बड़ा नेता युवाओं के सबसे बुनियादी अधिकारों शिक्षा और रोजगार के लिए खड़ा होता है, तो स्वाभाविक रूप से युवा वर्ग उसकी ओर आकर्षित होता है और उसमें अपना नेतृत्व देखता है।

राहुल गांधी के एक यूथ आइकन के रूप में उभरने की इस प्रक्रिया को हम रातों-रात हुआ कोई चमत्कार नहीं कह सकते। यह एक निरंतर विकास का परिणाम है, जिसकी नींव संभवतः भारत जोड़ो यात्रा के दौरान पड़ी थी। उस यात्रा में उन्होंने जिस तरह से आम लोगों, विशेषकर युवाओं, छात्रों, छोटे कारोबारियों और बेरोजगारों से मुलाकात की थी, उसने उनकी एक नई छवि गढ़ी थी। कोटा का यह संवाद कार्यक्रम उसी यात्रा का एक अधिक केंद्रित और लक्षित विस्तार प्रतीत होता है। अब उनका फोकस पूरी तरह से देश की युवा शक्ति पर है। उनकी वेशभूषा, उनकी सहजता, छात्रों के बीच जाकर बिना किसी तामझाम के उनसे बात करने का उनका तरीकायह सब आज की जेन-जी और मिलेनियल्स को बहुत पसंद आता है। आज का युवा ऐसा नेता नहीं चाहता जो उन पर हुक्म चलाए, बल्कि वह ऐसा नेता चाहता है जो उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चले। राहुल गांधी सफलतापूर्वक खुद को इसी सांचे में ढाल रहे हैं।

इस इवेंट के बाद चर्चा यह भी है कि अंग्रेजी व हिंदी समिश्रित जिस भाषा का उपयोग राहुल गांधी कर रहे हैं, वह आज के युवाओ के बेहद करीब है। वे यूथ आइकन के रूप में युवाओं के सामने आते हैं। हालांकि यहां इस तथ्य को भी ध्यान में रखना होगा कि एक आइकन केवल समस्याओं को उजागर नहीं करता, बल्कि उम्मीद की किरण भी दिखाता है।

छात्रों की गूंज अभियान के पहले चरण की सफलता इस बात का प्रमाण है कि युवा उनके नेतृत्व में उम्मीद देख रहे हैं। विपक्ष के नेता के रूप में उनकी भूमिका अब अधिक मुखर और सशक्त हो गई है, जिससे छात्रों को लगता है कि उनकी आवाज अब संसद के गलियारों में मजबूती से गूंजेगी। जब राहुल गांधी छात्रों से वादा करते हैं कि वे उनके अधिकारों के लिए नीतिगत स्तर पर लड़ाई लड़ेंगे और रोजगार सृजन तथा शिक्षा सुधार के लिए एक नया खाका (ब्लूप्रिंट) तैयार करने के लिए काम करेंगे, तो वे केवल एक राजनेता के रूप में नहीं, बल्कि एक भविष्य-द्रष्टा के रूप में सामने आते हैं। युवाओं को एक ऐसा विजन चाहिए जो यथार्थवादी हो और जो उनकी मौजूदा समस्याओं का ठोस समाधान प्रस्तुत कर सके। राहुल गांधी का वर्तमान दृष्टिकोण इसी यथार्थवाद के इर्द-गिर्द घूमता है।

हालांकि, राजनीति में किसी भी छवि का निर्माण एक सतत प्रक्रिया है और यूथ आइकन का दर्जा बनाए रखना एक बड़ी चुनौती है। कोटा से शुरू हुई यह गूंज आने वाले समय में कितनी दूर तक जाएगी और यह देश की नीतियों में कितना बदलाव ला पाएगी, यह देखना दिलचस्प होगा।

17 जून 2026 के इस आयोजन ने यह स्पष्ट कर दिया है कि राहुल गांधी ने युवाओं की नब्ज को पकड़ लिया है। उन्होंने देश के सबसे बड़े और सबसे महत्वपूर्ण वोट बैंक तथा जनशक्ति यानी युवाओं के दिलों में एक मजबूत जगह बना ली है। उनका यह अभियान भारतीय राजनीति में युवाओं के मुद्दों को हाशिए से उठाकर विमर्श के बिल्कुल केंद्र में ले आया है। इस नजरिए से देखा जाए तो, राहुल गांधी केवल एक राजनीतिक विपक्ष के नेता की भूमिका नहीं निभा रहे हैं, बल्कि वे तेजी से उस शून्य को भर रहे हैं जहां देश के युवाओं को एक मुखर, ईमानदार और संवेदनशील आवाज की तलाश थी। छात्रों के बीच उनकी बढ़ती लोकप्रियता और उनके संवाद की सफलता निश्चित रूप से इस ओर इशारा करती है कि वे आज के समय में भारतीय युवाओं के सबसे प्रमुख और विश्वसनीय पैरोकार के रूप में उभर रहे हैं, जो एक यूथ आइकन होने की सबसे सार्थक परिभाषा है।

# चिकित्सा विज्ञान की नई क्रांति या भविष्य की स्मार्ट हेल्थकेयर व्यवस्था, जब दवा केवल दवा नहीं रहेगी

**मानव** सभ्यता के इतिहास में चिकित्सा विज्ञान ने समय-समय पर ऐसे आविष्कार किए हैं जिन्होंने जीवन की दिशा बदल दी। कभी एंटीबायोटिक दवाओं ने लाखों लोगों की जान बचाई, कभी एक्स-रे और एमआरआई जैसी तकनीकों ने शरीर के भीतर झांकने की क्षमता दी, तो कभी टीकों ने महामारी जैसी चुनौतियों को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

अब विज्ञान एक और ऐसे मोड़ पर खड़ा दिखाई देता है, जहां दवा केवल बीमारी दूर करने का माध्यम नहीं रहेगी, बल्कि वह शरीर के भीतर जाकर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी जुटाने, रोग की पहचान करने और उपचार की निगरानी करने का कार्य भी कर सकेगी।

दुनिया भर की प्रयोगशालाओं में ऐसे सूक्ष्म माइक्रोचिप और सेंसर विकसित किए जा रहे हैं जिन्हें कैप्सूल या गोली के रूप में निगला जा सकता है। ये उपकरण शरीर के भीतर पहुंचकर विभिन्न जैविक संकेतों का अध्ययन कर सकते हैं और चिकित्सकों को महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध करा सकते हैं। यह तकनीक चिकित्सा जगत में एक ऐसे परिवर्तन का संकेत है, जो आने वाले वर्षों में उपचार, निदान और स्वास्थ्य प्रबंधन की पूरी व्यवस्था को बदल सकता है।

माइक्रोचिप एक अत्यंत छोटा इलेक्ट्रानिक परिपथ होता है, जिसमें सूचनाओं को संग्रहित करने, संसाधित करने और संचारित करने की क्षमता होती है। सामान्यतः माइक्रोचिप का उपयोग मोबाइल फोन, कंप्यूटर, वाहन, उपग्रह और अन्य इलेक्ट्रनिक उपकरणों में किया जाता है। लेकिन अब वैज्ञानिकों ने इन्हें इतना छोटा बना दिया है कि इन्हें दवा के साथ मानव शरीर में भेजा जा सकता है।

इन सूक्ष्म उपकरणों में सेंसर, सूचनाओं को संसाधित करने वाले घटक और कभी-कभी वायरलेस संचार की सुविधा भी होती है। जब व्यक्ति ऐसी गोली या कैप्सूल निगलता है, तब यह उपकरण शरीर के भीतर सक्रिय होकर निर्धारित कार्य करने लगता है।

सेंसर ऐसे उपकरण होते हैं जो किसी भौतिक, रासायनिक या जैविक परिवर्तन को पहचान सकते हैं। उदाहरण के लिए तापमान सेंसर शरीर का तापमान माप सकता है, जबकि रासायनिक सेंसर रक्त या अन्य जैविक द्रवों में मौजूद पदार्थों का विश्लेषण कर सकता है।

जब इन सेंसरों को सूक्ष्म आकार में विकसित कर माइक्रोचिप के साथ जोड़ा जाता है, तब वे शरीर के भीतर से महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संबंधी जानकारी एकत्र कर सकते हैं। यही कारण है कि चिकित्सा विज्ञान में सेंसर तकनीक को भविष्य की स्वास्थ्य व्यवस्था का आधार माना जा रहा है।

दवा के साथ माइक्रोचिप और सेंसर को जोड़कर तैयार की गई गोली को सामान्यतः स्मार्ट पिल कहा जाता है। यह केवल रोग का उपचार नहीं करती, बल्कि यह भी बता सकती है कि मरीज ने दवा सही समय पर ली या नहीं।


प्रमोद कुमार सिंह
शिक्षाविद

दुनिया भर में यह पाया गया है कि बड़ी संख्या में मरीज डॉक्टर द्वारा बताई गई दवाओं का नियमित सेवन नहीं करते। इससे उपचार प्रभावित होता है और कई बार रोग गंभीर रूप ले लेता है। स्मार्ट पिल इस समस्या के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

जब कोई व्यक्ति माइक्रोचिप युक्त कैप्सूल निगलता है, तब वह भोजन नली से होकर पेट और फिर पाचन तंत्र में पहुंचती है। वहां पहुंचने के बाद सेंसर सक्रिय हो सकते हैं और आवश्यक जानकारी एकत्र करना शुरू कर सकते हैं।

कुछ स्मार्ट कैप्सूल केवल अस्थायी रूप से कार्य करते हैं और बाद में शरीर से स्वाभाविक रूप से बाहर निकल जाते हैं। वहीं कुछ उन्नत तकनीकों पर अनुसंधान जारी है जो शरीर के भीतर सीमित समय तक कार्य करने में सक्षम हो सकती हैं।

चिकित्सा विज्ञान का एक महत्वपूर्ण सिद्धांत है कि किसी भी बीमारी का जितना जल्दी पता चल जाए, उसके सफल उपचार की संभावना उतनी अधिक होती है।

निगली जाने वाली माइक्रोचिप और सेंसर भविष्य में अनेक रोगों की प्रारंभिक पहचान में सहायक हो सकते हैं। ये शरीर के भीतर होने वाले सूक्ष्म परिवर्तनों को पहचानकर चिकित्सकों को समय रहते सचेत कर सकते हैं।

कैंसर, मधुमेह, हृदय रोग, संक्रमण और पाचन तंत्र से संबंधित बीमारियों के क्षेत्र में इस तकनीक से विशेष उम्मीदें जुड़ी हुई हैं।

वर्तमान समय में एंडोस्कोपी और कोलोनोस्कोपी जैसी जांचों के लिए विशेष उपकरणों की आवश्यकता होती है। कई मरीज इन प्रक्रियाओं को असुविधाजनक मानते हैं।

इसके विपरीत कैमरा युक्त कैप्सूल को निगलना अपेक्षात सरल होता है। यह शरीर के भीतर से हजारों तस्वीरें लेकर चिकित्सकों तक पहुंचा सकता है। इससे पाचन तंत्र के उन हिस्सों का भी अध्ययन संभव हो सकता है, जहां पारंपरिक उपकरणों की पहुंच सीमित होती है।

भारत सहित दुनिया के अनेक देशों में मधुमेह एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौती बन चुका है। इस रोग के मरीजों को नियमित रूप से रक्त शर्करा की निगरानी करनी पड़ती है।

भविष्य में ऐसे सेंसर विकसित हो सकते हैं जो शरीर के भीतर ग्लूकोज स्तर का लगातार आकलन कर चिकित्सकों और मरीजों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराएं। इससे रोग प्रबंधन अधिक सटीक और प्रभावी बन सकता है।

हृदय रोग अचानक गंभीर रूप ले सकते हैं। यदि शरीर के भीतर मौजूद सेंसर हृदय संबंधी संकेतों की लगातार निगरानी करें, तो संभावित खतरे की पहचान पहले से हो सकती है।

इससे चिकित्सकों को समय पर हस्तक्षेप करने का अवसर मिल सकता है और कई गंभीर स्थितियों को टाला जा सकता है।

कैंसर चिकित्सा के क्षेत्र में भी माइक्रोचिप आधारित तकनीकों पर व्यापक अनुसंधान चल रहा है। वैज्ञानिक ऐसे उपकरण विकसित करने का प्रयास कर रहे हैं जो प्रभावित कोशिकाओं तक लक्षित रूप से दवा पहुंचा सकें।

यदि यह तकनीक सफल होती है, तो दवाओं के दुष्प्रभाव कम हो सकते हैं और उपचार की प्रभावशीलता बढ़ सकती है। इससे कैंसर रोगियों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार की संभावना है।

माइक्रोचिप और सेंसर द्वारा एकत्रित आंकड़ों का विश्लेषण कृत्रिम बुद्धिमत्ता की सहायता से किया जा सकता है। एआई बड़ी मात्रा में स्वास्थ्य संबंधी जानकारी का अध्ययन कर रोग के पैटर्न पहचानने में सक्षम है।

भविष्य में डॉक्टर, सेंसर और कृत्रिम बुद्धिमत्ता मिलकर ऐसी स्वास्थ्य व्यवस्था विकसित कर सकते हैं जिसमें रोग की पहचान और उपचार पहले से अधिक व्यक्तिगत और सटीक हो।

भारत जैसे विशाल देश में अभी भी ऐसे अनेक क्षेत्र हैं जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता सीमित है। यदि मरीज के शरीर से स्वास्थ्य संबंधी जानकारी सीधे चिकित्सकों तक पहुंच सके, तो दूरस्थ चिकित्सा सेवाओं को नई गति मिल सकती है।

इससे ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में सहायता मिल सकती है।

हालांकि यह तकनीक अत्यंत आशाजनक दिखाई देती है, लेकिन इसके सामने कई चुनौतियां भी हैं।

सबसे बड़ा प्रश्न डेटा सुरक्षा और निजता का है। यदि शरीर से संबंधित संवेदनशील जानकारी डिजिटल माध्यमों से साझा होगी, तो उसकी सुरक्षा सुनिश्चित करना आवश्यक होगा।

इसके अलावा तकनीक की लागत, विश्वसनीयता, नियामक स्वीति और व्यापक उपलब्धता जैसे मुद्दों पर भी गंभीरता से काम करने की आवश्यकता होगी।

**भविष्य की दिशा :** विज्ञान के इतिहास में अनेक ऐसी तकनीकें रही हैं जो प्रारंभ में असंभव प्रतीत होती थीं, लेकिन समय के साथ सामान्य जीवन का हिस्सा बन गईं। मोबाइल फोन, इंटरनेट और त्रिम बुद्धिमत्ता इसके उदाहरण हैं।

निगली जाने वाली माइक्रोचिप और सेंसर भी भविष्य में चिकित्सा व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा बन सकते हैं। यदि अनुसंधान सफल रहते हैं और आवश्यक सुरक्षा मानकों का पालन किया जाता है, तो यह तकनीक स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ, सटीक और प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

संभव है कि आने वाले दशकों में डॉक्टर द्वारा दी जाने वाली एक साधारण गोली के भीतर केवल दवा ही नहीं, बल्कि एक सूक्ष्म प्रयोगशाला, एक सेंसर नेटवर्क और एक डिजिटल सहायक भी मौजूद हो। चिकित्सा विज्ञान की यह नई दिशा मानव स्वास्थ्य के इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय लिख सकती है।

# एकलव्य मॉडल स्कूलों में अब सीबीएसई माध्यम से होगी पढ़ाई

**राज्य** के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग से संचालित एकलव्य मडल आवासीय विद्यालयों में अब कक्षा 6 से 12 तक की पढ़ाई सीबीएसई माध्यम से होगी। केंद्र सरकार से इस संबंध में अनुमति मिल चुकी है।

वर्तमान में बिहार में तीन एकलव्य स्कूल संचालित हो रहे हैं। इनमें पश्चिम चंपारण के बेलासड़ी, जमुई के आस्था और कैमूर के अधौरा शामिल हैं। प्रत्येक स्कूल में लगभग 600 बच्चे पढ़ रहे हैं, इस प्रकार कुल करीब 1800 आदिवासी छात्र-छात्राएं इन विद्यालयों में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इन तीनों क्षेत्रों में आदिवासी समुदाय की बहुलता है। विभाग ने आदिवासी बच्चों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह पहल शुरू की है।

> **राज्य में आदिवासी बच्चों को मिलेगा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर**
>
> **वर्तमान में बिहार में तीन एकलव्य स्कूल संचालित हो रहे हैं**
>
> **इनमें पश्चिम चंपारण के बेलासड़ी, जमुई के आस्था और कैमूर के अधौरा शामिल हैं**

एससी-एसटी मंत्री श्री लखेंद्र पासवान ने कहा कि सीबीएसइ पैटर्न लागू होने के बाद सभी एकलव्य स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इन विद्यालयों में जल्द ही डिजिटल लैब, अंग्रेजी माध्यम के शिक्षक और कंप्यूटर शिक्षा की व्यवस्था की जाएगी। 2011 की जनगणना के अनुसार बिहार के 24 जिलों में आदिवासियों की कुल जनसंख्या 13 लाख 36 हजार है। इनमें जमुई, कैमूर और पश्चिम चंपारण जिलों में आदिवासी आबादी अधिक है। इन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने और संरक्षण के लिए एकलव्य विद्यालय खोले जा रहे हैं। सीबीएसइ पैटर्न लागू होने से अब इन विद्यालयों के गरीब एवं जनजातीय परिवारों के बच्चे भी नीट, जेईई तथा केंद्रीय विश्वविद्यालयों की प्रवेश परीक्षाओं में देश के अन्य छात्रों के साथ बराबरी से प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे। कैमूर के अधौरा स्थित एकलव्य स्कूल में एक साल पहले कंप्यूटर शिक्षा के नाम पर 70 से अधिक नाबालिग लड़कियों की ट्रैफिकिंग का मामला सामने आया था, जिसके बाद सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने पर जोर दिया जा रहा है।

## प्रवचन

# बड़े लोगों के सान्निध्य में रहकर अहंकारी न बने : जीयर स्वामी

> **गोधूलि बेला में अध्ययन, भोजन, निद्रा और मैथून वर्जित**
>
> **साधन, शक्ति और सान्निध्य का करे सदुपयोग**
>
> **किसी से आग्रह करें, दुराग्रह नहीं**

बड़े लोगों के सान्निध्य में रहकर अहंकारी नहीं बनें। उनके सान्निध्य में रहकर अहंकार करने वाला अपने साथ स्वामी को भी अपयश का भागी बनाता है। साधन, शक्ति, पद और बड़े लोगों के सान्निध्य का सदुपयोग करनी चाहिए, दुरूपयोग कतई नही। उपरोक्त बातें श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी ने चंदवा चातुर्मास्य ज्ञान-यज्ञ में प्रवचन करते हुए कही।

श्री जीयर स्वामी ने कहा कि बड़े लोगों के सान्निध्य में मर्यादा के साथ रहकर अपनी मान-प्रतिष्ठा और यश बढ़ानी चाहिए। किसी के साथ अपचार नहीं करनी चाहिए। बैकुंठ में भगवान के मुख्य द्वारपाल जय-विजय अहंकार वश एक दिन सनकादि ऋषियों को परमत्मा के दर्शन से वंचित कर दिये। सनकादियों ने तीन बार प्रयास किया, लेकिन अन्दर नहीं जाने दिये। ऋषि जय-विजय के अमर्यादित व्यवहार से क्रोधित होकर सनकादि ने उन्हें राक्षस बनने का शाप दे दिया। शाप की बात सुन भगवान ने कहा कि ऐसा ही होगा। संतों की वाणी व्यर्थ नहीं जाती। जय-विजय अपने कृत्य से पश्चाताप् करते हुए क्षमा मांगे।

सनकादियों ने कहा कि हम लोगों को ऐसा नहीं करना चाहिए, क्योंकि ये अपने कर्तव्य में लगे थे। भगवान ने कहा कि इन्हें विचार कर हम तक संदेश पहुंचाना चाहिए था। एक बार लक्ष्मी जी को भी ये प्रवेश से रोक दिए थे। जय-विजय जल्द शाप से मुक्ति का आग्रह किए। ऋषियों ने कहा कि भगवान की भक्ति करने पर राक्षस कुल में सात जन्म या विरोधी बनकर तीन जन्म लेना होगा। जय-विजय भगवान विरोधी बनकर तीन जन्म में मुक्ति स्वीकार किए। ये पहले जन्म में हिरण्याक्ष-हिरण्यकश्यपु, दूसरे जन्म में रावण-कुंभकरण और तीसरे जन्म में शिशुपाल-बकरदंत बने।

स्वामी जी ने कहा कि गोधूलि बेला में स्वाध्याय, निद्रा, भोजन और मैथून नहीं करनी चाहिए। गोधूलि बेला में स्वाध्याय से स्मरण शक्ति क्षीण होती है। निद्रा से आयु क्षीण होती है। भोजन से स्वास्थ्य प्रभावित होता है। मैथुन से उत्पन्न संतान अत्याचारी और व्यभिचारी होती है। संतानोत्पत्ति नहीं भी हो तो शरीर पर


श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी।

हानिकारक प्रभाव होता है। दिति द्वारा गोधूलि बेला में संतानोत्पत्ति की इच्छा जाहिर करने पर कश्यप ऋषि बोले कि अभी मुहूर्त नहीं है। दिति के कामाग्रह को स्वीकार किये, लेकिन मैथुन क्रिया के विराम के बाद खिन्न हो गये। उन्होंने कहा कि तुम्हारी संतान बहुत हिंसक और अत्याचारी होगा। यह सुन दिति पश्चाताप् कर क्षमा मांगी। कश्यप ऋषि ने कहा कि पौत्र भगवान का भक्त होगा। दिति के पुत्र हिरण्याक्ष एवं हिरण्यकश्यपु तथा पौत्र भक्त प्रह्लाद हुए।

'कुलं पवित्रं जननी कृतार्था
वसुन्धरा पुण्यवती च तेन।
देषे च लोके पितरोपि धन्या येषाम्
कुले वैश्णवनाम ध्येयम्।।

यानी जिस परिवार में भगवान का भक्त हो जाये, वह परिवार धन्य हो जाता है। जननी कृतार्थ हो जाती हैं। धरा-धाम पुण्यवती हो जाती है और इहलोक और परलोक में पित्तर भी धन्य हो जाते हैं।

*'सान्निध्य का संस्मरण' पुस्तक से साभार*

दैनिक नवसंदेश
वायस 4 बिहार डॉटकाम के यूनिट दैनिक नवसंदेश ( डिजिटल डेली न्यूज पेपर) स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक यू सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ , पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

# मोतिहारी में 21 जून को होगी नीट (यूजी) पुनर्परीक्षा-2026
# 13 केंद्रों पर 6320 परीक्षार्थी होंगे शामिल, सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त



समीक्षा बैठक करते प्रभारी डीएम, डीडीसी व सदर एसडीएम ।

**मोतिहारी(एनएसबी)।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट यूजी) पुनर्परीक्षा-2026 का आयोजन 21 जून को पूर्वी चंपारण जिले में शांतिपूर्ण, स्वच्छ, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त वातावरण में कराया जाएगा। परीक्षा की तैयारियों को लेकर समाहरणालय स्थित ड़ राजेंद्र प्रसाद सभागार में प्रभारी जिलाधिकारी मुकेश कुमार सिंहा की अध्यक्षता में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं केंद्राधीक्षकों की संयुक्त ब्रीफिंग आयोजित की गई।बैठक में बताया गया कि जिले में परीक्षा के लिए कुल 13 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां 6320 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा एक पाली में दोपहर 2 बजे से शाम 5रू15 बजे तक आयोजित होगी।

परीक्षार्थियों का प्रवेश सुबह 11 बजे से दोपहर 1रू30 बजे तक ही होगा। इसके बाद किसी भी अभ्यर्थी को केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।प्रभारी जिलाधिकारी ने सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरा, जैमर, घड़ी, पेयजल, बिजली एवं साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। परीक्षार्थियों की दो चरणों में फ्रिस्किंग होगी तथा बायोमेट्रिक सत्यापन के बाद ही उन्हें परीक्षा कक्ष में प्रवेश मिलेगा। अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र के साथ दो पासपोर्ट आकार के फोटो भी लाने होंगे।परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल फोन, घड़ी, बेल्ट, अंगूठी, चेन, कान की बाली, रुमाल, शार्पनर, इरेजर सहित किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रनिक उपकरण ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा। वहीं ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मियों को भी मोबाइल या अन्य इलेक्ट्रनिक उपकरण रखने की अनुमति नहीं होगी।विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में सशस्त्र बल एवं महिला कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी परीक्षा केंद्रों के 200 गज की परिधि में परीक्षा अवधि तक दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू रहेगी। साथ ही परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में स्थित फोटोस्टेट एवं साइबर कैफे की दुकानों को परीक्षा के दिन सुबह से शाम 7 बजे तक बंद रखने का आदेश जारी किया गया है। मीडिया के प्रवेश पर भी रोक रहेगी।किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए जिला नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जो परीक्षा के दिन दूरभाष संख्या 06252-242418 पर कार्यरत रहेगा। संयुक्त ब्रीफिंग में उप विकास आयुक्त ड़ प्रदीप कुमार, सदर अनुमंडल पदाधिकारी निशांत सिहारा, सिविल सर्जन, डीएसपी मुख्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, वरीय उप समाहर्ता अमरेश कुमार, एनटीए के नोडल पदाधिकारी समेत सभी प्रतिनियुक्त अधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं केंद्राधीक्षक उपस्थित थे ।

## किसानों को मिला उन्नत खेती का प्रशिक्षण

**पहाड़पुर(एनएसबी)।** प्रखण्ड षि कार्यालय के सभागार में शारदीय खरीफ कर्मशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रखण्ड प्रमुख अमित कुमार, प्रखण्ड षि पदाधिकारी रत्नेश कुमार, प्रखण्ड किसान सलाहकार समिति के अध्यक्ष सुभाष प्रसाद, प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक अभिषेक कुमार, सहायक तकनीकी प्रबंधक ज्योति कुमारी, प्रखण्ड उद्यान पदाधिकारी रणधीर भारद्वाज, षि समन्वयक एवं सभी किसान सलाहकार उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान किसानों को खरीफ फसलों की उन्नत खेती, आधुनिक षि तकनीकों, बीज एवं उर्वरक प्रबंधन, जल संरक्षण तथा षि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों ने किसानों को वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने और सरकार की योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर प्रखण्ड के प्रबुद्ध किसान मुन्नीलाल राम, विकास कुमार यादव, कुंदन कुमार, आत्मानंद सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान भाई एवं किसान बहनों ने भाग लिया। किसानों ने षि विशेषज्ञों के साथ अपनी समस्याओं एवं जिज्ञासाओं पर चर्चा कर महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त किए।अधिकारियों ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य किसानों को नवीन षि तकनीकों से अवगत कराकर उनकी आय में वृद्धि करना तथा षि उत्पादन को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के अंत में किसानों ने इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविरों को उपयोगी बताते हुए नियमित आयोजन की मांग की।

## संक्षिप्त खबरें

### सड़क हादसे में घायल अखिलेश की इलाज के दौरान मौत

**कल्याणपुर।** सड़क हादसे में घायल बड़हरवा महानंद पंचायत के बाकरपुर वार्ड 2के निवासी अखिलेश कुमार का शुक्रवार की सुबह पटना में इलाज के दौरान मौत हो गई। जिससे परिवार में चीख पुकार मचा है।चकिया केसरिया सड़क पर निर्माणाधीन विराट रामायण मंदिर के समक्ष मंगलवार की सुबह बाइक सवार दो युवक सड़क हादसे में घायल हो गए थे। जिसमें एक की इलाज के दौरान मौत हो गई। दूसरा अमित कुमार 14 का इलाज चल रहा है। मृतक के पिता विश्वनाथ राम सपरिवार अपने ससुराल में रहते हैं। दूसरे प्रदेश में रहकर अपने परिवार के भरण-पोषण के लिए मजदूरी करते हैं। मृतक को शिवानी , बबली, भूटन तीन बहनें हैं। मृतक अखिलेश की मां शिल्पी देबी, बहनों व परिजनों का रो रोकर बेहाल हो रहे थे। पड़ोसी ढांढस बंधा रहे थे।

### आपसी विवाद में चाकू मार अधेड़ को किया घायल

**कल्याणपुर।** बखरी भगवानपुर में आपसी विवाद में एक अधेड़ चाकू लगने से घायल हो गये। चाकू लगने से घायल मैनेजर बैठा गंभीर रूप से घायल हो गया। चाकू उसके पेट के उपर लगा है। घायल की स्थिति की गंभीरता को देखते हुए परिजन इलाज के लिए मोतिहारी ले गये। मामले में पुलिस ने बखरी भगवानपुर के किशोरी बैठा को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष विनित कुमार ने बताया कि अग्रतर कारवाई की जा रही है।

### मूर्गी लदे पिक अप से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद,चालक व उपचालक गिरफ्तार

**मोतिहारी।** सदर उत्पाद टीम को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कोटवा थाना क्षेत्र के बेलवा गांव स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर छापेमारी कर करीब दो सौ मूर्गी लदे महिन्द्रा पिक अप से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद किया है और चालक पिपराकोठी थाना क्षेत्र के हरपुर गांव निवासी विक्की कुमार व उपचालक कोटवा थाना के बेलवा गांव निवासी अजीत कुमार राय जो कारोबारी भी बताया गया है। उक्त जानकारी सहायक मद्यनिषेध नीरज कुमार ने दी है। उन्होंने बताया कि टीम को सूचना मिली थी कि कारोबारी मूर्गी लदे पिक अप पर भारी मात्रा में विदेशी शराब उत्तर प्रदेश के कस्बा से शराब की बड़ी खेप लेकर कोटवा के बेलवा गांव पहुंचने वाला है।इस पर उत्पाद सदर थाना के निरीक्षक मद्यनिषेध सह थानाध्यक्ष शिवेंद्र कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्रवाई की गयी। जहां उक्त सफलता हाथ लगी।इस दौरान करीब 675 लीटर विदेशी शराब जिसका अनुमानित कीमत करीब 10 लाख रुपये आंका गया है। छापेमारी टीम में निरीक्षक मद्यनिषेध सह थानाध्यक्ष श्री कुमार के अलावे सअनि रमेश कुमार, संजय कुमार सिंह, मद्यनिषेध सिपाही उपेन्द्र पासवान व गृहरक्षक बल शामिल थे। टीम के उक्त कार्रवाई से अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

# पिपराकोठी में कृषि संस्थानों का सांसद ने किया निरीक्षण




निरीक्षण करते सांसद व अन्य।

**मोतिहारी(एन एस बी )।** मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित 'प्रगति पथ यात्रा' कार्यक्रम के तहत पूर्व केंद्रीय षि एवं किसान कल्याण मंत्री एवं सांसद राधा मोहन सिंह ने आज पिपराकोठी स्थित षि विज्ञान केंद्र तथा महात्मा गांधी समेकित षि अनुसंधान संस्थान का अवलोकन किया।

इस दौरान सांसद ने कहा कि पिपराकोठी स्थित यह लगभग 100 एकड़ क्षेत्र 12 वर्ष पूर्व उपेक्षित अवस्था में था, जबकि आज यह षि धाम के रूप में विकसित हो चुका है। उन्होंने कहा कि पहले यह क्षेत्र अव्यवस्थित था, लेकिन वर्तमान में यह षि अनुसंधान और नवाचार का प्रमुख केंद्र बन गया है। उन्होंने बताया कि महात्मा गांधी समेकित षि अनुसंधान संस्थान षि उत्पादन वृद्धि, आधुनिक तकनीकों के उपयोग, जल एवं मृदा संरक्षण, जैविक एवं प्रातिक खेती तथा किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न अनुसंधान एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित कर रहा है। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में षि क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन आया है। किसान सम्मान निधि, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, प्रधानमंत्री षि सिंचाई योजना, फसल बीमा योजना, प्रातिक खेती एवं षि अवसंरचना विकास जैसी योजनाओं ने किसानों को सशक्त बनाया है।उन्होंने कहा कि पिपराकोठी स्थित षि विज्ञान केंद्र इन योजनाओं को धरातल पर उतारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और यह क्षेत्र सरकार की विकास यात्रा का एक उत्ष्ट उदाहरण है।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री सह मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार, पिपरा विधायक श्यामबाबू प्रसाद यादव सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बथना स्थित मदर डेयरी प्लांट का सांसद ने किया अवलोकन



डेयरी प्लांट का अवलोकन करते सांसद व अन्य।

**मोतिहारी(एनएसबी)।** मोदी सरकार के ऐतिहासिक 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित प्रगति पथ यात्रा कार्यक्रम के तहत पूर्व केंद्रीय षि एवं किसान कल्याण मंत्री एवं सांसद राधा मोहन सिंह ने आज मोतिहारी के बथना स्थित मदर डेयरी प्रोसेसिंग प्लांट का अवलोकन किया।इस अवसर पर सांसद ने बताया कि 2 लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता वाले इस प्लांट से लगभग 66 हजार दुग्ध उत्पादक किसान जुड़े हुए हैं। उन्होंने जानकारी दी कि प्रत्येक माह की 3, 13 और 23 तारीख को लगभग 26 करोड़ रुपये सीधे किसानों के खातों में भुगतान किया जाता है।उन्होंने कहा कि 150 करोड़ रुपये की लागत से इस प्लांट के विस्तार, आधुनिकीकरण और क्षमता वृद्धि का कार्य चल रहा है। वर्तमान परिसर के अतिरिक्तभूमि का उपयोग करते हुए नई उत्पादन लाइनों और आधुनिक मशीनरी की स्थापना की जा रही है।सांसद ने कहा कि यह अत्याधुनिक डेयरी प्लांट पूर्वी चंपारण सहित आसपास के जिलों के लाखों दुग्ध उत्पादक किसानों के लिए समृद्धि और आत्मनिर्भरता का नया द्वार खोल रहा है। आधुनिक तकनीक से सुसज्जित यह इकाई दुग्ध संग्रहण, प्रसंस्करण और विपणन की सुढ़ व्यवस्था के माध्यम से किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षो में षि एवं पशुपालन आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं। डेयरी अवसंरचना, किसान आय वृद्धि, महिला सशक्तिकरण और रोजगार सृजन की दिशा में ऐसे प्रकल्प ग्रामीण विकास को नई गति दे रहे हैं।उन्होंने यह भी कहा कि यह परियोजना न केवल किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत कर रही है, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार और उद्यमिता के अवसर भी बढ़ा रही है।कार्यक्रम के दौरान कल्याणपुर विधायक सचिन्द्र प्रसाद सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष पवन राज सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# इग्नू में जुलाई 2026 सत्र के लिए प्रवेश प्रारंभ
# एमजीकेयू अध्ययन केंद्र पर सुविधा उपलब्ध




इग्नू शिक्षा केन्द्र।

**मोतिहारी(एनएसबी)।** देश के सबसे बड़े मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा संस्थान इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इगू) ने जुलाई 2026 सत्र के लिए विभिन्न ातक, ातकोत्तर एवं ातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है।

इच्छुक विद्यार्थी महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी स्थित अध्ययन केंद्र (केंद्र कोड-46040) के माध्यम से नामांकन संबंधी जानकारी एवं सहायता प्राप्त कर सकते हैं। अध्ययन केंद्र का संचालन महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी में किया जा रहा है तथा इसके समन्वयक ड़ श्याम नंदन हैं। जुलाई 2026 सत्र में ातक (अनर्स), ातक (एनईपीध्एफवाईयूपी), वाणिज्य, ातकोत्तर तथा ातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रमों में प्रवेश दिया जा रहा है। ातक (अनर्स) के अंतर्गत बीए (अंग्रेजी, हिंदी, इतिहास, राजनीति विज्ञान, संस्त), ातक कार्यक्रम, बीकम सहित विभिन्न पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। ातकोत्तर स्तर पर एमए अंग्रेजी, हिंदी, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, संस्त, इतिहास, एमकम, एमबीए सहित अनेक कार्यक्रमों में प्रवेश लिया जा सकता है। इसके अलावा अनुवाद में ातकोत्तर डिप्लोमा (च्ळक्ज) एवं डिजिटल मीडिया में ातकोत्तर डिप्लोमा (च्ळक्क्ड) भी उपलब्ध हैं। प्रवेश की अंतिम तिथि 15 जुलाई 2026 निर्धारित की गई है। विश्वविद्यालय की ओर से बताया गया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप ड्युअल डिग्री की सुविधा भी उपलब्ध है, जिसके तहत नियमित छात्र भी दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से दूसरी डिग्री प्राप्त कर सकते हैं। इगू की प्रमुख विशेषताओं में यूजीसी मान्यता प्राप्त डिग्री, छ।।ब द्वारा ए़ ग्रेड, लचीली शिक्षण व्यवस्था, किफायती शुल्क संरचना, अनलाइन एवं दूरस्थ अध्ययन सुविधा तथा राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर पर मान्यता शामिल है।विश्वविद्यालय प्रशासन ने विद्यार्थियों, नौकरीपेशा लोगों तथा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों से समय रहते आवेदन करने की अपील की है ताकि जुलाई 2026 सत्र में नामांकन का लाभ उठाया जा सके।

## संक्षिप्त खबरें

### मेला बंदोबस्ती विवाद पर नगर निगम की सफाई, आरोपों को बताया निराधार

**मोतिहारी।** मेला बंदोबस्ती को लेकर उठे विवाद और राजस्व हानि के आरोपों पर नगर निगम ने अपना पक्ष रखते हुए सभी आरोपों को तथ्यहीन और भ्रामक बताया है। छह पार्षदों के संयुक्त प्रेस वक्तव्य में कहा गया है कि बंदोबस्ती की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी, नियमसंगत और जनहित को ध्यान में रखकर पूरी की गई है।प्रेस वक्तव्य के अनुसार मेला बंदोबस्ती के लिए दो प्रमुख समाचार पत्रों में निविदा प्रकाशित की गई थी, जिसमें कुल आठ प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। निविदा प्रक्रिया की वीडियोग्राफी सिटी मैनेजर की निगरानी में कराई गई और उच्चतम बोलीदाता को नियमानुसार बंदोबस्ती प्रदान की गई। इस बावत पार्षदों ने बताया कि स्थायी समिति द्वारा मेला बंदोबस्ती के लिए 15 हजार रुपये प्रतिदिन का न्यूनतम आरक्षित मूल्य निर्धारित किया गया था। इसी आधार पर बोली प्रक्रिया पूरी की गई। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 और 2023 की दरों से वर्तमान बंदोबस्ती की तुलना करना उचित नहीं है, क्योंकि इस वर्ष सम्राट अशोक भवन के निर्माण के कारण मेला क्षेत्र लगभग आधा रह गया है, जिससे व्यवसायिक संभावनाएं प्रभावित हुई हैं। वहीं वर्ष 2024 में मेला आयोजित ही नहीं हुआ थास पार्षदों ने बताया कि जिला स्कूल परिसर में आयोजित निजी षडिजीलैंडष कार्यक्रम से नगर निगम का कोई प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष संबंध नहीं है। इसकी अनुमति विद्यालय प्रबंधन एवं संबंधित सक्षम प्राधिकार द्वारा दी गई थी। नगर निगम न तो उसका आयोजक था और न ही अनुमतिदातास राजस्व हानि के आरोपों को खारिज करते हुए पार्षदों ने कहा कि नवंबर-दिसंबर माह में पुनः मेला आयोजित करने की योजना है, जिससे नगर निगम को अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा। ऐसे में राजस्व हितों की अनदेखी का आरोप पूरी तरह निराधार है।संयुक्त वक्तव्य में कहा गया कि कुछ लोग राजनीतिक अथवा व्यक्तिगत कारणों से तथ्यों को तोड़-मरोड़कर जनता के बीच भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। लोकतंत्र में आलोचना का स्वागत है, लेकिन आलोचना तथ्यों और दस्तावेजों पर आधारित होनी चाहिए। अपूर्ण जानकारी और भ्रामक तुलना के आधार पर जनता को गुमराह करना जनहित में नहीं है। साथ ही नगर निगम ने भरोसा दिलाया कि उसकी सभी कार्रवाइयां पारदर्शिता, जवाबदेही और जनहित के सिद्धांतों पर आधारित हैं तथा राजस्व हितों की रक्षा और नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए निगम प्रतिबद्ध है। संयुक्त प्रेस वक्तव्य जारी करने वालों में पार्षद संजू कुमार निषाद (वार्ड-23), शकुंतला देवी के प्रतिनिधि अजय कुमार सिंह (वार्ड-12), संजय कुमार जयसवाल (वार्ड-18), जयलाल साहनी (वार्ड-27), शिखा देवी (वार्ड-21) तथा अब्दुल कलाम पार्षद प्रतिनिधि (वार्ड-13) शामिल हैं। उक्त जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम उपमेयर ड लालबाबू गुप्ता ने दी है।

### जनता के दरबार में जिला प्रशासन कार्यक्रम अंतर्गत कुल 41 आवेदन प्राप्त हुए

**मोतिहारी(एनएसबी)।** डा. राधाष्णन सभागार में आयोजित कार्यक्रम जनता के दरबार में जिला प्रशासन में जिले के विभिन्न अंचलों से आए 41आवेदनकर्ताओं की समस्याओं पर जिलाधिकारी के निर्देश के आलोक में अपर समाहर्ता (लोक शिकायत) शैलेन्द्र कुमार भारती की अध्यक्षता में एडीएम विभागीय जांच मो़ सिबगतुल्लाह, वरीय उप समाहर्ता विकास कुमार ने सुनवाई की।अपर समाहर्ता के द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को जनता दरबार से ही फोन करके मामले के शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया गयास प्राप्त शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए एडीएम चहतव ने कहा कि आज जो आवेदन प्राप्त हुए हैं उस पर संबंधित पदाधिकारी के स्तर से करवाई कराते हुए शीघ्र ही समस्या का विधिसम्मत निदान शीघ्र किया जाएगास आज भूमि विवाद, अतिक्रमण वाद, राजस्व विभाग से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए जिसके शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश के साथ भेज देने का निर्देश प्रभारी पदाधिकारी जिला जन शिकायत कोषांग को दिया गया।




कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

### कांग्रेसियों ने राहुल गांधी का मनाया जन्मदिन

**मोतिहारी(एनएसबी)।** नेता प्रतिपक्ष एवं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर बंजरिया पंडाल स्थित कांग्रेस मुख्यालय प्रजापति आश्रम में केक काटकर उनका जन्मदिन हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के दीर्घायु, स्वस्थ एवं सफल जीवन की कामना की।कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की तथा संगठन की मजबूती एवं जनहित के मुद्दों पर निरंतर संघर्ष करने का संकल्प लिया। मोतिहारी कांग्रेस अध्यक्ष प्रो अखिलेश दयाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राहुल गांधी के विचारों, सामाजिक न्याय, लोकतंत्र, संविधान की रक्षा तथा आम जनता के अधिकारों के लिए उनके संघर्ष को प्रेरणास्रोत बताया। जन्मदिन समारोह के उपरांत कांग्रेस कार्यालय परिसर में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए।उक्त अवसर पर उपस्थित कार्यक्रम में मोतिहारी कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश दयाल, वरिष्ठ नेता अनवर आलम अंसारी, मुनमुन जायसवाल, देशबंधु तिवारी, गुंजन मिश्रा, राहुल शर्मा, दिलनवाज रशीद सहित कई पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

### पीएम श्री विद्यालय योजना की समीक्षा सह उन्मुखीकरण बैठक सम्पन्न

**मोतिहारी(एनएसबी)।** शिक्षा भवन स्थित सभाकक्ष में आज जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (एसएसए) प्रह्लाद प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में पीएम श्री विद्यालय योजना की समीक्षा सह उन्मुखीकरण बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री स्कूल फर राइजिंग इंडिया (पीएम श्री) योजना नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना के अनुरूप है। यह विद्यालय केवल शैक्षणिक उत्ष्टता तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि समग्र विकास, कौशल विकास, मूल्य शिक्षा और 21वीं सदी की दक्षताओं पर केंद्रित होंगे। उन्होंने कहा कि पीएम श्री विद्यालय समाज एवं राष्ट्र के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने बताया कि जिले में चयनित पीएम श्री विद्यालयों में स्मार्ट क्लासरूम, आईसीटी लैब, अटल टिंकरिंग लैब, डिजिटल लाइब्रेरी, खेल सुविधाएं तथा व्यावसायिक शिक्षा की व्यवस्था की जा रही है। साथ ही शिक्षकों के क्षमता संवर्धन हेतु नियमित प्रशिक्षण एवं समुदाय की सहभागिता पर विशेष बल दिया जा रहा है। उन्होंने संबंधित प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिया कि सभी निर्माण एवं उन्नयन कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं। साथ ही विद्यालय प्रबंधन समिति एवं अभिभावकों को सक्रिय रूप से जोड़कर विद्यालयों को उत्ष्टता केंद्र के रूप में विकसित करने पर जोर दिया गया।बैठक में जिला कार्यक्रम संभाग प्रभारी दिलीप कुमार, रमेश कुमार, राजीव कुमार सिंह, कमलेश कुमार सिंह सहित सभी चयनित पीएम श्री विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### नशा मुक्त सप्ताह के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**मोतिहारी(एनएसबी)।** नशा मुक्त भारत अभियान के तहत संचालित 'नशा मुक्त सप्ताह' के अवसर पर आज राधाष्णन भवन के समीप जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आमजन को नशे के दुष्प्रभावों एवं इसके सामाजिक, आर्थिक तथा स्वास्थ्य संबंधी दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया। नुक्कड़ नाटक में कलाकारों द्वारा प्रभावी प्रस्तुति के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार एवं समाज पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। कार्यक्रम के दौरान लोगों को नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा अपने आसपास के लोगों को भी नशा मुक्ति के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिए गए संदेशों को गंभीरता से सुना तथा नशा मुक्त समाज के निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का संकल्प लियासजिला प्रशासन द्वारा संचालित नशा मुक्त सप्ताह के अंतर्गत आगामी दिनों में भी विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, ताकि समाज के सभी वर्गो तक नशा मुक्ति का संदेश पहुंचाया जा सके तथा नशा मुक्त एवं स्वस्थ समाज के निर्माण की दिशा में जनसहभागिता को बढ़ावा दिया जा सके।

## संक्षिप्त खबरें

### नव निर्मित सखी वन स्टॉप सेंटर भवन का जिलाधिकारी द्वारा उद्घाटन

**सहरसा कार्यालय (एनएसबी)।** महिला सशक्तिकरण एवं सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत नव निर्मित ह्लसखी वन स्टॉप सेंटरह्व भवन का उद्घाटन जिलाधिकारी दीपेश कुमार द्वारा शुक्रवार को फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने भवन का निरीक्षण कर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारियों को महिलाओं एवं बालिकाओं को त्वरित, संवेदनशील एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। सखी वन स्टॉप सेंटर महिलाओं को हिंसा, उत्पीड़न एवं संकट की परिस्थितियों में एक ही स्थान पर परामर्श, कानूनी सहायता, चिकित्सीय सहयोग एवं अन्य आवश्यक सेवाएं प्रदान करेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि यह केंद्र महिला सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उद्घाटन अवसर पर संबंधित विभागीय पदाधिकारी एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। यह पहल महिलाओं के अधिकारों की रक्षा एवं उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। इस अवसर पर आईसीडीएस डीपीओ पुष्पा कुमारी द्वारा जिलाधिकारी दीपेश कुमार व एसडीएम श्रेयांश तिवारी को पौधा का गमला देकर सम्मानित किया।



### प्रधानमंत्री के सफल 12 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा उपलब्धि प्रदर्शनी का आयोजन

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** शहर के तिवारी चैक पर यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सफल 12 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा जिला अध्यक्ष साजन शर्मा के नेतृत्व में शुक्रवार को उपलब्धि प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में मोदी सरकार के 12 वर्षों के दौरान हुए विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को चित्रों और प्रदर्श सामग्री के माध्यम से प्रदर्शित किया गया।जिसके अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत मिशन, डिजिटल इंडिया एवं किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं की जानकारी आम जनता को दी गई। प्रदर्शनी को नागरिकों एवं कार्यकत्ताओं का व्यापक समर्थन और सराहना मिली। पार्टी के जिला महामंत्री भैरवानंद झा,जिला उपाध्यक्ष मिहिर झा, जिला मंत्री कुमार गौरव, जिला मीडिया प्रभारी सुमित कुमार सिन्हा, सह मीडिया प्रभारी कुमार अमर ज्योति, जिला प्रवक्ता अभिनंदन कुशवाहा, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुगमनी देवी,नगर पश्चिमी अध्यक्ष आशीष गुप्ता, अखिलेश पांडे, अरुण निराला, प्रभाष झा सहित अन्य मौजूद रहे।



### सहरसा के नए पुलिस कप्तान बने विक्रम सिहाग, निवर्तमान एसपी हिमांशु का शेखपुरा का हुआ तबादला

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** बिहार सरकार के गृह विभाग द्वारा राज्य के प्रशासनिक अमले में किए गए बड़े फेरबदल के तहत सहरसा जिले को नए पुलिस कप्तान मिल गए हैं। वर्ष 2020 बैच के तेजतर्रार आईपीएस अधिकारी विक्रम सिहाग सहरसा के नए पुलिस अधीक्षक बनाये गए है। वे इससे पहले वैशाली जिले के एसपी के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे थे। वहीं, सहरसा के निवर्तमान एसपी हिमांशु का तबादला इसी पद पर शेखपुरा जिले में कर दिया गया है। सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करना होगी प्राथमिकताः-वैशाली में अपनी सख्त कार्यशैली के लिए चर्चित रहे नए एसपी विक्रम सिहाग के सामने सहरसा में अपराध नियंत्रण, विधि-व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने और आमलोगों में पुलिस के प्रति विश्वास को और मजबूत करने की बड़ी चुनौती होगी। स्थानीय प्रबुद्ध नागरिकों और पुलिस महकमे में नए कप्तान के आगमन को लेकर उत्सुकता देखी जा रही है। वहीं, सहरसा में अपने सफल कार्यकाल के बाद शेखपुरा भेजे जा रहे निवर्तमान एसपी हिमांशु को भी विदाई देने की तैयारी शुरू हो गई है। पूरे राज्य में बड़ा प्रशासनिक फेरबदलः-गृह विभाग आरक्षी शाखा के अवर सचिव दीपक कुमार के हस्ताक्षर से जारी अधिसूचना के अनुसार, सूबे में कुल 27 भारतीय पुलिस सेवा और 2 बिहार पुलिस सेवा के अधिकारियों का तबादला किया गया है। गृह विभाग के आदेशानुसार सभी स्थानांतरित अधिकारियों को अविलंब अपने नए पदस्थापन स्थल पर योगदान देकर प्रभार ग्रहण करने का निर्देश दिया गया है। वर्तमान एसपी हिमांशु का कार्यकाल की बात करें तो वो हमेशा अच्छे पुलिसिंग शैली देखने को मिली है।





### पॉकलेन से सरकारी जमीन से काटा जा रहा मिट्टी सरकारी राजस्व की क्षति।

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** सोनवर्षा राज नगर क्षेत्र स्थित तिलाबें नदी की परती व श्मशान घाट की जमीन से पॉकलेन लगाकर मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है। जिससे लाखों की सरकारी राजस्व की क्षति हो रही है। लगाकर बिलकुल नदी सटाकर खनन किए जाने से नदी के बहाव पर विपरीत प्रभाव पडने की सम्भावना बढ गई है। नदी से किए जा रहे खनन की जा रही मिट्टी का उपयोग मनौरी चैक स्थित एनएच 107 के पेटी कॉन्ट्रेक्टर द्वारा लिंक एवं अंडर पास में किया जा रहा है। नदी से अवैध खनन किए जाने से नदी के बहाव पर भी प्रतिकूल प्रभाव पडता है। नियमानुसार किसी भी नदी या उसके किनारे से मिट्टी खनन से पूर्व खनन विभाग से लिखित अनुमति लेनी होती है जिसके लिए बकायदा विभाग में निर्धारित शुल्क जमा करना पडता है। स्थानीय लोगों के अनुसार एक दशक पुर्व तक वहां श्मशान घाट एवं कब्रिस्तान हुआ करता था। जो नदी के कटाव से ध्वस्त हो गया एवं वर्तमान में नदी श्मशान घाट एवं कब्रिस्तान के मध्य प्रवाहित होने लगी है। मिट्टी का अवैध खनन नदी के पश्चिमी किनारे से किया जा रहा है। मामले में पेटी कॉन्ट्रेक्टर के एडमिनिस्ट्रेशन इंचार्ज गौतम कुमार का कहना है की वो मिट्टी वेंडर से ले रहे है। जबकि माईनिंग इंस्पेक्टर ताशिक कमाल ने कहा की मिट्टी खनन के लिए वेंडर की मुझे जानकारी नहीं है मैं खनन स्थल का जल्द जांच करुँगा।



### 12 घंटे के अहरैन सम्मेलन के साथ सांढ़ को पूजा-अर्चना कर छोड़ा गया।

**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के सहुरिया पंचायत स्थित बहुअरबा शिव मंदिर परिसर में शुक्रवार को धार्मिक आस्था, श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ 12 घंटे का अहरैन सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भक्ति समर्पित जीवनदानी अध्यक्ष बाबा सत्यनारायण पंजियार ने की। जानकारी के अनुसार बहुअरबा गांव निवासी शिवनंदन यादव के पुत्र कृष्ण कुमार उर्फ गुड्डू मंडल द्वारा जनकल्याण, क्षेत्र की सुख-समृद्धि तथा समाज के मंगल की कामना को लेकर वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर सांढ़ को दागकर मुक्त किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान को देखने और उसमें शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर परिसर में जुटे। अहरैन सम्मेलन के दौरान विभिन्न गांवों से पहुंची भगतिया मंडलियों ने भक्ति गीत, कीर्तन एवं धार्मिक प्रस्तुतियों के माध्यम से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। बहुअरबा, कैंजरी, माली, रूकमणिया, बिशनुपुर, सुगमा तथा मनिया गांव की भगतिया मंडलियों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं में उत्साह और भक्ति का विशेष माहौल देखने को मिला। उपस्थित लोगों ने भगवान शिव से क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धि एवं जनकल्याण की प्रार्थना की। कार्यक्रम के सफल संचालन में स्थानीय ग्रामीणों एवं मंदिर समिति के सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



# पुलिस लाइन में 234 सिपाहियों को डीआईजी ने दिलाई शपथ

**बिहार पुलिस लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था की रीढ़: डीआईजी डॉ. कुमार आशीष**

**सहरसा (एनएसबी)।** डीआईजी ने बताया कि बिहार पुलिस लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था की रीढ़ है। आम जनता के बीच कांस्टेबल ही पुलिस का सबसे अधिक दिखाई देने वाला चेहरा होते हैं। जनता का सरकार और पुलिस व्यवस्था के प्रति विश्वास सिपाहियों के व्यवहार, कार्यशैली और कर्तव्यनिष्ठा पर निर्भर करता है। उक्त बाते डीआईजी डॉ. कुमार आशीष ने पुलिस लाइन में शुक्रवार को 234 नव प्रशिक्षु सिपाहियों का दीक्षांत एवं पासिंग आउट परेड समारोह के दौरान कही। इस मौके पर कोसी प्रक्षेत्र के डीआईजी डॉ. कुमार आशीष, अपर समाहर्ता निशांत कुमार और पुलिस अधीक्षक हिमांशु उपस्थित रहे। इन सिपाहियों ने अपना एक वर्षीय प्रशिक्षण पूरा किया है। डीआईजी डॉ. कुमार आशीष ने जवानों को नागरिक सुरक्षा, मानवाधिकार संरक्षण और जनविश्वास को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। डीआईजी ने यह भी बताया कि प्रशिक्षण के दौरान सिपाहियों को कानून-व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, धारा 144 का अनुपालन, कर्फ्यू प्रबंधन, चुनाव ड्यूटी और वीआईपी सुरक्षा जैसे पुलिसिंग के विभिन्न पहलुओं का गहन प्रशिक्षण दिया गया है। अब उन्हें इन सीखी गई बातों को व्यवहारिक रूप से लागू करना होगा। उन्होंने जानकारी दी कि वर्ष 2023 में नियुक्त इन सिपाहियों का एक वर्षीय प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा हो गया है। दीक्षांत परेड के साथ उनका प्रशिक्षण और शपथ ग्रहण कार्यक्रम संपन्न हुआ। अब इन्हें तीन माह का जिला स्तरीय व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसके बाद विभिन्न जिलों में इनकी तैनाती की जाएगी। डीआईजी ने विश्वास व्यक्त किया कि इन प्रशिक्षित सिपाहियों की तैनाती से पुलिस बल को मजबूती मिलेगी। इससे अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। इस मौके पर सहरसा सदर एसडीपीओ आलोक कुमार, साइबर डीएसपी कल्याण स्वरूप, हेडक्वार्टर डीएसपी धीरेंद्र कुमार पांडे, कमलेश्वर प्रसाद सिंह समेत तमाम अधिकारी मौजूद रहे।



पासिंग आउट परेड समारोह में बिहार पुलिस

## सदर अस्पताल में तैनात सुरक्षा गार्डों पर कर्मचारी द्वारा मारपीट का आरोप, हड़ताल पर गए सुरक्षा गार्ड

**सहरसा सदर (एनएसबी)।** सदर अस्पताल में शुक्रवार को सुरक्षा गार्डों ने अपने एक साथी के साथ कथित मारपीट के विरोध में हड़ताल शुरू कर दी। इस घटना से अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित हुई। गार्डों ने आरोपी कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए अस्पताल परिसर में प्रदर्शन और नारेबाजी की। गार्डों के सुपरवाइजर संजीव कुमार ने बताया कि सदर अस्पताल में तैनात एक चतुर्थवर्गीय कर्मचारी ने ड्यूटी पर मौजूद सुरक्षा गार्ड के साथ मारपीट की। इसी घटना के विरोध में सभी सुरक्षाकर्मी एकजुट होकर आंदोलन कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सुबह करीब सात बजे सुरक्षा गार्ड अंबुज आनंद इमरजेंसी गेट के पास अपनी ड्यूटी पर थे। इसी दौरान एक ई-रिक्शा मरीज को लेकर इमरजेंसी के समीप पहुंचा। अंबुज आनंद ने चालक से मरीज को उतारने के बाद वाहन हटाने का अनुरोध किया। आरोप है कि इस बात पर ई-रिक्शा चालक उनसे उलझ गया। इसी बीच, इमरजेंसी में कार्यरत चतुर्थवर्गीय कर्मचारी मो. रफीक वहां पहुंचा और गार्ड अंबुज आनंद के साथ मारपीट करते हुए थप्पड़ जड़ दिया। गार्डों का यह भी आरोप है कि घटना के दौरान बीच-बचाव करने पहुंची एक महिला सुरक्षा गार्ड के साथ भी दुर्व्यवहार और मारपीट की गई, जिससे वह घायल हो गई। घटना के विरोध में सभी सुरक्षा गार्ड दोपहर में मातृ-शिशु अस्पताल के पास एकत्र हुए और आरोपी कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान सदर अस्पताल के डिप्टी सुपरिंटेंडेंट डॉ. एस.के. आजाद और अस्पताल प्रबंधक मिस शिंपी सहित अन्य अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर गार्डों से हड़ताल समाप्त करने की अपील की। हालांकि, प्रदर्शनकारी गार्डों ने स्पष्ट किया कि जब तक दोषी कर्मचारी के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं होती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। इस संबंध में सिविल सर्जन डॉ. राज नारायण प्रसाद ने बताया कि जिस चतुर्थवर्गीय कर्मचारी पर आरोप लगाया गया है, उसका मोबाइल फोन फिलहाल स्विच ऑफ है। उन्होंने आश्वासन दिया कि सुरक्षाकर्मियों की शिकायत सुनी गई है और मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारियों को लिखा जाएगा।




हड़ताल पर डटे सुरक्षा गाड।

## डेयरी व पशु प्रबंधन से आत्मनिर्भर बनेंगी महिलाएं: श्लोक कुमार

**सहरसा (एनएसबी)।** ग्रामीण महिलाओं की आय में वृद्धि एवं पशुपालन आधारित आजीविका को सशक्त बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के अंतर्गत पशु सखियों, सीएलएफ एंकर पर्सन एवं एलएचएस के लिए एक दिवसीय गैर-आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ सहरसा जिले में किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन जिला परियोजना प्रबंधक श्लोक कुमार, संयंत्र प्रभारी कौशलेन्द्र कुमार एवं अन्य अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य पशु सखियों एवं सामुदायिक कैडरों को डेयरी एवं पशु प्रबंधन से संबंधित नवीनतम तकनीकी जानकारियों से अवगत कराना तथा उन्हें ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने हेतु सक्षम बनाना है। प्रशिक्षण के दौरान पशुओं के स्वास्थ्य प्रबंधन, संतुलित आहार, टीकाकरण, नस्ल सुधार, स्वच्छ दुग्ध उत्पादन, डेयरी प्रबंधन एवं पशुपालन से आय बढ़ाने के विभिन्न उपायों पर विस्तार से जानकारी दी जा रही है। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए जिला परियोजना प्रबंधक श्री श्लोक कुमार ने कहा कि पशुपालन ग्रामीण परिवारों, विशेषकर महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित पशु सखियां गांव स्तर पर पशुपालकों को वैज्ञानिक पशुपालन अपनाने के लिए प्रेरित करेंगी तथा उनकी आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। उन्होंने प्रतिभागियों से प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान को अपने-अपने क्षेत्रों में प्रभावी रूप से लागू करने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रबंधक अभिनव कुमार, जिला नोडल विक्रमादित्य, सुशील



कार्यक्रम का शुभारंभ करते प्रबंधक व अन्य अतिथि।

## अवैध रूप से निजी जमीन में जिम पार्क बनाने के मामले मे मुख्यमंत्री सचिवालय को दिया आवेदन, सरकारी राशि का सोनवर्षा प्रमुख ने किया दुरूपयोग

**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के 16 पंचायत समिति सदस्यों ने समिति सदस्या गौरी कुमारी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री सचिवालय में एक लिखित आवेदन देकर सरकारी राशि के दुरुपयोग करने एवं निजी जमीन पर लाखों रुपए खर्च कर अवैध रूप से जिम पार्क बनाने का आरोप लगाया है। मालूम हो कि पड़रिया पंचायत में 10 लाख से अधिक के सरकारी राशि का बंदरबांट कर अवैध तरीके से निजी जमीन के आगे बिहार सरकार की जमीन को चारदिवारी से घेर जिम पार्क बना दिया। जिसको लेकर बिराटपुर की पंचायत समिति सदस्य गौरी कुमारी सहित अन्य ने प्रमुख रंजू देवी पर सरकारी राशि के दुरुपयोग करने के मामले को लेकर मुख्यमंत्री सचिवालय सहित पंचायती राज मंत्री,कमिश्नर सहरसा के डीएम को आवेदन देकर कारवाई की मांग की है। मामला प्रखंड प्रमुख ने पड़रिया पंचायत स्थित अपने गांव मे निजी स्वार्थ को लेकर सरकारी राशि का दुरुपयोग कर नियम के विपरित लाखों खर्च कर योजना स्थल पर आजतक जिम के एक उपकरण भी नहीं है। यहीं नहीं उन्होने सरकार के लाखों रुपए का चूना लगाकर बकायदा जिम के चाहरदिवारी के अंदर शौचालय बनाकर जमीन पर फेबर ब्लॉक भी बिछ्वा डाला है। और चारदिवारी में बड़ा सा ग्रिल लगाकर निजी उपयोग कर बड़ा ताला लगाकर रखा है। इससे स्पष्ट है कि सोनवर्षा के प्रखंड प्रमुख द्वारा किए गए वित्तीय अनियमितता को दशार्ता है। इस मामले को लेकर जदयू नेत्री सह विराटपूर की पंसस गौरी देवी ने इसकी उच्चस्तरीय जांच की मांग करते हुए सख्त कार्रवाई की भी मांग की है। इस संबंध में मिली जानकारी अनुसार प्रमुख ने नीजी जमीन के सामने जिम पार्क की चाहरदिवारी के नाम पर 6 लाख 18 हजार की योजना लिया तथा सरकारी व अपने नीजी जमीन के पुरे हिस्से को घेर लिया। और रंग रोगन कर अपने निजी तरीके से आवास के रुप मे उपयोग कर रहे हैं।इतना ही नहीं उसके बाद उन्होंने जिम पार्क चाहरदिवारी का निर्माण कराया है जिससे स्पष्ट होता है कि निजी स्वार्थ अपने आवासीय परिसर बनाने के लिए सरकारी राशि का बंदरबांट किया। हद तो ये है कि उक्त चाहरदिवारी के अंदर 3 लाख रुपए का शौचालय एवं 1 लाख 60 हजार रूपयों से ग्रील एव फेबर ब्लॉंक की योजना पुरा किया।इस तरह लाखों की राशि की योजना पूरी तरह प्रखंड प्रमुख के कब्जे में आ गया। सभी योजना वित्तीय वर्ष 21-23 में 15वीं एवं षष्टम वित्त से की गई थी।



## युवाओं के प्रेरणा श्रोत राहुल गांधी की 56 वॉ जन्मदिन कांग्रेसजनों ने केक काट कर मनाया

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** जिला कांग्रेस कार्यालय में शुक्रवार को देश की घड़कन और करोड़ों युवाओं के प्रेरणा श्रोत राहुल गांधी की 56 वीं जन्मदिन कांग्रेसजनों ने केक काट कर मनाया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार झा ने राहुल गांधी के तैल चित्र के सम्मुख केक काट कर उनकी दीघार्यु, उत्तम स्वास्थ्य और उज्जवल राजनीति भविष्य की कामना करते हुए कहा कि राहुल गांधी जी ने सदैव लोकतंत्र, संविधान, सामाजिक न्याय, युवाओं, छात्रों के अधिकार, किसानों, मजदूरों तथा वंचित वर्गों की आवाज को मजबूती से उठाने का कार्य किया है। उनका संघर्ष, समर्पण और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता देश के करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष किया है और जनता की समस्याओं को संसद से लेकर सड़क तक प्रमुखता से उठाया हैस एन एस यू आई के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और वरीय कोंग्रेसी केशर कुमार सिंह ने राहुल गाँधी को बधाई देते हुये कहा कि आज उनके जन्मदिन के शुभ अवसर पर हम सभी उनके स्वस्थ, सुखमय एवं दीर्घ जीवन की मंगलकामना करते हैं। ईश्वर उन्हें राष्ट्र सेवा के लिए असीम ऊर्जा, साहस और सफलता प्रदान करें ताकि वे देश के गरीबों, किसानों, युवाओं, महिलाओं एवं आम जनता के अधिकारों के लिए इसी तरह निरंतर कार्य करते रहें। कार्यक्रम में प्रदेश प्रतिनिधि मो नईम उद्दीन, वरीय उपाध्यक्ष और मीडिया प्रभारी कुमार हीरा प्रभाकर, वरिष्ठ कोंग्रेसी बद्री प्रसाद यादव, वरीय नेता भरत झा,मो खाजा, शोभा कांत झा, प्रखंड अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह, कहरा, राम शरण कुमार, सौर बाजार, वीरेंद्र पासवान, नगर बैधनाथ झा, अविनाश कुमार यादव भोलू, आलोक कुमार ठाकुर, एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष नितीश कुमार, रौनक सम्राट, शशि कुमार, मंगल झा, सुमन कुमार, अमन कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।



केक काट कर दीघार्यु, की कामना कार्यकत्ता।

# किलकारी द्वारा पारम्परिक कला एवं सांस्कृतिक कार्यशाला आयोजित

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** किलकारी बिहार बाल भवन में आयोजित चक धूम-धूम समर कैम्प के अंतर्गत बच्चों के सर्वांगीण विकास, रचनात्मक अभिव्यक्ति एवं सांस्कृतिक चेतना को प्रोत्साहित करने हेतु विभिन्न कला एवं सांस्कृतिक कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। समर कैम्प में बच्चे बिहार की पारंपरिक लोक कलाओं, भारतीय शास्त्रीय नृत्य एवं रंगमंच की बारीकियों को सीखते हुए अपनी प्रतिभा को नई पहचान दे रहे हैं।चित्रकला विधा के अंतर्गत आयोजित सुजनी कला कार्यशाला में बच्चों को बिहार की प्रसिद्ध पारंपरिक लोक कला सुजनी से परिचित कराया जा रहा है। मिथिला अंचल की यह कला अपनी विशिष्ट कढ़ाई शैली एवं लोक जीवन के चित्रण के लिए देश-विदेश में प्रसिद्ध है। कार्यशाला में बच्चों को सुजनी कला के इतिहास, महत्व, डिजाइन निर्माण, रंग संयोजन एवं हस्तकला की तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षिकाएं विशेषज्ञ सविता सुमन, अभिभावक खुशबू कुमारी एवं चित्रकला प्रशिक्षिका अन्नू कुमारी बच्चों को इस कला की बारीकियों से अवगत करा रही हैं।वहीं समर कैम्प के अंतर्गत आयोजित 7 दिवसीय प्रस्तुति परक नाट्य कार्यशाला में नाट्य विशेषज्ञ राहुल कुमार राज द्वारा श्रमदान के रूप में बच्चों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। कार्यशाला में बच्चों को अभिनय, संवाद अदायगी, मंच संचालन, भाव-भंगिमा, शारीरिक अभिव्यक्ति, चरित्र निर्माण एवं प्रस्तुति कौशल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उनके मार्गदर्शन में बच्चे एक नाटक तैयार कर रहे हैं, जिसकी प्रस्तुति समर कैम्प 2026 के समापन समारोह में की जाएगी। राहुल कुमार राज ने बच्चों को बताया कि रंगमंच आत्मविश्वास, टीम भावना एवं सामाजिक समझ विकसित करने का एक प्रभावी माध्यम है।इसके साथ ही समर कैम्प में आयोजित 15 दिवसीय भरतनाट्यम नृत्य कार्यशाला में भरतनाट्यम विशेषज्ञ साहिल कुमार द्वारा बच्चों को भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैली भरतनाट्यम का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विशेष बात यह है कि साहिल कुमार स्वयं किलकारी बिहार बाल भवन, पटना के पूर्व छात्र रह चुके हैं। किलकारी से अपनी कलात्मक यात्रा प्रारंभ करने के बाद उन्होंने भरतनाट्यम के क्षेत्र में उच्च प्रशिक्षण एवं अध्ययन प्राप्त किया और आज एक प्रशिक्षक एवं विशेषज्ञ के रूप में बच्चों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। उनके द्वारा बच्चों को भरतनाट्यम की मूलभूत मुद्राएं, हस्तमुद्राएं, ताल-लय, भावाभिव्यक्ति तथा मंचीय प्रस्तुति की तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।इस अवसर पर प्रमण्डल कार्यक्रम समन्वयक प्रणव भारती ने कहा कि किलकारी का उद्देश्य बच्चों को केवल शैक्षणिक गतिविधियों तक सीमित रखना नहीं, बल्कि उन्हें कला, संस्कृति एवं सृजनात्मक अभिव्यक्ति के विविध अवसर उपलब्ध कराना भी है।



कला व सांस्कृतिक प्रस्तुत करती कालाकार।

## संक्षिप्त खबरें

### महिला के निधन से परिवारवालों पर टूटा दुःखों का पहाड़

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** दिघौन गांव निवासी नैयर आलम की पत्नी के निधन से परिवारवालों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मृतक को दो पुत्री एवं तीन पुत्र हैं। मां के निधन से छोटे-छोटे बच्चों को रो-रो कर बुरा हाल है। मौत की खबर सुनकर श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के अजय सिंह, अमित कुमार सिंह, राजकमल कुमार, मनोज पटेल, गुरुदेव कुमार, राकेश कुमार सिंह ने दुख की इस घड़ी में धैर्य से रहने का सलाह दिया।

### रामधुनी यज्ञ का समापन, कलश किया गया विसर्जित

**चौथम (दैनिक नवसंदेश)।** लालपुर गांव में 24 घंटे से चल रहे अखंड रामधुनी यज्ञ का समापन हो गया। समापन के मौके पर पंडितों ने मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ हवन आहुति की तथा कलश विसर्जन किया। मौके पर कलश स्थापना की तरह ही पुनः कुमारी कन्याओं द्वारा विसर्जित कलश को बाजे गाजे के साथ बागमती नदी में जल प्रवाहित कर दिया गया। यह रामधुनी यज्ञ लालपुर गांव के वैदेही देवी के पुत्र संजीत कुमार, सुजीत कुमार, रेणु कुमारी एवं दामाद वैद्यनाथ सिंह द्वारा किया गया। इसमें काफी दूर-दूर से महिला मंडली एवं भजन मंडली बुलायी गयी थी। विसर्जन के मौके पर ग्रामीण पवन कुमार सिंह, ललन प्रसाद सिंह, राजेश कुमार सिंह, बृजमोहन सिंह, वैद्यनाथ सिंह, रवि शंकर प्रसाद सिंह, अनिल कुमार, संतोष कुमार आदि दर्जनों ग्रामीण मौके पर उपस्थित थे।

### सैरात बंदोबस्ती को लेकर निकाली गई तिथि

**चौथम (दैनिक नवसंदेश)।** भूतौली पंचायत के भरपुरा एवं लगमा घाट के सैरात को लेकर पंचायत द्वारा डाक बंदोबस्ती की तिथि 26 जून को भूतौली पंचायत भवन में होनी है, जिसको लेकर तिथि निकाल दी गई है। पंचायत के भरपुरा घाट में दो नविकों के बीच विगत एक माह से विवाद चल रहा था। पंचायत के लिखित आदेश से इस घाट का संचालन विगत 15 वर्षों से पांडव यादव कर रहा था। दूसरे पक्षकार द्वारा भी पंचायत का आदेश होने की बात बताई जा रही है। एक ही घाट पर दो नाविक के हो जाने से स्थिति तनावपूर्ण हो गई थी। चौथम पुलिस ने पूर्व के नाविक को नाव चलाने से रोक दिया था। नये नाविक संजय यादव नाव का संचालन कर रहा था। इसको लेकर विवाद की स्थिति उत्पन्न थी, जिसको देखते हुए पंचायत स्तर से पुनः घाट सैरात बंदोबस्ती को लेकर 26 जून को तिथि निकाल दी गई है।

### चार दीवारी निर्माण का विरोध

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** दिघौन गांव में सामुदायिक भवन के समीप चार दिवारी का निर्माण किया जा रहा है। चार दीवारी निर्माण को गांव के ही रवीन सहनी द्वारा रोका जा रहा है। इसकी सूचना वार्ड सदस्य जवाहर तांती ने टोल फ्री नंबर 112 को दी। सूचना पर 112 की टीम कार्य स्थल पर पहुंची, तब तक लक्ष्मी देवी ने अपने पति को भगा दिया। बताते चलें कि तीन दिन पूर्व दिघौन गांव के सामुदायिक भवन के चारों तरफ ग्रामीणों ने अतिक्रमण कर लिया था। अंचलाधिकारी अमित कुमार ने अतिक्रमण वाद चलाकर थाना अध्यक्ष अजीत कुमार के साथ जेसीबी मशीन से अतिक्रमण मुक्त कराश्स। तब सामुदायिक भवन के चारों तरफ चार दिवारी की निर्माण शुरू किया गया लेकिन रवीन सहनी कार्य को रोक रहा था। वीन सहनी का कहना है कि हमें 10 फीट रास्ता चाहिए तो काम होने देंगे यदि रास्ता नहीं मिलेगा तो काम को अवरुद्ध करेंगे। जब कोई भी पदाधिकारी उक्त स्थल पर पहुंचते हैं तो रवीन सहनी पत्नी लक्ष्मी देवी को आगे कर देता है जिस कारण बार-बार प्रशासन को उक्त स्थल पर पहुंचना पड़ता है।

### जीविका ने सीता देवी को बना दिया आत्मनिर्भर

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** मानसी प्रखंड के खुटिया की सीता देवी जीविका के सहयोग से आज आत्मनिर्भर हो चुकी हैं। उनके पास पूर्व में कोई रोजगार नहीं था। पति खेती और मजदूरी पर निर्भर थे। दो लड़की और तीन लड़का होने के कारण उनका जीवन यापन बहुत ही कठिनाई से गुजर रहा था। वह 2016 में समूह में जुड़ी। समूह में जुड़ने के बाद उसे लगा कि समूह से कुछ मदद लेकर काम किया जाए। समूह से 2020 में 50,000 की राशि ऋण के रूप में ली और कुछ अपना अंशदान लगाकर किराना दुकान खोली। किराना दुकान से अच्छी खासी आमदनी होने लगी। पति भी उसमें सहयोग करने लगा। धीरे-धीरे काफी बदलाव आया। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत 10,000 की राशि भी प्राप्त हुई जिससे वह अपने दुकान में पूंजी के रूप में उपयोग की अभी उसके दुकान में 70000 का पूंजी हो गया है और खेती से 50000 सलाना की आमदनी और किरानादुकान से मासिक 15 से 20000 की आमदनी हो जाती है जिससे उसके आर्थिक स्थिति में काफी सुधार हुआ अभी वह भी रोजगार हो चुकी हैं और वह जीविका को बहुत-बहुत धन्यवाद करती हैं कि इसी तरह से जीविका गरीब महिलाओं का मदद करते रहे ताकि सभी गरीब महिलाएं स्वरोजगार हो जाए और गरीबी धीरे-धीरे खत्म हो जाए।

### सड़क दुर्घटना में वार्ड सदस्य की मौत से मचा कोहराम

**इसुआपुर/सारण (दैनिक नवसंदेश)।** गंगोई गांव निवासी एवं आता नगर पंचायत के वार्ड संख्या 12 के वार्ड सदस्य 45 वर्षीय मनोज राय की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। वे गंगोई गांव निवासी अनिल राय के पुत्र थे। स्वजनों से मिली जानकारी के अनुसार मनोज राय गुरुवार की देर रात अपने घर आ रहे थे। इसी दौरान घर से लगभग 200 गज की दूरी पर चांदपुरा-गंगोई ग्रामीण सड़क पर उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गई जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। दुर्घटना की जानकारी अगले दिन शुक्रवार की सुबह ग्रामीणों को हुई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेजा। हादसे के बाद परिवार व पंचायत में मातम पसरा हुआ है। मृतक के परिवार में पत्नी, 10 वर्षीय पुत्र तथा 6 वर्षीया पुत्री हैं। थानाध्यक्ष गौरव कुमार गौरव ने बताया कि मामले की जांच के लिए एफएसएल टीम को बुलाया गया था। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

### सारण को मिली विकास की नई रफ्तार : राजीव प्रताप रूडी

**छपरा (दैनिक नवसंदेश)।** रेल मंत्रालय द्वारा छपरा जंक्शन पर आयोजित उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए छपरा के सांसद राजीव प्रताप रूडी ने कहा कि आज का दिन सारण और आसपास के क्षेत्रों के लिए ऐतिहासिक महत्व का है। छपरा से नई दिल्ली तथा मऊ से नई दिल्ली रेल सेवा का शुभारंभ क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करने वाला महत्वपूर्ण कदम है। इससे लाखों यात्रियों, छात्रों, व्यवसायियों और नौकरीपेशा लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय रेल तेजी से आधुनिक और यात्री सुविधाओं से युक्त बन रही है। बिहार में रेलवे के विकास को नई गति मिली है तथा अनेक नई रेल परियोजनाएं धरातल पर उतर रही हैं। उन्होंने कहा कि सारण के विकास के लिए रेल संपर्क को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता रही है और इसी दिशा में लगातार प्रयास किए गए हैं। उन्होंने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रेल मंत्रालय ने जनता की भावनाओं और आवश्यकताओं को समझते हुए नई ट्रेन सेवाओं की सौगात दी है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में सारण क्षेत्र को रेलवे के क्षेत्र में और भी महत्वपूर्ण परियोजनाओं का लाभ मिलेगा। सांसद ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में मजबूत आधारभूत संरचना और बेहतर परिवहन व्यवस्था की महत्वपूर्ण भूमिका है। नई रेल सेवाओं से न केवल यात्रियों को सुविधा मिलेगी बल्कि व्यापार, रोजगार और क्षेत्रीय आर्थिक विकास को भी नई गति प्राप्त होगी। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा सभी जनप्रतिनिधियों और रेल अधिकारियों को बधाई दी।

### सांसद ने दुहराई सिवान-छपरा-पाटलिपुत्र डीएमयू ट्रेन की मांग

**छपरा (दैनिक नवसंदेश)।** छपरा जंक्शन पर रेल मंत्रालय द्वारा आयोजित नई रेल सेवाओं के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का स्वागत करते हुए सिवान-छपरा होते हुए पाटलिपुत्र (पटना) तक नियमित डीएमयू ट्रेन सेवा शुरू करने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन सुबह सिवान से पाटलिपुत्र के लिए तथा शाम में पाटलिपुत्र से सिवान वापसी के लिए डीएमयू सेवा शुरू होने से छात्रों, नौकरीपेशा लोगों, व्यवसायियों और आम यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलेगी।

### विधायक ने रेल मंत्री से की छपरा-पटना पैसेंजर ट्रेन चलाने की मांग

**दिघवारा (दैनिक नवसंदेश)।** सोनपुर के विधायक विनय कुमार सिंह ने रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर छपरा से पटना के बीच नियमित पैसेंजर ट्रेन सेवा शुरू करने की मांग की है। उन्होंने अपने पत्र में कहा है कि सुबह छपरा से पटना और शाम में पटना से छपरा के लिए एक जोड़ी ट्रेन चलाई जाए, ताकि कार्यालय आने-जाने वाले हजारों यात्रियों को सुविधा मिल सके। पत्र के माध्यम से विधायक सिंह ने आमी स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल मां अंबिका भवानी मंदिर के विकास की भी मांग रखी है। उन्होंने बताया कि प्रसाद योजना के तहत यहां सौंदर्यीकरण के लिए राशि स्वीकृत हो चुकी है। ऐसे में दर्शनार्थियों के लिए मां अंबिका भवानी हॉल्ट पर यात्री शेड, प्लेटफॉर्म, प्रतीक्षालय, शौचालय और बुकिंग काउंटर जैसी मूलभूत सुविधाओं का निर्माण कराने की मांग की है। इसके अलावा उन्होंने अवतार नगर रेलवे स्टेशन को क्रॉसिंग स्टेशन का दर्जा मिलने के बाद वहां बुकिंग काउंटर समेत अन्य यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराने की भी मांग की है। विधायक ने रेल मंत्री से इन सभी बिंदुओं पर शीघ्र कार्रवाई करने का अनुरोध किया है, ताकि आम लोगों और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मिल सके।

# हर माह के अंतिम रविवार को मनेगा पंचायत विकास दिवस

दैनिक नवसंदेश

## यहां तैयार होगा पंचायत की विकास का खाका

**खगड़िया।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज की परिकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक अधिकार सौंपे गये हैं। पंचायती राज संस्थाओं में सबसे सशक्त एवं सीधे ग्रामीणों से जुड़ी संस्था है ग्राम पंचायत। उक्त बातें उपविकास आयुक्त श्वेता भारती ने कहीं।

उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत ग्रामीणों के सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक विकास का सशक्त मंच है। ग्राम पंचायत महत्वपूर्ण स्वशासन इकाई है, जिसके माध्यम से ग्रामीण अपने आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक विकास हेतु स्वयं योजनाओं का चयन कर उसे क्रियान्वित करते हैं। केंद्र एवं राज्य की सरकारें ग्रामीण क्षेत्र के आर्थिक एवं सामाजिक विकास हेतु विभिन्न माध्यमों से ग्राम पंचायत को सहयोग प्रदान करती हैं। राष्ट्रीय एवं राज्य नीतियों के प्रचार-प्रसार में ग्राम पंचायतें महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। ग्राम पंचायत ग्रामीण समुदाय की भागीदारी के माध्यम से सतत विकास लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कृत संकल्प है। सतत् विकास लक्ष्य के कुल 17 लक्ष्य हैं, जिन्हें नौ थीमों में समाहित किया गया है। इन थीमों में समाहित विषयों के विकास से ही ग्रामीण क्षेत्रों का समग्र एवं सतत् विकास किया जा सकता है। यह तभी संभव होगा जब पंचायतों के निर्वाचित सदस्यों, ग्राम सभा के सदस्यों महिलाओं, युवाओं एवं अन्य हितधारकों की भागीदारी एवं उनके बीच सार्थक संवाद सुनिश्चित हो सके। इस उद्देश्य की पूर्ति, विकास की किरणें सभी ग्रामीणों तक पहुंचाने एवं विकास कार्यक्रम में सभी लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को प्रत्येक ग्राम पंचायत में पंचायत विकास दिवस कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।

> पंचायत विकास दिवस का आयोजन नहीं ओने पर संबंधित पदाधिकारी, कर्मी और निर्वाचित प्रतिनिधि के विरूद्ध होगी कार्रवाई
>
> प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सुनने की व्यवस्था पंचायत द्वारा की जायेगी

उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह के आखिरी रविवार को पूर्वा 10 से 12 बजे तक प्रत्येक ग्राम पंचायत में पंचायत विकास दिवस कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम में भाग लेने हेतु संबंधित लोकसभा के सदस्य, राज्यसभा सदस्य, विधानसभा सदस्य और विधान पार्षद को सूचना भेजी जायेगी। ग्राम पंचायत के अन्तर्गत निवास करने वाली जीविका दीदी एवं आशा कार्यकर्ता से भी कार्यक्रम में भाग लेने का अनुरोध किया जायेगा। पंचायत विकास दिवस' का आयोजन पंचायत सरकार भवन, पंचायत भवन, विद्यालय, सामुदायिक भवन या किसी ऐसे सुविधाजनक सार्वजनिक स्थान पर होगा जहां सभी वर्ग के व्यक्ति एक साथ आसानी से बैठ सकें तथा रोशनी, पेयजल एवं शौचालय की समुचित व्यवस्था हो। पंचागत विकास दिवस के आयोजन के लिये सभी आवश्यक व्यवस्थाएं यथा-बैठने, पेयजल, हल्का जलपान, प्रसाधन इत्यादि की व्यवस्था ग्राम पंचायत द्वारा की जायेगी। पंचायत विकास दिवस हेतु आयोजित की जाने वाली बैठक की तारीख, समय एवं स्थान को अंतर्विष्ट करते हुए सूचना, कार्य सूची सात दिन पूर्व पंचायत सचिव द्वारा प्रचारित की जायेगी।

डीडीसी ने कहा कि पंचायत विकास दिवस कार्यक्रम हेतु आयोजित बैठक की अध्यक्षता संबंधित ग्राम पंचायत के मुखिया और उनकी अनुपस्थिति में उप मुखिया करेंगे। मुखिया एवं उप-मुखिया दोनों ही बैठक में अनुपस्थित हों तो ग्राम सभा बैठक की अध्यक्षता किसी ऐसे सदस्य द्वारा की जायेगी जो बैठक में सदस्यों के बहुमत द्वारा इस प्रयोजनार्थ निर्वाचित किया जायेगा। अध्यक्ष 5-10 मिनट उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित किया जायेगा। बैठक में ग्राम पंचायत के माध्यम से चलाई जा रही योजनाओं तथा आगामी माह में प्रारंभ की जाने वाली योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। वित्तीय वर्ष में ग्राम पंचायत को विभिन्न स्त्रोत से प्राप्त राशि, व्यय एवं अवशेष राशि से ग्रामीणों को अवगत कराया जायेगा। विगत माह में ग्राम पंचायत द्वारा क्रियान्वित योजनाओं में किये गये खर्च से ग्रामीणों को अवगत कराया जायेगा। पंचायत विकास कार्यक्रम में राज्य की ऐसे पंचायतों जिसे सरकार या किसी अन्य संस्था द्वारा पुरस्कृत किया गया है, या किसी पंचायत द्वारा किसी खास क्षेत्र में विशिष्ट कार्य किया गया है से संबंधित वीडियो का प्रदर्शन किया जायेगा। इससे ग्रामीणों को अपने पंचायत को विकास की प्रेरणा मिलेगी। प्रायः अंतिम रविवार को मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के माध्यम से प्रमानमंत्री द्वारा नागरिकों से सीधे संवाद किये जाते हैं। प्रधानमंत्री इस कार्यक्रम में सामान्य नागरिकों, पंचायती राज संस्थाओं तथा अन्य संगठनों द्वारा किये जा रहे अनेक कार्यों एवं प्रयासों की सराहना के साथ प्रासंगिक एवं महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपने विचार साझा करते हैं। इस कार्यक्रम में ग्रामीण विकास, स्वच्छता, रोजगार, शिक्षा, सामाजिक सौहार्द एवं अन्य सामाजिया, आर्थिक सरोकारों से जुड़े विषयों पर दिये गये संदेशों से प्रेरित होकर ग्राम पंचायत ग्रामीण क्षेत्र के आर्थिक एवं सामाजिक विकास में विशिष्ट योगदान कर सकती है। प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सुनने की व्यवस्था पंचायत द्वारा की जायेगी।

उन्होंने कहा कि यदि किसी पंचायत में पंचायत विकास दिवस कार्यक्रम का आयोजन गहीं किया जाता है, तो प्रखण्ड पंचायत राज पदाधिकारी द्वारा जिला पंचायत राज पदाधिकारी को दो दिनों के अंदर तत्संबंधी प्रतिवेदन भेजा जायेगा। उक्त प्रतिवेदन के आलोक में जिला पंचायत राज पदाधिकारी नियमानुसार संबंधित पदाधिकारी, कर्मी एवं निर्वाचित प्रतिनिधि के विरूद्ध कार्रवाई प्रारंभ करेंगे।

## पेपर लीक के खिलाफ छात्रों ने किया प्रदर्शन

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** सामाजिक संगठन फरकिया मिशन एवं पतंजलि योग समिति के तत्वाधान में नीट यूजी सहित अन्य परीक्षाओं के पेपर लीक के खिलाफ प्रदर्शन किया, जिसका नेतृत्व समाजसेवी किरण देव यादव ने किया। रैली में सैकड़ो छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। रैली अलौली नगर पंचायत के विभिन्न मार्ग से होते हुए ब्लॉक चौक निकट पहुंचा जहां नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। देश बचाओ अभियान फरकिया मिशन के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने कहा कि आज विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक कर, बार-बार परीक्षा रद्द कर, लाखों छात्रों के भविष्य को अंधकार में बनाया जा रहा है जिससे छात्र आत्महत्या करने को विवश हैं। वहीं अवसाद, तनाव एवं व्यस्ततम जिंदगी जीने से जीवन प्रभावित हो रही है। अल्पायु में ही मौत को गले लगा रहे हैं।

## 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** परबत्ता प्रखंड स्थित उत्तरी पंचायत के मध्य विद्यालय सौढ़ भरतखण्ड में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। प्रधानाध्यापक संजय कुमार पासवान ने बताया कि वर्ष 2026 में 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। विश्वयोग दिवस का आयोजन लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए किया जाता है। उन्होने कहा कि वर्ष 2014 से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का प्रस्ताव रखा था। इसके बाद से हर साल 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मानने का फैसला संयुक्त राष्ट्र महासभा ने किया। उन्होने यह भी बताया कि योग करने से हम अपने मन में शांति अनुभव करते हैं। वर्ष 2026 में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का विषय है स्वस्थ आयु के लिए योग।

# घर में घुस महिला को चाकू मार किया जख्मी

**चौथम (दैनिक नवसंदेश)।** तेगाछी देवका गांव में बीती रात को असमाजिक तत्वों ने घर में घुसकर चाकू से महिला पर कई प्रहार किया, जिसमें महिला बुरी तरह जख्मी हो गई। महिला की पहचान देवका निवासी गिरधर सिंह की 30 वर्षीय पत्नी प्रियंका सिंह के रूप में की गयी है। जख्मी हालत में महिला के परिजनों उसे चौथम सीएससी लाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टर ने उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया। महिला के दाएं हाथ में तीन एवं सिर में एक जख्म है। मौके पर मौजूद ग्रामीणों एवं महिला के पति गिरधर सिंह ने बताया कि महिला घर में काम कर रही थी, इसी बीच घर के पीछे से रास्ते से दो व्यक्ति आए और ताबड़तोड़ चाकू से प्रहार करने लगे। हालांकि महिला एवं घर में पढ़ रहे बच्चों के शोर मचाने पर दोनों हमलावर पीछे के रास्ते से ही भाग गए। जख्मी महिला के पति ने बताया कि हमलावर गले से मंगलसूत्र और एक चक्ती सोने का था, जिसे खींच लिया। यह भी बताया गया कि इस तरह की घटना पूर्व में भी हुई थी। उस समय हमलावर की पहचान कर थाने को आवेदन भी दिया गया था लेकिन थाने द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। अब दोबारा भी इस तरह की घटना हुई है। महिला के पति ने बताया कि थाने को पुनः लिखित जानकारी दी जाएगी। हालांकि अब तक थाने को इससे संबंधित सूचना नहीं दी गई है। बताया जा रहा है कि मामला आपसी दुश्मनी का है।

## चार दिन बाद भी नहीं हो सकी मृत युवती की पहचान

**बेलदौर (दैनिक नवसंदेश)।** अलग-अलग जगहों से दो दिनों में बरामद दो लावारिश शवों में से एक महिला के शव को नियमानुसार शुक्रवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया, जबकि दूसरे शव को शनिवार को दाह संस्कार कर दिए जाने की संभावना है। सोमवार को एनएच 107 नई जीरोमाईल के उत्तर सड़क में बने पुल के निकट बालू गड्ढा से पुलिस ने अज्ञात पच्चीस वर्षीय महिला का शव बरामद किया था, जिसकी शिनाख्त बहत्तर घंटे के अंदर नहीं हो पाने से नियमानुसार शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। वहीं मंगलवार को डुमरी गांव के निकट कोसी नदी से अज्ञात बीस से पच्चीस वर्ष के युवक का शव बरामद किया गया था। उस शव की भी शिनाख्त नहीं हो पायी है। निर्धारित अवधि के अंदर पहचान नहीं होने पर उसका भी दाह संस्कार शनिवार को कर दिए जाने की संभावना है। किसी भी शव की पहचान नहीं होने के कारण क्षेत्र में चर्चा की विषय बनी हुई है। अब देखने वाली बात है कब तक में दोनों शवों की पहचान हो पाती है।

## मारपीट के मामले में तीन गिरफ्तार

**पसराहा (दैनिक नवसंदेश)।** बीरवास गांव में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार की रात बीरवास गांव में दो पक्षों के बीच बच्चों को लेकर विवाद हुआ था, जो देखते ही देखते मारपीट में तब्दील हो गया। इस घटना की सूचना मिलने के बाद दोनों पक्षों ने शुक्रवार को पसराहा थाना पहुंचकर एक-दूसरे के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पसराहा थानाध्यक्ष राजीव रंजन कुमार ने घटना की जांच शुरू की और त्वरित कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को दोनों पक्षों के तीन लोगों को हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में एक पक्ष से प्यारेलाल शर्मा और उनकी पत्नी पावो देवी शामिल हैं, जबकि दूसरे पक्ष से परवीन कुमार दास को गिरफ्तार किया गया है। ये सभी बीरवास गांव के ही निवासी हैं। थाना लाने के बाद तीनों से आवश्यक पूछताछ की गई और प्रक्रिया पूरी करने के बाद उन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच न्यायिक हिरासत में खगड़िया भेज दिया गया है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।



## आपसी प्रेम और शांति के साथ मोहर्रम मनाने का लिया संकल्प



पसराहा (दैनिक नवसंदेश)। मोहर्रम को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पसराहा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पसराहा थानाध्यक्ष राजीव रंजन कुमार ने की। बैठक में राजेंद्र प्रसाद सिंह, आमिर, आजाद, आलोक कुमार मुखिया, अनवर बैठा, नगीना से जब्बार आलम सही क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। थानाध्यक्ष ने सभी समुदायों से आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की और कहा कि मोहर्रम का त्योहार मिल-जुलकर मनाना हमारी पुरानी परंपरा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह सतर्क है और किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। यदि कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे, तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। बैठक में उपस्थित लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया। सभी ने संकल्प लिया कि इस वर्ष भी मोहर्रम का पर्व आपसी प्रेम और शांति के साथ संपन्न होगा। पुलिस प्रशासन ने असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखने की बात कही है।

## रामविलास पासवान मार्ग नाम से जाना जाएगा बायपास रोड : नगर सभापति

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** नगर परिषद खगड़िया की सामान्य बोर्ड बैठक बुधवार को नगर परिषद कार्यालय में नगर सभापति अर्चना कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में नगर के समग्र विकास, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार, प्रकाश व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, सड़क एवं नाला निर्माण, सौंदर्यीकरण, राजस्व वृद्धि तथा जनहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत बायपास रोड का नामकरण 'रामविलास पासवान मार्ग' किए जाने के प्रस्ताव को स्वीति मिलना रहा। नगर सभापति अर्चना कुमारी ने कहा कि स्वर्गीय रामविलास पासवान केवल एक राजनेता नहीं बल्कि सामाजिक न्याय, गरीबों, दलितों, पिछड़ों एवं वंचित वर्गो की आवाज थे। उन्होंने राष्ट्रीय राजनीति में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई और आज भी करोड़ों लोगों के प्रेरणास्त्रोत हैं। उनके सम्मान में खगड़िया नगर की महत्वपूर्ण सड़क का नामकरण किया जाना पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है। बैठक में नगर क्षेत्र के विभिन्न चौक-चौराहों, प्रमुख सार्वजनिक स्थलों एवं महत्वपूर्ण स्थानों पर 110 हाई मास्ट लाइट लगाने की स्वीकृति भी प्रदान की गई। नगर परिषद का मानना है कि इससे नगर की प्रकाश व्यवस्था में ऐतिहासिक सुधार होगा। रात्रि में लोगों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी, अपराध नियंत्रण में सहायता मिलेगी तथा नगर का सौंदर्य भी बढ़ेगा। इसके अलावा नगर क्षेत्र के सभी मकानों का सर्वेक्षण कर होल्डिंग संख्या निर्धारित करने के प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई। इसे नगर परिषद की आय बढ़ाने तथा विकास कार्यो के लिए अतिरिक्तसंसाधन जुटाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया गया। राजस्व व्यवस्था को अधिक पारदर्शी एवं व्यवस्थित बनाने पर भी विशेष जोर दिया गया। खराब स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत एवं नई स्ट्रीट लाइट लगाने के प्रस्ताव पर सहमति बनी। नगर में प्रकाश व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार करने पर भी चर्चा की गई। जलजमाव से राहत के लिए वार्डो में सड़क एवं नाला निर्माण को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया गया।




# मोदी सरकार की विदेशी नीति के चलते देश में डीजल, पेट्रोल और गैस का संकट

**खगड़िया (दैनिक नवसंदेश)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी चौथम अंचल परिषद की बैठक जगबली चौधरी के अध्यक्षता में मालपा में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी बिहार राज्य कार्यकारिणी सदस्य प्रभाकर प्रसाद सिंह ने कहा केंद्र की मोदी सरकार के विदेशी नीति के चलते आज देश में डीजल, पेट्रोल और गैस का संकट पैदा हुआ है। लोग उंचे दाम पर आज डीजल,पेट्रोल और गैस खरीदने पर मजबूर हो रहे हैं। मोदी सरकार अमेरिका के साथ ट्रेड ड्रिल पर समझौता कर हिंदुस्तान के किसानों के पेट पर लात मारने का काम किया है। मोदी सरकार किसानों के फसल का लाभकारी कीमत दिलाने में भी बिफल रहा है। आज पूरे देश में नीट एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रश्न पत्र लीक हो जाने के चलते छात्रों एवं अभ्यर्थियों के भविष्य के साथ मोदी सरकार खिलवाड़ कर रही है। जिसके चलते आज बड़े पैमाने पर देश के विभिन्न हिस्सों में छात्र आंदोलन कर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से त्यागपत्र देने का मांग कर रहे हैं। बिहार के अंदर शिक्षक अभ्यर्थियों पर एनडीए गठबंधन की सरकार लाठी चार्ज कर अभ्यर्थी एवं छात्र के आंदोलन को दबाना चाहती है। महंगाई,बेरोजगारी, भ्रष्टाचार चरम पर है। अयोध्या में भगवान श्री राम के मूर्ति पर चढ़ावा की राशि एवं जेवरात को भारतीय जनता पार्टी एवं राष्ट्रीय स्वयं सेवक के लोग करोड़ों रुपया लूटने का काम किए हैं, लेकिन आज तक दान की राशि हजम करने वाले लोगों पर केंद्र की मोदी सरकार हो या उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। इसके खिलाफ भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पूरे देश में मोदी सरकार एवं बिहार के सम्राट चौधरी की सरकार की जन विरोधी वादा खिलाफी नीति के खिलाफ 6 अगस्त से 15 अगस्त तक पूरे देश में पदयात्रा अभियान चलाकर आम जनता के बीच केंद्र सरकार एवं बिहार सरकार की नीति का पर्दाफाश करने का काम करेगी और 1 सितंबर को दिल्ली में एक विशाल रैली आयोजित कर मोदी सरकार को ललकारने का काम करेगी। इस आंदोलन आंदोलन में चौथम आंचल से हजारों की संख्या में भाग लेने का अपील किये। बैठक में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के पूर्व बिहार राज्य सचिव पूर्व विधायक स्व0 सत्यनारायण सिंह की धर्मपत्नी एवं पूर्व मुखिया, बिहार महिला समाज के पूर्व जिला अध्यक्ष स्व0 सुशीला देवी के निधन पर उनके अंतिम श्राद्ध कर्म के अवसर पर 22 जून को देवका कैथी स्थित उनके आवास पर श्रद्धांजलि सभा आयोजन करने का फैसला लिया गया। श्रद्धांजलि में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के बिहार राज्य सचिव पूर्व विधायक रामनरेश पांडे, पूर्व सांसद कां शत्रुघ प्रसाद सिंह, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व विधान पार्षद संजय कुमार, पार्टी के राष्ट्रीय परिषद सदस्य पूर्व विधान पार्षद महिला नेत्री उषा सहनी, पार्टी के राष्ट्रीय परिषद सदस्य प्रमोद प्रभाकर, ओमप्रकाश नारायण सहित दर्जनों राज्य नेताओं का प्रोग्राम श्रद्धांजलि सभा में निर्धारित हुआ है। बैठक में एटक का बिहार राज्य सम्मेलन 2 से 4 अगस्त तक खगड़िया में आयोजित राज्य सम्मेलन में कोश संग्रह करने का फैसला लिया गया। पंचायत चुनाव को देखते हुए जुलाई के महीने में बड़े पैमाने पर पार्टी सदस्यता अभियान चलाकर सभी बूथ पर कम से कम 10-10 नौजवानों को पार्टी का सदस्य बनाने का फैसला लिया गया। पिछले कार्यो का प्रतिवेदन अंचल मंत्री अनिल कुमार सिंह प्रस्तुत किए।



## संक्षिप्त खबरें

### तीन लीटर देसी शराब के साथ कुंदन कुमार गिरफ्तार

**जमालपुर (मुंगेर)।** जमालपुर पुलिस ने छोटी दौलतपुर शिव मंदिर समीप से एक शातिर शराब तस्कर को तीन लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार शराब तस्कर की पहचान कुंदन कुमार पिता वकील ताती के रूप में हुआ है। शराब तस्कर के गिरफ्तारी की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने बताया कि सूचना मिली कि शिव मंदिर दौलतपुर समीप कुंदन कुमार नामक युवक लंबे समय से शराब की तस्करी करता है। इसी सूचना पर पुलिस पदाधिकारी लक्ष्मी नारायण राय छोटी दौलतपुर में छापेमारी करते हुए शराब तस्कर को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार शराब तस्कर से पूछताछ करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेजना हेतु कानूनी कार्रवाई किया गया है। थानाध्यक्ष ने यह भी बताया कि दौलतपुर बस्ती में लगातार कई तरह के अवैध कारोबार का संचालन चोरी छुपे हो रहा है जिस पर नजर रखी जा रही है जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

### तेज रफ्तार पिकअप ने 11 वर्षीय छात्र को कुचला, मौके पर मौत, आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

**फतुहा।** घ्पटना जिले के फतुहा थाना क्षेत्र अंतर्गत मकसूदपुर के समीप शुक्रवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में 11 वर्षीय किशोर राजवीर कुमार की कुचलकर मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग और दोषी वाहन चालक की गिरफ्तारी को लेकर फतुहा-बख्तियारपुर एसएच-106 को जाम कर दिया। समाचार लिखे जाने तक सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन जारी था और यातायात पूरी तरह बाधित रहा। जानकारी के अनुसार, मृतक राजवीर मकसूदपुर निवासी छोटू पासवान का पुत्र था। शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे राजवीर किसी काम से सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान फतुहा की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार पिकअप वैन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी और मौके से बख्तियारपुर की दिशा में फरार हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि किशोर ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को बीच सड़क पर रखकर एसएच-106 को जाम कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि इस मार्ग पर वाहनों की तेज रफ्तार अक्सर हादसों को न्योता देती है। प्रदर्शनकारी मुआवजे की मांग और वरीय अधिकारियों के मौके पर आने की जिद पर अड़े हैं। स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। सूचना मिलते ही फतुहा थानाध्यक्ष श्रीमंत सुमन पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। घंटों बीत जाने के बाद भी पुलिस आक्रोशित लोगों को समझाने का प्रयास कर रही है, लेकिन अब तक सफलता नहीं मिली है। तनाव के कारण पुलिस अभी तक शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने में असमर्थ रही है। घ्थानाध्यक्ष श्रीमंत सुमन ने बताया कि पुलिस टीम मौके पर मौजूद है और लोगों को शांत कराने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही जाम हटवाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### रेल मंत्री को मांग-पत्र सौंप विधायक ने छपरा-पटना रेल सेवा सहित कई महत्वपूर्ण मांगों की ओर दिलाया ध्यान

**छपरा।** छपरा-दिल्ली नई रेल सेवा के शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में छपरा विधानसभा क्षेत्र की विधायक ने मंच पर माननीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव को मांग-पत्र सौंपकर छपरा की विभिन्न रेल एवं जनहित से जुड़ी मांगों की ओर उनका ध्यान आष्ट कराया। मांग-पत्र सौंपते हुए विधायक ने मौखिक रूप से भी रेल मंत्री को क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने विशेष रूप से छपरा से पटनाध्पाटलिपुत्र के बीच कार्यालय समय (अफिस आवर) में आने-जाने वाले यात्रियों के लिए एक जोड़ी नियमित ट्रेन चलाने की मांग को प्रमुखता से उठाया। विधायक ने रेल मंत्री को बताया कि उन्होंने बिहार विधानसभा में गैर-सरकारी संकल्प के माध्यम से यह मांग उठाई थी, जिस पर सदन द्वारा आश्वस्त किया गया था कि बिहार विधानसभा की ओर से यह प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि छपरा एक प्रमंडलीय मुख्यालय है तथा छपरा, सिवान और गोपालगंज जिलों के लाखों विद्यार्थी, कर्मचारी, व्यवसायी एवं आम नागरिक प्रतिदिन पटना आवागमन करते हैं।

# मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी संक्षिप्त प्रवास पर पहुंचे तारापुर, भतीजी को दिया आशीर्वाद



तारापुर में जनता का अभिवाद करते मुख्यमंत्री।

**तारापुर (एसएनबी)।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी शुक्रवार को अपने एक दिवसीय दौरे पर हेलीकप्टर से तारापुर पहुंचे। मुख्यमंत्री का हेलीकप्टर संध्या करीब 4रू30 बजे प्रखंड कार्यालय के पीछे षि विभाग परिसर में बनाए गए हेलीपैड पर उतरा। यहां प्रमंडलीय आयुक्त प्रेम सिंह मीणा, जिलाधिकारी निखिल धनराज, पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री को गार्ड अफ अनर भी दिया गया।हेलीपैड पर उतरने के बाद मुख्यमंत्री का स्थानीय जनप्रतिनिधियों, एनडीए नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ व मालाओं से स्वागत किया। इसके बाद वे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अपने पैतृक गांव लखनपुर के लिए रवाना हो गए।जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री अपने पारिवारिक कार्यक्रम के तहत भतीजी के विवाह समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। लखनपुर पहुंचकर उन्होंने विवाह समारोह में भाग लिया और कन्या को आशीर्वाद दिया। तारापुर प्रवास के दौरान उन्होंने लगभग 25 मिनट अपने स्वजनों के साथ बिताए।

मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। हेलीपैड से लेकर लखनपुर गांव तक सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। विभिन्न स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी तथा वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था की लगातार निगरानी कर रहे थे।मुख्यमंत्री के आगमन की सूचना मिलते ही आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग उन्हें देखने और स्वागत करने पहुंचे। संक्षिप्त प्रवास के बावजूद क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना रहा।

# अमन के हैट्रिक गोल से रामपुर ने जेएसएम एकेडमी को हराया





खिलाड़ी को पुरस्कार देते अतिथि।

**जमालपुर (मुंगेर)।** जमालपुर स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से जेएसएम मैदान में खेले जा रहे अंडर 14 लीग फुटबल टूर्नामेंट का दूसरा मैच शुक्रवार को जेएसएम एकेडमी एवं रामपुर के बीच एकेडमी खेला गया। खेले गए मैच का पहला दूसरा एवं तीसरा गोल रामपुर टीम की ओर से जर्सी नंबर 8 के अमन कुमार ने मैच के 8 मिनट 19 एवं 27 मिनट में कर अपनी टीम को एक तरफ जीत दिला दी। हालांकि रामपुर के किए गोल का जवाब देने को लेकर जेएसएम एकेडमी गोल करने का हर संभव प्रयास किया पर मैच को जीत नहीं सके। इस तरह रामपुर ने जेएसएम एकेडमी 3 - 0 से पराजित कर मैच को आसानी से जीत लिया।मैच में रेफरी की भूमिका में प्रवीण शंकर सिंह,ष्णानंद, मनीष कुमार एवं प्रकाश कुमार ने पूरा किया। इसके पहले मैच के मुख्य अतिथि खेल पदाधिकारी प्रीतम कुमार मैं दोनों खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामना दिए वहीं मैच में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को बेस्ट 22 का पुरस्कार भी दिया गया। मौके पर सहायक खेल पदाधिकारी संतोष कुमार सहित कई खेल प्रेमी मौजूद थे।

# भारत भूषण तिवारी के हत्यारे पर आपराधिक मुकदमा दर्ज करें सरकार

**जमालपुर(मुंगेर)।** बिहार के भोजपुर जिले में भारत भूषण तिवारी की पुलिस एनकाउंटर इस बात का प्रमाण है कि सुबे में पुलिस का अपराधीकरण हो चुका है उक्त बातें समाजवादी लोहिया वाहिनी के प्रदेश महासचिव रविकांत झा एंव सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने भारत भूषण तिवारी के हत्यारे को गिरफ्तार कर उस पर हत्या का मुकदमा चलाने की मांग करते हुए कहा सपा नेताओं ने कहा कि जिस तरह से गिरफ्तारी के बाद भारत भूषण को पुलिस मानसिक अस्वस्थ बताया फिर आखिर किसके इशारे पर दूसरे ही दिन उसका एनकाउंटर कर दिया गया यह कहां तक न्याय संगत है सपा नेताओं ने कहा जिस तरह सम्राट चौधरी की नेतृत्व वाली सरकार पुलिस एनकाउंटर करवा रही है यह न्यायपालिका और विधायक पालिका पर भी बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है और ऐसा प्रतीत होता है कि न्यायपालिका भी सरकार के हाथों की कठपुतली बन सरकार के इशारे पर काम कर रही है। घ्ज्जो जनतंत्र के लिए जहर के सामान है। सपा नेताओं ने कहा कि एनकाउंटर सरकार की मानसिक दिवालियेपन का प्रमाण है और इसका इलाज जरुरी है जिसके लिए आम जनता गोल बंद होकर सरकार के कुत्यों का विरोध करने के लिए सड़क पर उतरे।

# जिलाधिकारी के जनता दरबार में फरियादियों का बढ़ रहा विश्वास

## 21 आवेदकों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना

**मुंगेर (एसएएनबी)।** जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर द्वारा आयोजित साप्ताहिक जनता के दरबार में जिलाधिकारी कार्यक्रम के तहत आज समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आमजन की समस्याओं की सुनवाई की गई। जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने कुल 21 आवेदकों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को सभी मामलों की जांच कर नियमानुसार शीघ्र एवं उचित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में विभिन्न विभागों से संबंधित मामले प्राप्त हुए, जिनमें राशन कार्ड, अतिक्रमण, जमीन संबंधी, सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रहीं।सुनवाई के दौरान तारापुर माणिकपुर निवासी अनुज सिंह ने अपने पड़ोसियों पर सरकारी जमीन को अतिक्रमण करने की शिकायत करते हुए उसे अतिक्रमण मुक्त करने की मांग की। लालदरवाजा गंगा नगर निवासी बच्चू राम ने अपने बंद राशन कार्ड को पुनः चालू कराने की मांग की। संग्रामपुर ददरीजाला निवासी बीरेंद्र दास ने कहा की वह निःशक्त हैं तथा अब तक उन्हें निःशकत्ता पेंशन का लाभ नहीं मिला है। चंदनबाग निवासी प्रकाश पोद्दार ने



समस्या सुनते जिलाधिकारी।

पड़ोसियों द्वारा जबरन उनके जमीन पर कब्जा करने की शिकायत की। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को सभी मामलों की जांच कर उचित कार्रवाई के निदेश दिए।इसके अलावे जनता दरबार में प्राप्त अन्य सभी आवेदनों पर भी जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध जांच कर समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा प्राप्त सभी आवेदनों पर संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने करौटा स्थित जगदम्बा मंदिर में की पूजा-अर्चना

**मंदिर पहुंचकर मां जगदम्बा का लिया आशीर्वाद**

**समर्थकों एवं स्थानीय लोगों में उत्साह**

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को बाढ़ अनुमंडल के सालिमपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत करौटा स्थित जगदम्बा मंदिर पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की। उनके आगमन को लेकर मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा एवं स्वागत की विशेष व्यवस्था की गई थी।मंदिर पहुंचने पर पूर्व मुख्यमंत्री ने मां जगदम्बा के दरबार में मत्था टेककर राज्य एवं जनता के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। पूजा-अर्चना के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों की भीड़ जुटी रही। उनके दर्शन के लिए बड़ी संख्या में समर्थक एवं आमजन मंदिर परिसर के आसपास मौजूद रहे।पूर्व मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क दिखा। सुरक्षा व्यवस्था के बीच उन्होंने कुछ समय मंदिर परिसर में बिताया और धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया। मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यों ने उनका स्वागत किया तथा मां जगदम्बा की चुनरी और प्रसाद भेंट कर सम्मानित किया।स्थानीय लोगों ने बताया कि क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों में शामिल जगदम्बा मंदिर में पूर्व मुख्यमंत्री के आगमन से श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल रहा। उनके मंदिर पहुंचने की सूचना मिलते ही आसपास के गांवों से भी लोग बड़ी संख्या में पहुंच गए।धार्मिक आस्था से जुड़े इस कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धा और भक्ति का वातावरण बना रहा।पूजा-अर्चना के बाद पूर्व मुख्यमंत्री अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत आगे के लिए रवाना हो गए।



नीतीश कुमार, करौटा जगदम्बा मंदिर।

### प्रखंड में चल रहे दलित महादलित कार्यों की किया गया समीक्षा

**जमालपुर (मुंगेर)।** प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को विकास मित्र की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड कल्याण पदाधिकारी श्रावणी गुप्ता ने किया।बैठक के दौरान प्रखंड क्षेत्र में चल रही विभिन्न महादलित,एवं दलित कल्याण योजनाओं की प्रगति की बारीकी से समीक्षा की गई।अधिकारी ने सभी विकास मित्रों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ धरातल पर हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। पेंशन और राशन कार्ड से जुड़े लंबित मामलों को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया। कार्य में लापरवाही बरतने वाले विकास मित्रों को चेतावनी देते हुए समय पर रिपोर्ट जमा करने को कहा गया।बैठक में मुख्य रूप से जिला समन्वयक सह विकास मित्र अशोक दास,प्रदीप कुमार दास,करन कुमार दास , संजय कुमार , शम्भू शरण दास , चन्दन प्रसाद रजक , अजय कुमार राउत , प्रेम कुमार दास , बिनोद कुमार दास , राजेश कुमार , किरण कुमारी , शिवानी कुमारी , बिमला देवी , अन्नपूर्णा देवी , सुनीता देवी , निशा कुमारी , प्रतिमा देवी , रानी कुमारी राउत, कांता कुमारी इत्यादि उपस्थित थे।



बैठक में उपस्थित विकास मित्र।

### राहुल गांधी का जन्म दिवस मनाया गया

**जमालपुर (मुंगेर)।** जमालपुर शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में धर्मशाला रोड स्थित गांधी चर्चा मंदिर कांग्रेस कार्यालय में लोकसभा में विपक्ष के नेता जननायक राहुल गांधी का जन्म दिवस समारोह मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जमालपुर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष साईं शंकर ने की तथा मुख्य अतिथि के रूप में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा मुंगेर जिला के प्रभारी राजीव कुमार गुप्ता उपस्थित रहे। मौके पर राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि पेपर लीक, बढ़ती बेरोजगारी, बढ़ती महंगाई के खिलाफ यह जन आंदोलन छात्रों, प्रतियोगिता परीक्षाओं ,युवा संगठनों एवं युवाओं के भविष्य के साथ अन्याय के विरुद्ध राहुल गांधी पूरे देश में आवाज बुलंद कर रहे हैं।जन्मदिवस समारोह में जमालपुर प्रखंड ग्रामीण अध्यक्ष कपिल देव शर्मा, नगर उपाध्यक्ष सिद्धेश्वर नाथ विश्वकर्मा, कमलेश्वरी मंडल, कार्यालय सचिव अरविंद कुमार, अजब लाल मांझी, भूपेंद्र नाथ सिंह, ष्ण मुरारी, मनोज कुमार, दिनेश यादव, शिव शंकर गुप्ता, बरती देवी, लाल बाबू प्रसाद, मनीष कुमार, ष्ण प्रकाश, राजकुमार रजक रवि कुमार राहुल कुमार आदि उपस्थित थे।



राहुल गांधी का जन्म दिवस मनाते कार्यकर्ता।

### अर्द्धनारीश्वर प्रतिमा बनी श्रद्धा का केंद्र

**चंडासी में 1008 कुंडीय महायज्ञ शुरू, 25 जून तक चलेगा धार्मिक अनुष्ठान**

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** पटना जिले के गौरीचक प्रखंड स्थित चंडासी गांव इन दिनों धार्मिक आस्था और आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। यहां स्थापित 143 फीट उंची अर्धनारीश्वर की भव्य प्रतिमा के दर्शन के लिए बिहार सहित विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। प्रतिमा की भव्यता और धार्मिक परिसर का दिव्य वातावरण लोगों को आकर्षित कर रहा है। करीब 11 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस धार्मिक परिसर में बुधवार से 1008 कुंडीय महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। यह महायज्ञ आगामी 25 जून तक चलेगा। महायज्ञ के आरंभ के साथ ही पूरा क्षेत्र वैदिक मंत्रोच्चार, शंखनाद और भक्ति संगीत से गुंजायमान हो उठा है। यज्ञ में देश के विभिन्न हिस्सों से आए संत-महात्मा, विद्वान आचार्य एवं श्रद्धालु भाग ले रहे हैं।आयोजन समिति के अनुसार महायज्ञ में प्रतिदिन सैकड़ों यजमान वैदिक विधि-विधान के साथ आहुतियां अर्पित कर रहे हैं। धार्मिक अनुष्ठान के साथ-साथ प्रवचन, भजन-कीर्तन और सांसतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए भोजन, पेयजल, आवास और सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की गई है।अर्धनारीश्वर की प्रतिमा श्रद्धालुओं के आकर्षण का मुख्य केंद्र बनी हुई है। भगवान शिव और माता पार्वती के संयुक्त स्वरूप को दर्शाती यह प्रतिमा भारतीय संसति और सनातन दर्शन के उस संदेश को अभिव्यक्त करती है, जिसमें स्त्री और पुरुष को सृष्टि के दो पूरक तत्व माना गया है। प्रतिमा के दर्शन के लिए प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं।महायज्ञ और धार्मिक आयोजन के कारण क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना हुआ है। स्थानीय ग्रामीण श्रद्धालुओं के स्वागत-सत्कार में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। वहीं, श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या से स्थानीय व्यापारियों और छोटे दुकानदारों को भी आर्थिक लाभ मिल रहा है।धार्मिक और सांसतिक ष्टि से महत्वपूर्ण यह आयोजन चंडासी गांव को नई पहचान दिला रहा है। स्थानीय लोगों का मानना है कि अर्धनारीश्वर की यह विशाल प्रतिमा और 1008 कुंडीय महायज्ञ आने वाले समय में चंडासी को बिहार के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों में शामिल करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।



143 फीट उंची अर्धनारीश्वर की भव्य प्रतिमा।

# सड़क जाम मामले में मुखिया समेत 14 नामजद

दैनिक नवसंदेश

**आरा/शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** बहुचर्चित बिलौटी एनकाउंटर के विरोध में आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा एनएच-922 को जाम करने के मामले में पुलिस द्वारा एक्शन लिया गया है। इस मामले में शाहपुर थाने के पुअनि सच्चिदानंद यादव के लिखित आवेदन के आधार पर शाहपुर थाने में मुखिया समेत 14 लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। वहीं 50-60 अन्य अज्ञात को भी आरोपित बनाया गया है।

दर्ज प्राथमिकी के अनुसार 18 जून की सुबह भरत तिवारी का शव पोस्टमार्टम के बाद गांव पहुंचने पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं परिजन बिलौटी मोड़ के समीप एनएच-922 पर जमा हो गए और फोरलेन को जाम कर आवागमन बाधित कर दिया। पुलिस का आरोप है कि समझाने-बुझाने के बावजूद लोगों ने सड़क पर टायर रखकर जाम लगाया, जिससे करीब पांच घंटे तक वाहनों का परिचालन प्रभावित रहा और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। प्राथमिकी में बिलौटी पंचायत के मुखिया


भरत भूषण तिवारी का फाइल फोटो।

बलिराम यादव, बिलौटी गांव के सरोज त्रिपाठी, राकेश यादव, अंजनी तिवारी, गिरधारी तिवारी, हरहर तिवारी, दीपक तिवारी, रवि गुप्ता, अखंडा तिवारी, राहुल तिवारी, गोलू पासवान, विजय सिंह, बिहिया थाना क्षेत्र के दोघरा गांव निवासी मदन यादव सहित कुल 14 लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। इसके अलावे 50-60 अज्ञात लोगों को भी आरोपित किया गया है। पुलिस ने आरोप लगाया है कि सड़क जाम के दौरान सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाई गई तथा यातायात व्यवस्था प्रभावित हुई। मामले में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं एवं सार्वजनिक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

**बिलौटी गांव में पिस्तौल तानने वाले भरत भूषण तिवारी को पुलिस द्वारा एनकाउंटर में मार गिराए जाने का मामला**

**इस मामले में पुलिस ने 50-60 अज्ञात को भी बनाया है आरोपित**

## पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया का किया पालन : मंत्री

**जगदीशपुर (दैनिक नवसंदेश)।** यहां एक कार्यक्रम में शामिल होने आए मंत्री भगवान सिंह कुशवाहा ने मीडिया बेलौटी एनकाउंटर के बारे में पूछे जाने पर कहा कि पुलिस ने कानून के अनुसार अपना कार्य किया है और जो भी सवाल उठा रहे हैं, वे गलत हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस ने उचित कानूनी प्रक्रिया का पालन किया है और एनकाउंटर में जो भी सच्चाई थी, वह सामने है।

## संतोष सिंह बने शाहपुर के नए थानाध्यक्ष

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** शाहपुर थाना के नवपदस्थापित थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने शुक्रवार को अपना पदभार ग्रहण किया।



पदभार संभालने के बाद उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। इसके लिए क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों, जनप्रतिनिधियों तथा सामाजिक संगठनों के सहयोग से प्रभावी पुलिसिंग की जाएगी। थानाध्यक्ष ने कहा कि विभागीय मैनुअल एवं निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। आम जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनका त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी सूरत में अपराधी एवं असामाजिक तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा। अपराध नियंत्रण, विधि-व्यवस्था संधारण तथा जनविश्वास को मजबूत बनाने के लिए पुलिस पूरी तत्परता के साथ कार्य करेगी। उन्होंने लोगों से भी कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की।

# फर्जी एनकाउंटर की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर हो कार्रवाई : सांसद



**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** पुलिस मुठभेड़ में मारे गए बिलौटी गांव निवासी भरत भूषण तिवारी के परिजनों से मिलने शुक्रवार को सांसद सुदामा प्रसाद पहुंचे। उन्होंने घटना पर गहरा दुख जताया और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। सांसद ने कहा कि यह कथित एनकाउंटर प्रथम दृष्टया पूरी तरह फर्जी प्रतीत होता है। केवल थानाध्यक्ष और पुलिसकर्मियों के निलंबन से सरकार अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकती। पुलिस अधिकारियों पर की गई कार्रवाई से स्पष्ट होता है कि मुठभेड़ में गंभीर अनियमितताएं हुई हैं और इसकी सच्चाई सामने आनी चाहिए। सांसद ने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए वे हर स्तर पर आवाज उठाएंगे। उन्होंने मांग की कि मामले की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा जिम्मेदार सभी अधिकारियों और कर्मियों की भूमिका की जांच कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। इस दौरान हरेंद्र प्रसाद, कांग्रेस नेता राकेश त्रिपाठी, राजद प्रखंड अध्यक्ष शिवप्रसन्न यादव, मुखिया बलिराम यादव आदि जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



## कांड की सच्चाई सामने लाए सरकार : मनोज

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** जन सुराज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती ने बिलौटी गांव पहुंचकर कथित पुलिस मुठभेड़ में मृत भरत भूषण तिवारी के परिजनों से मुलाकात की तथा उन्हें सांत्वना दी। इस दौरान उन्होंने घटना की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। मनोज भारती ने कहा कि सरकार को पूरे मामले की स्वतंत्र एवं पारदर्शी जांच करानी चाहिए। क्योंकि भरत तिवारी मानसिक रूप से परेशान नहीं थे, अधिकारियों की कार्यशैली से नाराज थे। उन्हें प्रताड़ित कर पुलिस ने हत्या कर दी। उन्होंने आरोप लगाया कि मामला गंभीर है और इसकी सच्चाई सामने आनी चाहिए। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए ताकि स्पष्ट हो सके कि मृतक को कितनी गोलियां लगीं और शरीर के किन हिस्सों में चोटें आईं। मौके पर पार्टी के वरिष्ठ नेता किशोर कुमार, नेत्री अनुरानी झा, डॉ. पद्मा ओझा, ददन यादव सहित अन्य कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### शहीद की पत्नी को 21 लाख का अनुग्रह राशि



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** शहीद हरे राम कुँवर की पत्नी को 21 लाख रुपये की अनुग्रह अनुदान राशि जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया द्वारा प्रदान की गई। यह राशि उनकी पत्नी को आर्थिक संबल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दी गई। जिलाधिकारी ने कहा कि राष्ट्र की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों और उनके परिजनों का सम्मान एवं कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

### इलेक्ट्रॉनिक शोरूम में लगी आग, लाखों की संपत्ति बर्बाद

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** टाउन थाना क्षेत्र के शिवगंज सपना सिनेमा स्थित मेघदूत इलेक्ट्रनिक शोरूम में गुरुवार की रात अचानक आग लग गई। आग लगने के कारण दुकान के फर्स्ट लोर पर रखे कूलर, फ्रिज एवं एसी सहित लाखों की संपत्ति जलकर बर्बाद हो गई।

### छात्रा को बाइक ने मारी टक्कर

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** बिहिया-बिहटा स्टेट हाईवे पर जिले के सिकरहटा थाना क्षेत्र के मोपती बाजार के समीप बाइक सवार ने ट्यूशन पढ़कर वापस लौट रही छात्रा को टक्कर मार दी छात्रा सिकरहटा थाना क्षेत्र के सिकरहटा कला गांव निवासी मुन्ना चौधरी की 16 वर्षीया पुत्र सुरुचि कुमारी है।

### नहाने के दौरान गंगा नदी में डूबने से महिला की मौत

**आरा/बड़हरा (दैनिक नवसंदेश)।** सिन्हा थाना क्षेत्र के महुली घाट स्थित गंगा नदी में नहाने के दौरान डूबने से एक महिला की मौत हो गई। मृतका ष्णगढ़ थाना क्षेत्र के बभनगावां गांव निवासी स्व. राधेश्याम लाल की 53 वर्षीया पत्नी मुन्नी कुंअर उर्फ मुन्नी देवी है।

### उदवंतनगर में विद्युत व्यवस्था को लेकर बैठक आज

**उदवंतनगर (दैनिक नवसंदेश)।** उदवंतनगर के ग्रामीण जनता कल बिद्युत समस्या को ले बैठक करेंगे। समाजसेवी मुरारी सिंह ने बताया कि उदवंतनगर काली मंदिर के प्रांगण में संध्या 4 बजे बैठक आयोतित है। बैठक में बिजली की लचर व्यवस्था पर चर्चा होगी। अगर विभाग सुधार नहीं किया तो आंदोलन के लिए भी निर्णय लिया जाएगा। मौके पर अमित, बिट्टू कुशवाहा, संजीव, भोला सिंह एवं पशुराम जी आदि थे।

### 14 अपीलीय मामलों की सुनवाई

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया ने बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, 2015 के अंतर्गत द्वितीय अपील में कुल 14 अपीलीय मामलों की सुनवाई की। इनमें मुख्यतः राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, उर्जा विभाग एवं समाज कल्याण विभाग से संबंधित मामले शामिल थे। जिनमें से कुल 05 मामले को निष्पादित किया गया। सुनवाई के दौरान संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को निर्देश दिए गए कि लंबित मामलों का शीघ्र, गुणवत्तापूर्ण एवं निर्धारित समय-सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।

### जनता दरबार में 56 आवेदकों की सुनवाई

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिला पदाधिकारी ने ईज अफ लिविंग के तहत जनता दरबार में 56 आवेदकों की समस्याएं सुनी गईं। श्री सुल्तानिया द्वारा ईज अफ लिविंग के तहत जिला जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में कुल 56 लोगों की समस्याओं को जिला पदाधिकारी द्वारा गंभीरता से सुना गया।

### चांदी चौक से बरामद हुई एक सप्ताह से लापता युवती

**कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)।** चांदी थाना पुलिस ने एक सप्ताह से लापता युवती को बरामद कर मामले का सफल उद्भेदन किया है। चांदी थानाध्यक्ष राकेश कुमार रौशन ने बताया कि 13 जून को संदेश थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने चांदी थाना में आवेदन देकर आरोप लगाया था कि चांदी थाना क्षेत्र के एक गांव में उसका नैहर है। मेरी बेटी अपने ननिहाल में आई हुई थी। उसी गांव का रहने वाला युवक उनकी पुत्री को शादी की नीयत से बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पुलिस ने चांदी चौक से युवती को बरामद कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि युवती बालिग है। न्यायालय के निर्देशानुसार उसे उसके ससुराल पक्ष को सौंप दिया गया।

### टप्पू तिवारी बने शाहपुर प्रखंड कांग्रेस के अध्यक्ष

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीधर तिवारी ने बरिसवन गांव निवासी टप्पू तिवारी को शाहपुर प्रखंड कांग्रेस का अध्यक्ष मनोनीत किया है। नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्ष श्री तिवारी ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है। बधाई देने वालो में कांग्रेस नेता रघुराज ओझा, राकेश त्रिपाठी, बलिराम सिंह सहित कई लोगो शामिल है।

### राघवेन्द्र धारी सिंह उर्फ ददन बने अध्यक्ष

**चरपोखरी (दैनिक नवसंदेश)।** किनोडीहरी गॉव निवासी राघवेन्द्र धारी सिंह उर्फ ददन जी को अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा गया है। जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष डॉ श्रीधर तिवारी द्वारा ददनजी को प्रखण्ड अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### पेशकार अजय शंकर राज्य निशानेबाजी प्रतियोगिता में चयनित

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** भोजपुर व्यवहार न्यायालय, आरा के न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी दीवानंद झा के न्यायालय में पेशकार के पद पर कार्यरत अजय शंकर, पुत्र श्री सुधेश्वर भट्ट, निवासी बालबाँध का चयन 36वीं बिहार राज्य निशानेबाजी प्रतियोगिता हेतु हुआ है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश पुरुषोत्तम मिश्रा ने श्री शंकर को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी है।



# सशक्त समाज के लिए स्वावलंबी महिलाएं जरूरी



**नई आशा के शिविर में 136 लोगों की हुई स्वास्थ्य जांच**

**कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड के गीधा पूर्वी महादलित टोले में शुक्रवार को नई आशा के तत्वावधान में स्वास्थ्य जांच सह दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी बीर बहादुर पाठक ने किया। पाठक ने कहा कि नई आशा समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों के उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने संस्था के संस्थापक डॉ. भीम सिंह भवेश के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनका कार्य ही उनकी पहचान है। डॉ. भवेश ने शिविर में शामिल चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों एवं नई आशा के तहत विभिन्न विश्वविद्यालयों से इंटर्नशिप कर रहे छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि अगले माह यहां लगने वाले सहयोग शिविर में शत-प्रतिशत योग्य लोगों का जन्म प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड बन जाएगा। डॉ. आजम खान की टीम ने शिविर में 136 लोगों के शुगर, ब्लड प्रेशर एवं हीमोग्लोबिन सहित अन्य रोगों की जांच कर दवाइयां दी। इस दौरान शांभवी सिंह के सहयोग से बच्चों के बीच स्कूली बैग वितरित हुआ। करीब आठ विश्वविद्यालयों से आये इंटर्नशिप के छात्र-छात्राओं में सौम्या राज, अंशु कुमार गुप्ता, अभिनव कुमार, अमन, कार्तिक, नीरज, विजय, दीप शंकर, मोहित, आयुष, निशा, विशाल, सचिन, शिवानी, शीतल मौर्य, आयुष सहित विकास मित्र धरमु राम, लवली कुमारी एवं अमन बिहारी आदि मौजूद थे। धन्यवाद ज्ञापन कुंदन कुमार सिंह ने किया।

# गरीब वृद्धा का डॉ. प्रतीक ने किया सफल ऑपरेशन



**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** सदर अस्पताल आरा में अत्यंत गरीब, असहाय एवं वृद्ध महिला के जबड़े का जटिल ऑपरेशन कर डेंटल रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रतीक ने जीवन दान दिया। विगत दिनों उक्त वृद्ध महिला वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। दुर्घटना में उनके जबड़े (मैंडिबल) में गंभीर फ्रैक्चर हो गया था तथा पैर में भी चोटें आई थीं। उन्हें सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। आर्थिक रूप से अत्यंत कमजोर होने के कारण उनके समुचित इलाज की संभावना क्षीण थी। डीपीएस इंटरनेशनल स्कूल, आरा के निदेशक अंकुर आनंद वर्मा एवं अन्य समाजसेवियों ने मामले में रुचि दिखाई। सिविल सर्जन एवं अस्पताल अधीक्षक डॉ. अरुण कुमार के मार्गदर्शन में डॉ. प्रतीक एवं उनकी टीम ने सदर अस्पताल में जटिल मैंडिबुलर फ्रैक्चर र का सफल ऑपरेशन किया।

# पर्यटन हब बनेगा जगदीशपुर, स्थानीय लोगों को मिलेगा रोजगार : कुशवाह

**जगदीशपुर (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार सरकार के योजना एवं विकास मंत्री भगवान सिंह कुशवाहा ने शुक्रवार को जगदीशपुर के नयका टोला में मौर्य एंटरप्राइजेज आशीर्वाद कंपनी' के नए प्रतिष्ठान का उद्घाटन किया। अब यहां के निवासियों को शुद्ध और ताजा दूध एवं पैकेट बंद पेयजल के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा।

मंत्री कुशवाहा ने कहा कि आशीर्वाद कंपनी का यह केंद्र क्षेत्र के लोगों के लिए नई सुविधाओं और अवसरों का द्वार खोलेगा। उन्होंने जनता को आश्वस्त करते हुए कहा कि आने वाले समय में जगदीशपुर में और भी कई महत्वपूर्ण विकास कार्य किए जाएंगे। उन्होंने क्षेत्र के पर्यटन विकास की संभावनाओं पर जोर देते हुए बताया कि पर्यटन स्थल बनने के बाद यहाँ और भी नए होटल और सुविधाएं विकसित होंगी, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मुकेश कुमार गुड्डू वो जदयू प्रखंड अध्यक्ष सह विस सूत्री अध्यक्ष अनूप पटेल ने कहा कि अब जगदीशपुर में शुद्ध दूध और पानी की घर बैठे सुविधा मिलेगी। ग्राहकों को शुद्ध और स्वास्थ्य वर्धक उत्पादों की आपूर्ति की जाएगी। मौके पर पप्पू कुशवाहा, मुकेश कुशवाहा, मुकेश सिंह, अजीत सोनी, संजय यादव आदि थे।

# नीट पुनर्परीक्षा को लेकर पदाधिकारियों की बैठक

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** एनटीए द्वारा आयोजित नीट (यूजी) पुनर्परीक्षा-2026 को स्वच्छ, निष्पक्ष एवं कदाचार-मुक्त वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से आज जिला पदाधिकारी-सह-जिला दंडाधिकारी तनय सुल्तानिया एवं पुलिस अधीक्षक श्री राज द्वारा प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ संयुक्त ब्रीफिंग आयोजित की गई। उल्लेखनीय है कि उक्त परीक्षा 21 जून को आयोजित की जाएगी, जो भोजपुर जिला मुख्यालय स्थित 07 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न होगी। ब्रीफिंग के दौरान सभी दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे निर्धारित समय पर अपने-अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर उपस्थित होकर वरीय पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में सौंपे गए दायित्वों का पूर्ण निष्ठा एवं कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करें। परीक्षा केंद्रों पर प्रतिनियुक्त स्टैटिक दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि परीक्षार्थियों का प्रवेश निर्धारित मानकों के अनुरूप गहन जांच के उपरांत ही कराया जाए। परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए यह निर्देश दिया गया कि किसी भी परीक्षार्थी को प्रतिबंधित सामग्री के साथ परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। प्रतिबंधित सामग्रियों में



पाठ्य सामग्री (मुद्रित अथवा लिखित), कागज के टुकड़े, ज्योमेट्री बक्स, पेन/पेंसिल बक्स, प्लास्टिक पाउच, कैलकुलेटर, स्केल, राइटिंग पैड, पेन ड्राइव, इरेजर, लग टेबल, इलेक्ट्रनिक पेन, स्कैनर आदि शामिल हैं। इसके अतिरिक्त मोबाइल फोन, ब्लूटूथ डिवाइस, इयरफोन, टैबलेट, माइक्रोफोन, पेजर, हेल्थ बैंड, वलेट, पर्स, रंगीन चश्मा, हैंडबैग, बेल्ट, टोपी, किसी प्रकार की घड़ी (कलाई घड़ी अथवा स्मार्ट वच), ब्रेसलेट, कैमरा, आभूषण, धातु निर्मित वस्तुएँ, माइक्रोचिप अथवा अन्य किसी भी प्रकार के संचार उपकरण को परीक्षा केंद्र के भीतर ले जाने की अनुमति नहीं होगी। महिला परीक्षार्थियों की जांच केवल महिला पुलिसकर्मी, महिला वीक्षक अथवा महिला केंद्राधीक्षक ही करेंगी।

# सशक्त स्थायी समिति की पहली बैठक में विकास योजनाओं पर बनी सहमति

**कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)।** नगर पंचायत कोईलवर में नवगठित सशक्त स्थायी समिति की पहली बैठक शुक्रवार को मुख्य पार्षद सरताज आलम की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में नगर विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। कई प्रस्तावों पर सदस्यों के बीच सहमति बनी, जबकि कुछ विषयों पर मतभेद भी देखने को मिले। बैठक में उपमुख्य पार्षद मनोरमा देवी के अलावा सशक्त स्थायी समिति के नवनिर्वाचित सदस्य अरविंद कुमार सिंह, शिवकुमार सिंह एवं वीरेंद्र प्रसाद राम उपस्थित रहे। सदस्यों ने नगर पंचायत बोर्ड की बैठकों में स्वीत विकास योजनाओं के लिए शीघ्र निविदा प्रक्रिया शुरू करने पर सहमति जताई। साथ ही सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य कराने पर जोर दिया गया। नगर क्षेत्र में बंदरों के बढ़ते आतंक को लेकर भी चर्चा हुई। शेष बचे बंदरों को पकड़ने का प्रस्ताव रखा गया, लेकिन समिति के सदस्यों ने इस पर सहमति नहीं दी, जिसके कारण प्रस्ताव लंबित रह गया। बैठक में नगर के विभिन्न वार्डों, बाजारों एवं सार्वजनिक स्थलों से प्रतिदिन निकलने वाले कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण के लिए डंपिंग स्थल चयन का मुद्दा भी उठा। सदस्यों ने जल्द उपयुक्त स्थान चिन्हित कर कचरा प्रबंधन व्यवस्था को सुढ़ बनाने की आवश्यकता बताई। आगामी बरसात एवं त्योहारों के मौसम को देखते हुए जर्जर सड़कों पर राबिस एवं ईंट के टुकड़े भरकर मरम्मत कराने का प्रस्ताव भी रखा गया। हालांकि समिति के सदस्यों ने इसे स्थायी समाधान नहीं बताते हुए धन की अनावश्यक बर्बादी करार दिया और प्रस्ताव का विरोध किया। इस मुद्दे पर काफी देर तक चर्चा और बहस चली, लेकिन अंतिम निर्णय नहीं लिया जा सका। बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी, नगर प्रबंधक, सहायक स्वच्छता पदाधिकारी सहित नगर पंचायत के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला मूल्यांकन समिति की बैठक संपन्न

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिलाधिकारी सह अध्यक्ष, जिला मूल्यांकन समिति, तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला मूल्यांकन समिति की बैठक आयोजित की गई।बैठक में बिहार स्टाम्प (लिखित का न्यून मूल्यांकन निवारण) संशोधन नियमावली, 2026 के आलोक में न्यूनतम मूल्य की मार्गदर्शिका पंजी (एमवीआर) की दरों में वृद्धि पर विचार किया गया। समिति द्वारा भोजपुर जिले में वर्तमान एमवीआर दरों में शहरी एवं पेरिफेरल क्षेत्रों के लिए 20 गुना तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 16 गुना वृद्धि किए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में संशोधित नियमावली के अनुरूप भूमि वर्गीकरण के नए प्रावधानों पर भी चर्चा की गई तथा जिला अवर निबंधक को आवश्यक प्रस्ताव तैयार कर आगामी बैठक में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। साथ ही, शहरी क्षेत्रों में सड़कों के विकास, नगर निकायों के विस्तार एवं नए नगर पंचायतों के गठन के कारण सड़कों एवं भूमि के पुनर्वर्गीकरण की आवश्यकता पर बल दिया गया। नगर निगम, नगर परिषद एवं नगर पंचायतों के पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सड़कों का पुनः वर्गीकरण कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में पेरिफेरल क्षेत्र के पुनः चीकरण पर भी विचार-विमर्श किया गया।

# नरेन्द्र मोदी ने बनाया रिकॉर्ड : गिरिराज

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** बामपाली स्थित भाजपा कार्यालय में केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि आज देश के सबसे अधिक दिनों तक प्रधानमंत्री रहने का रिकॉर्ड अपने नाम करते हुए उन्होंने 12 वर्ष पूरे किए। चाहे मंदिर का मामला हो या जम्मू कश्मीर से धारा 370ए को समाप्त करना हो, तीन तलाक का मुद्दा हो सभी को अपने कार्यकुशलता से पूरे किए। उन्होंने सबका साथ सबका विकास नारे के किसान, युवा, महिला और गरीबों के कल्याण के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं को पूरा किया। आज भारत समृद्ध की ओर अग्रसर है।

मंत्री संजय सिंह टाईगर ने मौके पर कहा कि आने वाले समय में निश्चित ही भारत एक विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित होगा, जिसमें देश का मान सम्मान बढेगा अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दुर्गा राज,



**आने वाले समय में भारत होगा विकसित राष्ट्र : टाईगर**

संचालन ईं धीरेन्द्र सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन नरेन्द्र तिवारी ने किया। सम्मेलन को अगिआंव विधायक महेश पासवान सहित कई अन्य प्रमुख लोग सम्बोधित किया सम्मेलन में पहुंचे प्रदेश उपाध्यक्ष श्री संतोष पाठक जी भोजपुर जिले में प्रथम आगमन पर उनका हार्दिक अभिनंदन किया गया माननीय मंत्री श्री गिरिराज सिंह का जिला कार्यालय में अंगवस्त्र और फुल माला और आरण्य देवी माता चित्र से सम्मानित किया गया। उसके पूर्व जिला परिषदन में भी भारतीय जनता पार्टी एवं एनडीए के कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया पार्टी कार्यालय बामपाली में मंत्री संजय टाईगर के नेतृत्व में काफी लोग पहुंचे। जिसमें जिले के कई गणमान्य प्रबुद्ध वर्ग, जनप्रतिनिधि भी सम्मिलित थे। उन्होंने पार्टी कार्यालय में एक आम का पेड़ मां के नाम पर लगाया।

# बुजुर्ग हत्याकांड में 14 नामजद व अन्य अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के खैरी तिवारीडीह गांव में बुधवार की शाम खिड़की निकालने के विवाद में बुजुर्ग की पीट-पीटकर हत्या के मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। इस संबंध में मृतक के बेटे आजाद पासवान के बयान पर उसी गांव के राजू पासवान समेत 14 लोग नामजद एवं अन्य अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। प्राथमिकी में आजाद पासवान ने कहा कि गांव का ही राजू पासवान जबरन खिड़की निकाल रहा था। विरोध करने पर बुधवार की सुबह उसके पिता से झगड़ा हुआ था। इसके बाद राजू पासवान ने अपनी बहनों एवं अन्य रिश्तेदारों को फोन कर बुलाया। बुधवार की शाम उन सभी ने लाठी-डंडों से पीट-पीटकर पिता की हत्या कर दी। थानाध्यक्ष शैलेश कुमार ने बताया कि राजू पासवान, तरारी थाना के सेदहां निवासी उनकी पुत्री प्रतिभा देवी, दामाद मनोज पासवान एवं बक्सर जिले के नवानगर थाना क्षेत्र के उसरे गांव निवासी वासुदेव पासवान के पुत्र व उनके रिश्तेदार बजरंगी पासवान को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### मानिकपुर पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार, न्यायिक प्रक्रिया में जुटी

**कुर्था(एनएसबी)** मानिकपुर थाना क्षेत्र में फरार वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को एक और सफलता मिली है। मानिकपुर थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के कोनी गांव निवासी वारंटी सुनील कुमार पिता-सुरेंद्र यादव को विधिवत गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार गिरफ्तार वारंटी के विरुद्ध न्यायालय से वारंट निर्गत था, जिसके आलोक में कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। मानिकपुर थाना पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में अपराध नियंत्रण एवं न्यायालय से निर्गत वारंटों के निष्पादन को लेकर अभियान लगातार जारी रहेगा तथा फरार आरोपितों एवं वारंटियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### मोदी सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुशासन और जनकल्याण के स्वर्णिम अध्याय : हरी भूषण ठाकुर बचौल

**जहानाबाद (एनएसबी)।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय, जहानाबाद में गुरुवार को "12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के : विकसित भारत संकल्प सम्मेलन" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष धीरज कुमार ने की, जबकि मंच संचालन जिला महामंत्री



अनिल ठाकुर ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष, मगध क्षेत्रीय प्रभारी एवं पूर्व विधायक हरी भूषण ठाकुर बचौल ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन, पारदर्शिता और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में देश की जनता ने मोदी जी पर विश्वास जताया, वर्ष 2019 में और अधिक बहुमत देकर उस विश्वास पर मुहर लगाई तथा वर्ष 2024 में लगातार तीसरी बार उन्हें प्रधानमंत्री चुनकर यह स्पष्ट कर दिया कि देश अब केवल वादों पर नहीं, बल्कि कार्यों और परिणामों पर विश्वास करता है उन्होंने कहा कि तकनीक और डिजिटल गवर्नेंस के माध्यम से प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डBT) व्यवस्था को मजबूत किया गया, जिससे सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों तक पहुंचा। इससे लाखों फर्जी लाभार्थियों को हटाया गया तथा लगभग 4.31 लाख करोड़ रुपये की राशि गलत हाथों में जाने से बचाई जा सकी। सम्मेलन में पूर्व जिला अध्यक्ष पूनम सिन्हा, जिला उपाध्यक्ष सर्वेश वर्मा, जिला महामंत्री अमरेंद्र कुमार, शुभम राज मिट्ठू, कार्यक्रम संयोजक मनोज पासवान, किसान मोर्चा अध्यक्ष विनोद कुमार, महिला मोर्चा अध्यक्ष पूनम कुमारी, युवा मोर्चा अध्यक्ष गौरव कुमार, जिला उपाध्यक्ष मुन्नी चंद्रवंशी, अन्नपूर्णा भास्कर, कृष्ण गुप्ता, जिला मंत्री गणेश चौधरी, इंद्रदेव चौहान, रवि शेखर कुमार, सुनीता कुमारी सहित सभी जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने ईवीएम वेयरहाउस एवं स्ट्रॉन्ग रूम का किया निरीक्षण

**जहानाबाद (एनएसबी)** । भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार के निदेशों के आलोक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-



जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय ने शुक्रवार को ईवीएम वेयरहाउस एवं स्ट्रॉन्ग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था एवं ईवीएम मशीनों के रख-रखाव संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने 217-घोसी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित निर्वाचन वाद के निष्पादन के उपरांत ईवीएम मशीनों (बैलेट यूनिट एवं कंट्रोल यूनिट) को स्ट्रॉन्ग रूम से वेयरहाउस में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) एवं सुरक्षा प्रोटोकॉल का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी ने स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, अभिलेख संधारण तथा ईवीएम मशीनों के सुरक्षित रख-रखाव की समीक्षा करते हुए कहा कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी, सुरक्षित एवं निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेशों के अनुरूप संपन्न होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति, वीडियोग्राफी की व्यवस्था तथा वेयरहाउस खोलने एवं बंद करने से संबंधित सभी औपचारिकताओं का भी अवलोकन किया गया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रक्रिया के प्रत्येक चरण का विधिवत अभिलेखीकरण एवं दस्तावेजीकरण सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी, अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, निर्वाचन शाखा के पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित थे।

**निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेशों के अनुरूप ईवीएम स्थानांतरण प्रक्रिया का लिया जायजा**

### जहानाबाद में आधुनिक सुविधाओं से लैस ह्यविक्रांता फ्लेक्स प्रिंटिंग प्रेसह्ल का शुभारंभ

**जहानाबाद (एनएसबी)।** शहर में प्रिंटिंग एवं विज्ञापन के क्षेत्र में आधुनिक तकनीक की नई शुरूआत करते हुए विक्रांता फ्लेक्स प्रिंटिंग प्रेस का भव्य शुभारंभ किया गया। प्रतिष्ठान का उद्घाटन जिला पार्षद सोनू राधे ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बदलते दौर में तकनीक आधारित प्रिंटिंग सेवाओं की मांग तेजी से बढ़ रही है और यह प्रतिष्ठान स्थानीय लोगों को उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उद्घाटन समारोह में उपस्थित लोगों ने कहा कि जहानाबाद में पहले से कई प्रिंटिंग प्रेस संचालित हैं, लेकिन विक्रांता फ्लेक्स प्रिंटिंग प्रेस में स्थापित अत्याधुनिक डिजिटल मशीनें और आधुनिक सॉफ्टवेयर आधारित तकनीक इसे विशेष बनाती हैं। यहां कम समय में बड़े फ्लेक्स, बैनर, पोस्टर, होर्डिंग, मैगजीन कवर एवं अन्य प्रचार सामग्री उच्च गुणवत्ता के साथ तैयार की जा सकेगी। प्रेस के संचालक राजू कुमार ने बताया कि यह मशीन नवीनतम तकनीक एवं एआई आधारित प्रणाली से लैस है, जिससे प्रिंटिंग कार्य अधिक तेज, आकर्षक और त्रुटिरहित होगा।

## कुएं से 18 फीट नीचे लगा मोटर चोरी, किसानों में आक्रोश

**जहानाबाद (एनएसबी)।** जिले में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं के बीच अब चोरों ने किसानों को भी निशाना बनाना शुरू कर दिया है। ताजा मामला परसबीघा थाना क्षेत्र के गोरापुर गांव का है, जहां सिंचाई के लिए कुएं में लगाया गया मोटर चोरी कर लिया गया। घटना से किसानों में भय और आक्रोश का माहौल है। जानकारी के अनुसार गोरापुर निवासी किसान मुकेश कुमार अपने खेतों की सिंचाई के लिए कुएं में लगाए गए 2 एचपी मोटर का उपयोग करते थे। गुरुवार सुबह जब वह खेत पहुंचे और मोटर चालू करने का प्रयास किया तो पानी नहीं निकला। जांच करने पर पाया कि कुएं का ताला टूटा हुआ है, सुरक्षा के लिए लगाई गई लोहे की जाली उखाड़ दी गई है तथा करीब 18 फीट गहराई में लगा मोटर चोरी कर लिया गया है। चोर मोटर से जुड़े तार और केबल भी काटकर ले गए। पीड़ित किसान ने बताया कि पिछले महीने भी उनका मोटर चोरी हुआ था, जिसकी शिकायत थाने में की गई थी। अब दूसरी बार चोरी होने से खेती पर संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने एक संदिग्ध व्यक्ति की जानकारी पुलिस को दी है तथा मामले की जांच डॉग स्क्वायड से कराने की मांग की है। थानाध्यक्ष आनंद कुमार ने बताया कि मामले में लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है और जल्द ही दोषियों तक पहुंचने का प्रयास किया जाएगा।

# कुर्था में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, दहेज प्रताड़ना का आरोप

**मृतक विवाहिता के पति ब ससुर को पुलिस ने लिया हिरासत में**

**कुर्था(एनएसबी)** स्थानीय थाना क्षेत्र के कुर्था बाजार में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला प्रकाश में आया है। मृतका की पहचान गुड्डू कुमार की पत्नी रोशनी कुमारी के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक विवाहिता के परिजनों का आरोप है कि दहेज को लेकर अक्सर प्रताड़ित करता था। जिसके बाद उसकी हत्या कर दी गई मृतका के पिता संजय प्रसाद ने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी की शादी 8 जून 2025 को कुर्था बाजार निवासी सतेंद्र यादव उर्फ चतुरी यादव के पुत्र गुड्डू कुमार से



मामले की जांच करती पुलिस।

हुई थी। उनका आरोप है कि शादी के बाद से ही रोशनी को दहेज के लिए लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। जिसमे चार लाख नकद और बाइक की मांग अक्सर किया जाता था परिजनों ने बताया कि लगातार ससुराल पक्ष द्वारा आर वन फाइव मोटरसाइकिल और चार लाख रुपये नकद की मांग की गई थी। परिवार का आरोप है कि यह आत्महत्या नहीं बल्कि हत्या का मामला है जिसे आत्महत्या दिखाने की कोशिश की जा रही है। हालांकि घटना की सूचना मिलते ही कुर्था थानाध्यक्ष चंदन कुमार झा मौके पर पहुंचकर मामले की तहकीकात किया और मृतका के ससुर व पति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है कुर्था थानाध्यक्ष चंदन कुमार झा ने बताया कि पुलिस को गुरुवार देर रात घटना की सूचना मिली थी। इसके बाद शुक्रवार सुबह परिजन मौके पर पहुंचे और रोशनी को मृत पाया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मृतका के पति गुड्डू कुमार और ससुर सतेंद्र यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी।

## राहुल गांधी का जन्मदिन कांग्रेस कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक मनाया



बच्चों के बीच पुस्तक वितरण करके कांग्रेस नेता।

**कुर्था (एनएसबी)।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन शुक्रवार को अरवल जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकताओं ने उनके स्वस्थ, दीघार्यु और यशस्वी जीवन की कामना की।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद कैफ ने की। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी संविधान, लोकतंत्र और आम नागरिकों की आवाज को संसद के भीतर और बाहर मजबूती से उठाने का काम कर रहे हैं। अन्याय के खिलाफ उनका संघर्ष तथा जनहित के मुद्दों पर उनकी प्रतिबद्धता देश के करोड़ों लोगों और कांग्रेस कार्यकताओं के लिए प्रेरणास्रोत है। जन्मदिन के अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद कैफ एवं अन्य नेताओं ने फलदार पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही दलित टोला में बच्चों के बीच कॉपी और कलम का वितरण कर सामाजिक सरोकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। कार्यकताओं ने राहुल गांधी के जनसेवा के संकल्प को आगे बढ़ाने का भी प्रण लिया। कार्यक्रम में बंशी प्रखंड अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह, पप्पू कुमार, रंजीत तिवारी, पीयूष कुमार, उदय कुमार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। उपस्थित नेताओं ने राहुल गांधी के नेतृत्व में देश के विकास और उत्थान की कामना करते हुए उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

## संभावित आपदाओं से निपटने के लिए संसाधनों का किया निरीक्षण



निरीक्षण करते तकनीकी टीम।

**अरवल (एनएसबी)** संभावित आपदाओं से निपटने हेतु आपदा प्रबंधन संसाधनों का निरीक्षण, एसडीआरएफ. तकनीकी टीम ने करपी एवं सोनभद्र वशी सूर्यपुर प्रखंड में की जांच जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस के निदेर्शानुसार संभावित बाढ़ एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए जिला प्रशासन द्वारा आपदा प्रबंधन संबंधी तैयारियों की लगातार समीक्षा की जा रही है। इसी क्रम में आज एसडीआरएफ. की तकनीकी टीम, बिहटा द्वारा अरवल जिला अंतर्गत करपी प्रखंड एवं सोनभद्र वंशी सूर्यपुर प्रखंड में उपलब्ध आपदा प्रबंधन संसाधनों का निरीक्षण एवं तकनीकी जांच की गई। निरीक्षण के दौरान आपदा की स्थिति में उपयोग किए जाने वाले पॉलीथिन शीट, लाइफ जैकेट, नाव, राहत एवं बचाव कार्यों में संलग्न गोताखोरों की उपलब्धता तथा उनकी कार्यक्षमता का परीक्षण किया गया। साथ ही उपलब्ध संसाधनों की गुणवत्ता, रखरखाव एवं आपातकालीन परिस्थितियों में उनके त्वरित उपयोग की तैयारियों का भी जायजा लिया गया।एसडीआरएफ, की टीम द्वारा संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक तकनीकी सुझाव एवं दिशा-निर्देश दिए गए, ताकि किसी भी संभावित आपदा की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्यों का संचालन त्वरित, प्रभावी एवं समन्वित रूप से किया जा सके। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया कि आमजनों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा संभावित आपदाओं के मद्देनजर सभी आवश्यक संसाधनों को सुदृढ़ एवं क्रियाशील बनाए रखने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। जिला प्रशासन किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए पूर्णतः सतर्क एवं तैयार है।

## बिजली विभाग की लापरवाही ने ली युवक की जान, पोल में उतरे करंट से मौत

**जहानाबाद (एनएसबी)।** मखदुमपुर बाजार में गुरुवार सुबह बिजली विभाग की कथित लापरवाही के कारण एक 18 वर्षीय युवक की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान मखदुमपुर बाजार निवासी चन्दन कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों एवं स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। जानकारी के अनुसार, चन्दन कुमार रोज की तरह सुबह अपनी लिट्टी दुकान खोलने के बाद शौच के लिए जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में स्थित एक बिजली पोल में प्रवाहित करंट की चपेट में आ गए। स्थानीय लोगों ने शोर मचाया, जिसके बाद पुलिस और ग्रामीण मौके पर पहुंचे तथा काफी प्रयास के बाद उन्हें पोल से अलग किया गया। हालांकि तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों का आरोप है कि उक्त पोल में करंट उतरने की शिकायत कई दिन पहले बिजली विभाग को दी गई थी। दो दिन पूर्व इसी स्थान पर करंट लगने से एक कुत्ते की भी मौत हो गई थी, लेकिन विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की। लोगों का कहना है कि समय रहते मरम्मत की गई होती तो यह हादसा टल सकता था।

## डीएम के जनता दरबार में दो दर्जन लोगों ने रखी अपनी समस्या



लोगों की समस्याएं सुनते डीएम।

**अरवल (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी अमृषा बैस द्वारा कार्यालय प्रकोष्ट में जनता से साक्षात्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनता से साक्षात्कार में लगभग 24 नागरिकों के द्वारा अपनी समस्याओं से जिला पदाधिकारी को अवगत कराया गया। समस्याएँ मुख्य रूप से भूमि विवाद, अतिक्रमण, कब्जा, मापी, आवास योजना, भ्रष्टाचार, मनरेगा, अपर समाहर्ता कार्यालय, भूमि सुधार उप समाहर्ता कार्यालय, उप विकास आयुक्त कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, श्रम संसाधन कार्यालय, अंचलाधिकारी कार्यालय, विद्युत विभाग एवं अन्य विभाग से संबंधित थे। जनता से साक्षात्कार में विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिया गया कि जनता की समस्याओं का समाधान त्वरित और पारदर्शी तरीके से करें। सोनभद्र वंशी सूर्यपुर प्रखण्ड स्थित ग्राम बखोरी बिगहा निवासी रेखा देवी द्वारा बताया गया कि मेरे नीजी जमीन पर कुछ दबंगों द्वारा कब्जा कर लिया गया है. कब्जा से मुक्त करवाने की कृपा प्रदान की जाए। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा अंचलाधिकारी सोनभद्र वंशी सूर्यपुर को नियमानुसार शीघ्र ही त्वरित कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया। करपी प्रखण्ड स्थित ग्राम पाठक चक निवासी मन्टू कुमार द्वारा बताया गया कि अईयारा पंचायत के रोजगार सेवक द्वारा जी राम जी मनरेगा योजना के तहत फर्जी हाजरी प्रतिदिन सैंकड़ो मजदूर को बनाया जा रहा है। उचित कार्रवाई करने की कृपा प्रदान की जाए। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा उप विकास आयुक्त अरवल एवं निदेशक, एनईपी अरवल को नियमानुसार कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया। करपी प्रखण्ड स्थित ग्राम गुलजार बाग निवासी मंजू देवी द्वारा बताया गया कि मेरा बेटा की मृत्यु लगभग ढाई वर्ष हो गया है, जो अबतक मुआबजा प्रदान नहीं की गई है। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा श्रम संसाधन अरवल को नियमानुसार कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया।

## जिला मूल्यांकन समिति की बैठक संपन्न



बैठक करते डीएम।

**अरवल (एनएसबी)** जिले में भूमि के न्यूनतम मूल्य दरों में वृद्धि का निर्णय समाहर्त्ता-सह-अध्यक्ष, जिला मूल्यांकन समिति,अमृषा बैंस की अध्यक्षता में जिला मूल्यांकन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बिहार स्टाम्प (लिखत का न्यून मूल्यांकन निवारण) (संशोधन) नियमावली, 2026 से संबंधित मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग की अधिसूचना संख्या-4059, दिनांक 18.06.2026 के आलोक में विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक में विभागीय अधिसूचना के अनुरूप अरवल जिले में वर्तमान में प्रभावी प्राक्कलित न्यूनतम मूल्य की मार्गदर्शक पंजी दरों में संशोधन करने का निर्णय लिया गया। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि तत्काल प्रभाव से शहरी एवं पेरिफेरल क्षेत्रों की भूमि के एमबीआर में 2.0 गुणा तथा ग्रामीण क्षेत्रों की भूमि में 1.6 गुणा वृद्धि की जाएगी। इस संबंध में आवश्यक अधिसूचना निर्गत करने का भी निर्णय लिया गया।

बैठक में बिहार स्टाम्प (लिखत का न्यून मूल्यांकन निवारण) नियमावली, 1995 में प्रस्तावित संशोधन के तहत भूमि वर्गीकरण को राज्यभर में एकरूप बनाने के प्रावधान पर भी चर्चा की गई। ग्रामीण एवं पेरिफेरल क्षेत्रों तथा शहरी एवं मेट्रोपोलिटन क्षेत्रों के लिए निर्धारित नई भूमि श्रेणियों का विस्तृत अध्ययन कर अगली बैठक में प्रस्ताव प्रस्तुत करने हेतु जिला अवर निबंधक को निर्देशित किया गया। साथ ही, पेरिफेरल क्षेत्रों के पुनः निर्धारण के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। बैठक में बताया गया कि नए नगर पंचायतों के गठन एवं नगर परिषद/नगर पंचायत क्षेत्रों के विस्तार के पश्चात पेरिफेरल क्षेत्रों का अद्यतन चिह्नीकरण नहीं किया गया है। इस पर समाहर्त्ता-सह-अध्यक्ष द्वारा सभी नगर परिषद एवं नगर पंचायतों के कार्यपालक पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे संबंधित अंचल अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर पेरिफेरल क्षेत्रों को मानचित्र पर चिह्नित करते हुए उनकी सूची एक सप्ताह के भीतर जिला अवर निबंधक को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। बैठक में जिला मूल्यांकन समिति के सदस्यों एवं संबंधित विभागीय पदाधिकारियों ने भाग लिया तथा विभिन्न बिंदुओं पर अपने सुझाव प्रस्तुत किए।

## करपी में भाकपा माले और खेग्रामस की संयुक्त बैठक सम्पन्न

**अरवल (एनएसबी)** । भाकपा माले व खेग्रामस की संयुक्त बैठक करपी पार्टी प्रखंड कार्यालय सम्पन्न हुई। बैठक में पार्टी के जिला सचिव, खेग्रामस के राज्य उपाध्यक्ष उपेन्द्र पासवान, प्रखंड सचिव मिथलेश यादव,जिला कमिटी सदस्य मधेश्वर प्रसाद, देवमंदिर सिंह सहित प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता उपस्थित हुए।



बैठक में भाग लेते भाकपा माले नेता।

**30 जून 2026 को करपी प्रखंड मुख्यालय पर खेग्रामस का विशाल प्रदर्शन होगा**

बैठक को संबोधित करते हुए जिला सचिव जितेंद्र यादव ने कहा कि भाजपा सरकार मनरेगा को समाप्त कर दिया और उसके जगह ग्रामजी कानून का झुनझुना थमा दिया। ग्राम जी कानून के तहत कही भी गरीबों को काम नहीं दिया गया है ।जिसके कारण गांवों में रोजी रोटी का बड़ा संकट है।ऊपर से राशन कार्ड में भारी कटौती की जा रही है। कई महीने से वृद्धों,विधवाओं और दिव्यांगों को पेंशन नहीं मिली है।इस सबके बीच भाजपा की सरकार ने दलित गरीबों पर बुलडोजर हमला शुरू कर दिया है हजारों घरों को ढाह दिया गया है और लाखों परिवारों को उजाड़ने की योजना के तहत यह सरकार काम कर रही है। जो लोग जहां दशकों से बसे हुए हैं उन्हें बासगीत पर्चा देने अथवा भूमिहीन के लिए पंचायत में आवासीय कॉलोनी बनाने के बदले सरकार गरीबों को उजाड़ कर तमाम जमीन अपने कब्जे में लेकर पूंजी पतियों को देना चाहती है। सरकार भूमि हड़पो अभियान चला रही है। 60 और 70 के दशक में दलित, गरीबों और किसानों के प्रचंड आंदोलन से वंचितो के भूमि अधिकार का जो एजेंडा सामने आया था, उसे भाजपा सरकार ने उलट दिया है। पुरानी सामंती ताकतों और दबंग भू- माफियाओं का संरक्षण मिला है और कॉपोर्रेट जमींदारी खड़ी की जा रही है। इसका असर चौथ रखा हुआ है और सामाजिक संस्थागत दमन की घटनाएं बढ़ी है। सरकार की नजर में दलित गरीब मजदूर और महिलाएं को कुछ अनाज और पैसे के जरिए ठगा जा रहा है। उनके समान जनक जिंदगी के अधिकार, वास - आवास का अधिकार, शिक्षा- रोजगार का अधिकार और जीने लायक मजदूरी अपने का अधिकार को दबाया जा रहा है।हमे गरीब मजदूरों को संगठित करने की जरूरत है।और सरकार के खिलाफ आंदोलन तेज करने की जरूरत है।